जबलपुर, रविवार
12 अप्रैल 2026
वर्ष 31 अंक 286
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**
'मुश्किलें तभी तक रहती हैं, जब तक हिम्मत कमजोर रहती है।'

2 बिना बिल बिक रही शराब, मौत हुई... | 5 आंगनवाड़ी में मासूमों की जिंदगी से... | 7 भारत ने देख लिया था भविष्य... | 11 किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़...

## 47 साल बाद ईरान-अमेरिका के बीच आमने-सामने बातचीत

### सीजफायर वार्ता का पहला राउंड 2 घंटे तक चला

इस्लामाबाद

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच जारी सीजफायर वार्ता का पहला राउंड 2 घंटे तक चला। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजराइली हमले रोकने की मांग की है। इस बैठक में एक्सपर्ट्स ने सुरक्षा, राजनीति, सेना, अर्थव्यवस्था और कानून से जुड़े मुद्दों पर बात की। अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जबकि ईरान की तरफ से संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने नेतृत्व किया। यह मीटिंग कल भी जारी रह सकती है। 47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद ये पहली बार था जब दोनों देश के नेताओं ने इतने बड़े स्तर पर आमने-सामने बातचीत की। इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंची, तो सिर्फ इजराइल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजराइल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी।






नई दिल्ली।

केरल, बंगाल, असम समेत 5 राज्यों में चुनावी घमासान को लेकर सियासी पारा चढ़ा हुआ है। ऐसे में शनिवार सुबह-सुबह भारतीय राजनीति की बेहद खास तस्वीर सामने आई, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अचानक ही आमने-सामने आ गए। इस दौरान राहुल गांधी ने हाथ जोड़कर प्रधानमंत्री का अभिवादन किया। पीएम मोदी ने भी हाथ जोड़कर उनके अभिवादन को स्वीकार किया। यही नहीं दोनों ही नेताओं के बीच फिर काफी देर तक बातचीत होती रही।

### वोट देना-चुनाव लड़ना मौलिक अधिकार नहीं : सुको

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को कहा कि मतदान करने और चुनाव लड़ने का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं, बल्कि वैधानिक अधिकार हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और आर महादेवन की बेंच ने कहा कि ये अधिकार केवल उतनी ही सीमा तक अस्तित्व में हैं, जितनी कानून में अनुमति दी गई है। पूर्व फैसलों का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वोटिंग का अधिकार व्यक्ति को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति देता है, जबकि चुनाव लड़ने का अधिकार एक अलग और अतिरिक्त अधिकार है, जिसे योग्यता, पात्रता शर्तों और अयोग्यताओं के अधीन रखा जा सकता है।

### ऑटो पर पलटा ट्रक, दूल्हा-दुल्हन समेत 4 की मौत

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी में मुर्गी दाने से भरा ट्रक सड़क किनारे खड़े ऑटो पर पलट गया। हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत चार लोगों की मौत हो गई। मामला सिरसौद थाना क्षेत्र के टोंगरा रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास का है। जानकारी के अनुसार, तेंदुआ थाना क्षेत्र के राजगढ़ गांव निवासी वीरेंद्र शाक्य की शादी शुक्रवार को शिवपुरी की संजय कॉलोनी निवासी राजेश्वरी शाक्य से हुई थी। शनिवार को शादी के बाद दूल्हा-दुल्हन, दूल्हे की मां अन्वेश शाक्य, भाभी राजो शाक्य, बहन भूरिया शाक्य और ड्राइवर के साथ ऑटो से राजगढ़ गांव के लिए रवाना हुए थे।

### वृंदावन नाव हादसे में 11 मौतें, अभी भी 4 लापता

**मथुरा।** मथुरा के वृंदावन और मांट के बीच शुक्रवार को हुए नाव हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर अब 11 हो गई है। इस हादसे में अभी भी चार लोग लापता हैं। हादसे के बाद से लापता लोगों की तलाश के लिए राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है। घटनास्थल से करीब 800 मीटर दूरी पर एक और शव बरामद किया गया, जिससे मृतकों की संख्या 11 हो गई।

# इकॉनोमी में कानून की भूमिका अहम: सीजेआई

### केवल पूंजी या पॉलिसी के दम पर 10 ट्रिलियन डॉलर इकॉनोमी नहीं बन सकता भारत

नई दिल्ली

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनॉमी बनाने के लिए सिर्फ पूंजी और पॉलिसी काफी नहीं होंगी। इसके लिए मजबूत और भरोसेमंद कानूनी व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी होगी। निवेशकों का भरोसा इसी पर टिका होता है। जस्टिस सूर्यकांत शनिवार को बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 'रूल ऑफ लॉ कन्वेंशन 2026' में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक लक्ष्य नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा बड़ा सवाल है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने भरोसा जताया कि देश इस चुनौती को पूरा करेगा, लेकिन इसके लिए कानून की गुणवत्ता, स्थिरता और पारदर्शिता जरूरी होगी, क्योंकि इसी पर आर्थिक वादों और निवेश का आधार टिका होता है। सीजेआई ने कहा कि अब भारत को ऐसे निवेश की जरूरत है जो जल्दी मुनाफा कमाने के लिए नहीं, बल्कि लंबे समय तक टिके रहने वाले हों और भरोसे पर आधारित हों। जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर में पेंशन फंड का पैसा लगाना, टेक कंपनियों का अपना ज्ञान साझा करना या बड़ी विदेशी कंपनियों का सप्लाई चेन बनाना- ये सब लंबे समय की जिम्मेदारियां होती हैं। उन्होंने कहा कि निवेशक सबसे पहले ये देखते हैं कि जिस देश में वे पैसा लगा रहे हैं, वहां का कानून आगे भी ईमानदार, स्थिर और भरोसेमंद रहेगा या नहीं। उनके मुताबिक असली बात सिर्फ कॉन्ट्रैक्ट निभाने की नहीं है, बल्कि पूरे रिश्ते में भरोसा बनाए रखने की है। उन्होंने ये भी बताया कि पिछले 20 साल में बिजनेस विवादों का नेचर बदल गया है। पहले झगड़े आम तौर पर पेमेंट या सामान की सप्लाई जैसे सीधे मुद्दों पर होते थे, लेकिन अब ये लंबे और जटिल कारोबारी रिश्तों से जुड़े होते हैं, क्योंकि अर्थव्यवस्था भी बड़ी और जटिल हो गई है। सीजेआई ने कहा कि अब कानून की जिम्मेदारी सिर्फ समझौते के वक्त तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि पूरे कारोबारी रिश्ते के दौरान भी न्याय बना रहना चाहिए।



#### कानून विवादों के लिए तीन अहम जरूरतें

1. कानून में स्थिरता ताकि अलग-अलग हालात में भी एक जैसे सिद्धांत लागू हों।

2. विवाद होने से पहले ही उन्हें रोकने की संस्कृति, जिसमें 'गुड फेथ' यानी ईमानदारी से अनुबंध निभाने की भावना हो। उन्होंने कहा कि अगर मध्यस्थता को बढ़ावा दिया जाए और विवादों को पहले ही सुलझाने की संस्कृति बने, तो इससे भारत की आर्थिक प्रतिस्पर्धा को बहुत फायदा होगा। इससे मुकदमे आखिरी विकल्प बनेंगे, न कि पहला कदम।

3. स्पेशलाइजेशन बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज के व्यापारिक विवाद इतने जटिल हो गए हैं कि सामान्य कानूनी प्रशिक्षण पर्याप्त नहीं है। इंफ्रास्ट्रक्चर, फाइनेंस और डिजिटल सेक्टर जैसे मामलों के लिए खास ज्ञान जरूरी है।

### तकनीक का उद्देश्य सिर्फ प्रक्रिया को आसान और तेज बनाना

सीजेआई ने यह भी कहा कि जजों के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण जरूरी है, ताकि वे आर्थिक व्यवस्था की बारीकियों को समझ सकें। इसके लिए डोमेन एक्सपर्ट्स के साथ बातचीत जैसे कदम उठाने की जरूरत है। तकनीक की भूमिका पर बात करते हुए सीजेआई ने कहा कि इसे कानूनी सिस्टम का हिस्सा माना जाना चाहिए, न कि सिर्फ एक अतिरिक्त सुविधा। डिजिटल केस मैनेजमेंट, एआई आधारित रिसर्च और इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रियाएं न्याय की गति और लागत को सीधे प्रभावित करती हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि तकनीक के बावजूद इंसानी निर्णय ही न्याय का केंद्र रहेगा। तकनीक का उद्देश्य सिर्फ प्रक्रिया को आसान और तेज बनाना है।



#### तेल कंपनियों को सरकार से झटका

## डीजल पर बढ़ी एक्सपोर्ट ड्यूटी जेट फ्यूल पर भी चार्ज बढ़ाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने शनिवार को डीजल पर निर्यात शुल्क को बढ़ाकर 55.5 रुपये प्रति लीटर और एविएशन टर्बाइन फ्यूल पर 42 रुपये प्रति लीटर कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर कहा कि यह नई दरें तुरंत प्रभाव से लागू होंगी। सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया है ताकि घरेलू बाजार में डीजल और एविएशन फ्यूल की उपलब्धता बढ़े। पश्चिम एशिया (मध्य पूर्व) में चल रहे युद्ध के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार प्रभावित हुआ है। निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू कीमतों के अंतर का फायदा उठाने से रोका जा सके, इसलिए यह फैसला लिया गया है। लेकिन इससे घरेलू किमतो पर कोई असर नहीं पड़ेगा। 26 मार्च को सरकार ने डीजल पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया था। इन शुल्कों का मकसद भी घरेलू आपूर्ति बढ़ाना और निर्यातकों के अनुचित लाभ को रोकना था। 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर सैन्य हमले किए थे, जिसके बाद तेहरान की ओर से तेज जवाबी कार्रवाई हुई। इस संघर्ष ने पूरे मध्य पूर्व को प्रभावित किया और वैश्विक ऊर्जा बाजार में अस्थिरता पैदा की। 8 अप्रैल को ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच दो हफ्ते का सीजफायर तय हुआ, जिससे युद्ध थोड़ा ठंडा पड़ा है। पेट्रोल पर निर्यात शुल्क अभी भी शून्य ही बना हुआ है। मध्य पूर्व संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में असामान्य वृद्धि हुई है। पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें अपरिवर्तित बनी हुई हैं, और खुदरा आउटलेट्स पर कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। सरकार ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें और राज्य सरकारों से अनुरोध किया है कि वे प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से सटीक जानकारी प्रसारित करें। घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी सामान्य बनी हुई है।

## चीता केजीपी-2 ने चार शावकों को दिया जन्म

### कूनो नेशनल पार्क के खुले जंगल में पहली सफल डिलीवरी

**श्योपुर।** मध्यप्रदेश के श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क से चीता संरक्षण परियोजना के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। करीब 25 माह की भारतीय मूल की मादा चीता केजीपी-2 ने जंगल में 4 शावकों को जन्म दिया है। अब देश में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 57 हो गई है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर इस सफलता पर खुशी जताई। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है, क्योंकि यह किसी भारतीय मूल की मादा चीता की पहली सफल प्रसूति मानी जा रही है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अब चीतों के बढ़ने और बसने का बड़ा केंद्र बन रहा है। गामिनी से जन्मी भारतीय मूल की 25 माह आयु की केजीपी-2 नाम की मादा चीता ने खुले जंगल में 4 शावकों को जन्म दिया है, जो इस बात का सबूत है कि यहां का वातावरण चीतों के लिए बिल्कुल सही है।



### कार पार्किंग में उतरा मंत्री का हेलिकॉप्टर

**पुणे।** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री और एनसीपी नेता छगन भुजबल शनिवार को बड़े हादसे से बच गए। पुणे के पुरंदर इलाके में उनका हेलिकॉप्टर हेलीपैड की बजाय कार पार्किंग में उतरा। हेलीपैड वहां से एक किलोमीटर दूर था। पुणे प्रशासन ने बताया कि हेलिकॉप्टर के लिए हेलीपैड तैयार किया गया था, लेकिन पायलट ने पार्किंग की खाली जगह को लैंडिंग साइट समझ लिया। उस समय जगह खाली थी, जिससे भ्रम की आशंका है। घटना उस समय हुई जब भुजबल पुणे में महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। हेलिकॉप्टर उन्होंने किराए पर लिया था। लैंडिंग का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पार्किंग में कई कारें कतार में खड़ी थीं। वहीं गाड़ियों के सामने पायलट ने हेलिकॉप्टर उतार दिया। इस दौरान धूल का बड़ा गुबार उठा। घटना में किसी के घायल होने या नुकसान की जानकारी नहीं मिली है।



## चंद्रमा का चक्कर लगाकर लौटे 4 एस्ट्रोनॉट

### सुबह 5.37 बजे प्रशांत महासागर में की लैंडिंग

**वॉशिंगटन।** नासा के आर्टेमिस-2 मिशन के चार अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की दहलीज को छूकर धरती पर वापस लौट आए हैं। आज 11 अप्रैल को सुबह 5.37 बजे उनका ओरियन कैप्सूल अमेरिका के सैन डिएगो के तट के पास प्रशांत महासागर में 'स्प्लैशडाउन' हुआ। ये मिशन 2 अप्रैल को लॉन्च हुआ था। 1972 के बाद यह पहली बार है, जब इंसान चंद्रमा के इतने करीब पहुंचा है। आर्टेमिस-2 के अंतरिक्ष यात्रियों ने 6 अप्रैल को पृथ्वी से सबसे ज्यादा दूरी तक यात्रा करके किसी भी इंसानी अंतरिक्ष मिशन का रिकॉर्ड तोड़ा था। उन्होंने चांद के अंधेरे हिस्से की फोटोग्राफी भी की थी। इस मिशन का मकसद स्पेसक्राफ्ट के 'लाइफ सपोर्ट सिस्टम' की जांच करना था। नासा देखना चाहता था कि अंतरिक्ष में इंसानों के रहने के लिए यह कितना सुरक्षित है। यान अभी चंद्रमा की सतह पर नहीं उतरा, लेकिन भविष्य में चंद्रमा पर इंसानों के बसने का रास्ता आसान बनाएगा।



#### 'वायरल गर्ल' केस में बड़ा एक्शन

## जन्म प्रमाण-पत्र निरस्त महेश्वर सीएमओ हटाए गए

खरगोन

प्रयागराज महाकुंभ से चर्चा में आई महेश्वर की 'वायरल गर्ल' मोनालिसा के जन्म प्रमाण-पत्र का मामला चर्चा में है। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की जांच में उसके नाबालिग होने के प्रमाण मिलने के बाद नगर परिषद द्वारा नायब तहसीलदार की अनुशंसा पर जारी उसके जन्म प्रमाण-पत्र को निरस्त कर दिया गया। वहीं, महेश्वर नगर परिषद सीएमओ प्रियंक पंड्या को भी हटा दिया गया है। उन्हें धार जिले की धामनोद नगर परिषद में पदस्थ किया गया है। उनका कहना है कि यह प्रमाण-पत्र लड़की के माता-पिता ने शपथ पत्र देकर बनवाया था, जानकारी असत्य पाए जाने के बाद उसे निरस्त कर दिया गया है। महेश्वर पुलिस ने 25 मार्च को ही मामले में अपहरण की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया था, लेकिन नाबालिग को दस्तयाब करने या आरोपित की गिरफ्तारी संबंधी प्रयास सामने नहीं आए। बताया जा रहा है कि वायरल गर्ल का पासपोर्ट भी इसी जन्म प्रमाण-पत्र के आधार पर बना है। उल्लेखनीय है कि महेश्वर की वायरल गर्ल और उत्तर प्रदेश के मोहम्मद फरमान की शादी 11 मार्च को केरल में हुई थी। जिसके बाद स्वजन सहित फिल्म डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने उसके नाबालिग होने की शिकायतें की थीं। सामाजिक कार्यकर्ता व एडवोकेट प्रथम दुबे ने 17 मार्च को आयोग में शिकायत की। आयोग की रिपोर्ट के बाद सबसे पहले मध्य प्रदेश और केरल के डीजीपी से तीन दिन में रिपोर्ट मांगी गई। जवाब नहीं मिलने पर 19 मार्च को जांच टीम गठित की गई।




# बिना सहमति कानून थोपना गलत: सिंघार

### सरकार स्पष्ट करे कि यूसीसी आदिवासियों पर लागू होगी या नहीं

भोपाल

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर कहा है कि यह कानून आदिवासी समाज की पहचान, परंपराओं और संवैधानिक अधिकारों के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। सरकार को साफ जवाब देना चाहिए कि क्या यूसीसी आदिवासियों पर लागू होगी? यदि नहीं, तो संरक्षण की गारंटी क्यों नहीं दी जा रही? यह अनिश्चितता जानबूझकर फैलाया गया भय है। उन्होंने सरकार से अपील की कि इस मुद्दे पर विधानसभा में विस्तार से चर्चा हो, सभी धर्मों, जनजातियों और अल्पसंख्यकों को साथ लेकर ही कोई नीति बने। सिंघार ने सरकार से स्पष्ट जवाब मांगते हुए कहा कि क्या आदिवासी समुदायों को यूसीसी के दायरे में लाया जाएगा या उन्हें इससे बाहर रखा जाएगा। साथ ही उन्होंने मांग की कि आदिवासी समाज को इस संहिता से बाहर रखा जाए और उनकी परंपराओं व अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं का देश है, जहां आदिवासी समाज अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और सामाजिक व्यवस्थाओं के साथ सदियों से जीवन यापन कर रहा है। ऐसे में एकरूप कानून थोपना न केवल उनकी परंपराओं का अनादर है, बल्कि यह उनके अधिकारों का भी उल्लंघन है। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 44 में यूसीसी को 'राज्य के नीति निदेशक तत्व' में रखा गया था, क्योंकि संविधान सभा यह समझती थी कि विविधताओं वाले देश में इस विषय पर व्यापक सहमति बनानी होगी। यह कोई तत्काल लागू होने वाला अनिवार्य अधिकार नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक सिद्धांत था लेकिन बीजेपी सरकार इसे जल्दबाजी, बिना संवाद और बिना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के थोपने का प्रयास रही है।



#### यह संविधान की भावना के खिलाफ

सिंघार ने कहा कि यूसीसी के नाम पर जो एकरूपता थोपी जा रही है, वह 'विविधता में एकता' के हमारे मूल मंत्र को तोड़ती है। आदिवासी समाज की अपनी सामाजिक व्यवस्था, विवाह, उत्तराधिकार और भूमि से जुड़े रीति-रिवाज सदियों पुराने हैं। 5वीं और छठी अनुसूची उन्हें सांस्कृतिक स्वायत्तता देती है। यदि यूसीसी बिना छूट के लागू हुई, तो यह संविधान की भावना के खिलाफ होगा।

#### सरकार तुष्टीकरण की राजनीति छोड़े

सिंघार ने कहा कि बिना सहमति और संवाद के लाया गया कानून समाज में बंटवारे का काम करेगा। यूसीसी की घोषणा ने एकता की बजाय अलगाव पैदा किया है। सरकार तुष्टीकरण की राजनीति छोड़े, आदिवासी समाज को यूसीसी के दायरे से बाहर रखा जाए और सभी समुदायों को विश्वास में लेते हुए कोई साझा मसौदा तैयार किया जाए। जल्दबाजी और अलोकतांत्रिक तरीका बीजेपी की असहिष्णु सोच को दर्शाता है।

# बिना बिल बिक रही शराब, मौत हुई तो कौन होगा जबाबदार?

## प्रिंट रेट से अधिक दाम व अवैध पैकारी पर रोक लगाने यूवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)

वैध के आड़ मे शराब ठेकेदार द्वारा जमकर जगह जगह अवैध तरीके से शराब की पैकारी करायी जा रही है। ब्यौहारी के वार्डो से लेकर आस पास के सुदूर ग्रामीण अंचलो तक शराब की अवैध पैकारी का ऐसा जाल बिछाया गया है कि मानो सरकार ने हर घर के सामने ठेका खोलने का लायसेंस दे दिया हो। शराब का नया ठेका होते ही शराब माफियाओ ने खुलेआम तांडव मंचाना शुरु कर दिया है। जन चर्चा है कि ठेकेदार लक्ष्मी जयसवाल इस पूरे सिंडिकेट को कथित तौर पर आपरेट कर रहा है।



### आबकारी के गठजोड़ से फल फूल रहा अवैध करोबार

इन दिनों यह चर्चा आम है कि शराब ठेकेदार लक्ष्मी जायसवाल और जिला आबकारी अधिकारी के बीच कथित रूप से तगड़ी सेटिंग हो चकी है। सूत्रों का कहना है की इसी जुगलबंदी के कारण जगह जगह अवैध पैकारी हो रही है। आरोप है कि आबकारी विभाग की कार्यवाही सिर्फ गरीब ग्रामीणें द्वारा बनाई जाने वाली दो-चार लीटर महुआ शराब पकड़ने तक सीमित रह गई है। विभाग अपनी पीठ थथ्थपाने के लिए कच्बी शराब की धरपकड़ करता है, लेकिन ठेकेदार के गुर्गो द्वारा की जा रही अवैध पैकारी पर विभाग पूरी तरह चुप्पी साध रखा है।

शराब दुकानों पर लूट का एक और घृणित खेल जारी है। यहां शराब खरीदने वालो को न तो कोई बिल दिया जाता है और न ही रसीद मफियाओं की यह सोची समझी सजिश है, अगर कल को मिलावटी या जहरीली शराब पीने से किसी की मौत होती है, तो यह कभी साबित ही नहीं हो पाएगा कि मौत का वह घूंट किस दुकान से बिका था। प्रशासन की आंखों पर बंधी पट्टी यह देखने में नाकाम है कि जनता को ओवररेट शराब थमाकर उनकी जेबें और सेहत दोने डकैती की तरह लूटी जा रही हैं।

**ब्लाक यूवा कांग्रेस करेगी धरना प्रदर्शन**- नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे हो रहे अवैध पैकारी व प्रिंट रेट से अधिक दाम पर बिक रही शराब को बंद कराने ब्लाक यूवा कांग्रेस ब्यौहारी द्वारा थाना प्रभारी ब्यौहारी को ज्ञापन देकर 10 दिन मे इस अवैध करोबार पर रोक लगाने की मांग की गयी है साथ ही रोक नहीं लगने पर धरना प्रदर्शन किये जाने की चेतावनी दी गयी है।

### इनका कहना है.

मेरे द्वारा सूचना मिलने पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। आपके द्वारा जानकरी दी गयी है जल्दी ही वंहा भी कार्यवाही की जायेगी।

**रजनीश त्रिपाठी**
**उप निरीक्षक एवं प्रभारी अबीकारी विभाग ब्यौहारी**



# मानसून से पहले सफाई अभियान प्रारंभ

शहडोल (स्वतंत्रमत)

धनपुरी नगर पालिका ने मानसून से पहले सफाई अभियान शुरू कर दिया है, जिसमें नालों और नालियों की सफाई का काम युद्धस्तर पर किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जलभराव की समस्या से निपटना और नागरिकों को स्वच्छ और स्वास्थ्यप्रद वातावरण प्रदान करना है। नगर पालिका सीएमओ पूजा बुनकर ने बताया कि जून के पहले सप्ताह तक पूरे कस्बे में नालियों की सफाई का काम पूरा कर लिया जाएगा, ताकि बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से निजात मिल सके। नगर पालिका के सफाईकर्मी पूरी मुस्तैदी से इस कार्य में जुटे हुए हैं। इसके अलावा नगर पालिका को निम्नलिखित कार्यों पर ध्यान देना चाहिए तालाबों और पोखरों की सफाई बरसात से पहले तालाबों और पोखरों की सफाई करना आवश्यक है, ताकि जलभराव की समस्या न हो 'सड़कों और गलियों की सफाई' सड़कों और गलियों की सफाई करना भी महत्वपूर्ण है, ताकि बरसात के दौरान पानी का बहाव न रुके। कूड़ा-कचरा प्रबंधन की व्यवस्था करना भी आवश्यक है, ताकि बरसात के दौरान कूड़ा-कचरा नालों में न जाए। जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान करना और वहां विशेष सफाई अभियान चलाना आवश्यक है। नागरिकों को जलभराव की समस्या के बारे में जागरूक करना और उन्हें सफाई में सहयोग करने के लिए प्रेरित करना भी महत्वपूर्ण है। उनकी स्वच्छता पहल और कार्यों की वजह से धनपुरी नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सीएमओ की कड़ी मेहनत और समर्पण को धनपुरी नगर में सराहा जा रहा है।



# यूआईटी उत्सव 2026 में चौथे दिन खेल, संस्कृति और ज्ञान का शानदार संगम, छात्रों ने दिखाया दमखम

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** यूआईटी शहडोल में आयोजित यूआईटी उत्सव 2026 के चतुर्थ दिवस पर उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में अल्ट्राटेक विचारपुर के वाइस प्रेसिडेंट (माइंस) एस.के.एच. कादरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में इंडस्ट्री अकादमिक सहयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान एवं कौशल विकास के लिए प्रेरित किया। खेल प्रतियोगिताओं में क्रिकेट मुकाबला आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें मैकेनिकल तृतीय वर्ष एवं चतुर्थ वर्ष के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। टॉस जीतकर गेंदबाजी करने उतरी तृतीय वर्ष की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 23 रनों से जीत दर्ज की। कबड्डी में माइनिंग द्वितीय वर्ष ने प्रथम वर्ष को हराया, जबकि वॉलीबॉल में माइनिंग द्वितीय वर्ष ने तृतीय वर्ष को 2-1 से पराजित कर जीत हासिल की। बैडमिंटन (महिला वर्ग) के सेमीफाइनल में संचिता सेन ने नाजिया हसन को 2-1 सेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब फाइनल मुकाबला संचिता सेन और बी. खुशी के बीच खेला जाएगा। महिला वर्ग के खेलों में भी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जहां माइनिंग टीम ने मैकेनिकल टीम को 32-24 अंकों से हराया। कैरम प्रतियोगिता में 80 प्रतिभागियों में से शीर्ष 4 खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं, जिनके मुकाबले आगामी दिवस में आयोजित किए जाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत वाद-विवाद, गायन, नृत्य एवं नाटक की आकर्षक प्रस्तुतियों ने पूरे आयोजन को जीवंत बना दिया।

# भगवान परशुराम महोत्सव हेतु अ.भा. ब्राह्मण एकता परिषद की तैयारी बैठक संपन्न

## 20 अप्रैल को भगवान श्री परशुराम जी का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा

शहडोल (स्वतंत्रमत)

अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की बैठक आगामी 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया में भगवान परशुराम जयंती महोत्सव की तैयारी बैठक के लिए शिवम कॉलोनी स्थित खेर माई मंदिर में जिला संयोजक पंडित अनिल शुक्ला तथा अध्यक्ष पं.बद्री प्रसाद तिवारी कीअध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में विशिष्ट रूप से प्रांतीय उपाध्यक्ष दयाशंकर शुक्ल ,संभाग अध्यक्ष त्रिलोकीनाथ गर्ग तथा विशेष अतिथि पंडित प्रकाश तिवारी एवं अमर मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक में भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव तथा उनके अवतरण बाद वीरता को याद करते हुए आगामी 20 अप्रैल को जयंती पर्व को महोत्सव के रूप में मनाए जाने के लिए



कार्यों के दायित्वों निर्धारण किया गया जिला अध्यक्ष ने आम सहमति से अक्षय तृतीया पर्व पर इस वर्ष खेर माई मंदिर में ही सुबह 9.00 बजे से पूजन, कीर्तन विप्र समागम में सपरिवार सहभागिता प्रदान करने पर चर्चा हुई। पूजन का कार्य पंडित चंद्रिका पाठक के नेतृत्व में तथा कीर्तन एवं प्रसाद वितरण पंडित लखन अवस्थी तथा आमंत्रण हेतु पंडित सुशील शर्मा को तथा प्रशासकीय संपर्क अनुमति इत्यादि हेतु पंडित राममिलन शर्मा को दायित्व सौंपा गया। बैठक में नियुक्ति के संबंध में भी प्रारंभिक चर्चा को अंतिम रूप दिया गया जिसकी घोषणा अक्षय तृतीया को की जाएगी जिला संयोजक अनिल शुक्ला ने कहा ब्राह्मण एकता परिषद अपनी परंपरा के अनुसार अक्षय तृतीया में पूजन महोत्सव हवन इत्यादि के साथ सुबह संपन्न करेंगे तत्पश्चात शाम को स्वतंत्रता पूर्ण तरीके से शहर में होने वाली यात्रा समारोह में भी भाग लेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में पंडित राममिलन शर्मा, बलवंत प्रसाद द्विवेदी, सुरेंद्र प्रसाद दुबे, भगवत प्रसाद शर्मा, निखिल कुमार त्रिपाठी, रामलोचन शुक्ला , रामलखन तिवारी, सुशील शर्मा, लोकेंद्र प्रसाद तिवारी, शकुंतला मिश्रा, निधि तिवारी, वीणा तिवारी, गीता मिश्रा, प्रतिष्ठा पांडे, लखन अवस्थी, डॉक्टर केपी तिवारी, डॉक्टर डीके द्विवेदी, राकेश मिश्रा, एनडी तिवारी, आर एल तिवारी, बालमुकुंद तिवारी, रामगोपाल मिश्रा, संगीता प्रसाद द्विवेदी, शैलेंद्र मिश्रा, सुरेश प्रसाद तिवारी, बीनु अवस्थी, पंडित रामाधार, सतीश तिवारी, सहित कई ब्राम्हण जन शामिल रहे।

# चोरी की मोटर सायकिल बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** थाना सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत मोटरसायकिल चोरी के मामले में पुलिस को मिली सफलता, बालेन्द्र पटेल निवासी ग्राम बड़वाही, थाना पाली, जिला उमरिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 28 मार्च को वह अमरनाथ कुशवाहा के घर कोनी आया था, जहाँ अपनी मोटरसायकिल हीरो होण्डा स्पलेंडर प्लस क्रमांक एमपी 18 जेडए 8443 खड़ी कर ट्रैक्टर लेकर चला गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना सोहागपुर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों की पतासाजी की गई। विवेचना के दौरान संदेहियों से पूछताछ करने पर आरोपी अजय उर्फ मटरू यादव राठौर निवासी कोनी विनोद उर्फ बिंदा निवासी कोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिन्होंने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई मोटरसायकिल बरामद कर ली गई है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# डॉ. अम्बेडकर ने दिया समाजिक समरसता का संदेश : अध्यक्ष नगर पंचायत बुढ़ार



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 08 अप्रैल से 14 अप्रैल तक डॉ. भीमराव अम्बेडकर सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में शासकीय कप्तान बालक हाई स्कूल धनपुरी में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन चरित्र पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष नगर पंचायत बुढ़ार शालिनी सरावगी ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने समाज को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का जो संदेश दिया, वह आज भी पूरी तरह प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्गों को अधिकार दिलाने का कार्य किया। उनका जीवन संघर्ष, शिक्षा के प्रति समर्पण और सामाजिक न्याय के लिए निरंतर प्रयास हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिन्हा ने डॉ. अम्बेडकर के ऐतिहासिक योगदानों का उल्लेख करते हुए बताया कि वे भारतीय संविधान के शिल्पकार थे, जिन्होंने देश को एक मजबूत लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया। उन्होंने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम बताया और शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो का संदेश दिया। डॉ. अम्बेडकर ने सामाजिक कुरीतियों, भेदभाव एवं अस्पृश्यता के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया तथा महिलाओं के अधिकारों और श्रमिक वर्ग के उत्थान के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किए।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** थाना कोतवाली पुलिस ने महिला संबंधी अपराधों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने एवं धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मामले की फरियादिया ने थाना कोतवाली में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया कि आरोपी अनीश खान उम्र 34 वर्ष जो बेल एजुकेशन एकेडमी में हेड है, ने अगस्त 2025 से मेल-जोल बढ़ाकर शादी का प्रलोभन दिया। आरोपी ने उक्त प्रलोभन के आधार पर अक्टूबर 2025 से दिसंबर 2025 के बीच एकेडमी के कमरे में फरियादिया के साथ करीब 20-25 बार शारीरिक संबंध बनाए। जब आरोपी की शादी कहीं और तय हो गई और पीड़िता ने दूरी बनाई, तो आरोपी ने पीड़िता के भाई को आपत्तिजनक संदेश भेजे और पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर थाना कोतवाली में आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा एवं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान कोतवाली पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी अनीश खान पिता इसाक खान, निवासी इतवारी मोहल्ला को गिरफ्तार किया जाकर उक्त आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# डिंडौरी में सरपंच के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई ! लाखों की गड़बड़ी, सरपंच बर्खास्त

**डिंडौरी।** जिला पंचायत डिण्डौरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विहित प्राधिकारी (पंचायत) द्वारा ग्राम पंचायत अमेरा, जनपद पंचायत शहपुरा की सरपंच श्रीमति कौशिल्या मार्को को पद से पृथक कर दिया गया है। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40(1) के अंतर्गत की गई है। जारी आदेश के मुताबिक जनपद स्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट में ग्राम पंचायत अमेरा में विभिन्न मदों में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं सामने आई थीं। जांच में पाया गया कि वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में साप्ताहिक बाजार नीलामी की कुल राशि ?1,37,500 में अनियमितता की गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मृत हितग्राहियों के नाम पर ?75,000 की राशि अन्य खातों में जमा कराई गई, जबकि मौके पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं पाया गया। इसी प्रकार कार्यालय व्यय मद में निर्धारित सीमा से अधिक ?2,42,099 की राशि आहरित की गई। जांच में यह भी सामने आया कि तत्कालीन सचिव की डिजिटल सिग्नेचर (ष्ठस्ष्ट) का उपयोग कर राशि निकाली गई। इस प्रकार कुल ?4,54,599 की वित्तीय अनियमितता प्रमाणित हुई। पूर्व में धारा 92 के तहत उक्त राशि की वसूली के आदेश भी पारित किए गए थे, जिसमें सरपंच द्वारा केवल ?2,28,000 जमा किए गए, जबकि शेष ?2,26,599 अभी भी बकाया है। प्रकरण में यह भी उल्लेखित है कि सरपंच के विरुद्ध थाना शहपुरा में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 9 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनकी सुनवाई न्यायालय में लंबित है। प्रशासन द्वारा सुनवाई के दौरान सरपंच को पर्याप्त अवसर प्रदान किया गया, किन्तु प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। उपलब्ध साक्ष्यों एवं जांच प्रतिवेदन के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया कि सरपंच द्वारा अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में स्वेच्छाचारिता एवं गंभीर कदाचार किया गया है। इसी के मद्देनजर लोकहित में उक्त सरपंच को पद पर बने रहना अनुचित मानते हुए तत्काल प्रभाव से पद से पृथक करने का आदेश जारी किया गया है। आदेश की प्रतिलिपि संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दी गई है।

# 15 अप्रैल से शुरू होगा गेहूं उपार्जन, डिंडौरी प्रशासन अलर्ट

**डिंडौरी।** जिले में आगामी 15 अप्रैल 2026 से शुरू होने वाले गेहूं उपार्जन को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी कड़ी में कलेक्टर कार्यालय में जिला स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अपर कलेक्टर ने की। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी, एमपीएससीएससी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, एमपीडब्ल्यूएलसी सहित अन्य विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में उपार्जन व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जिले के सभी 12 उपार्जन केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं, भौतिक व्यवस्थाएं और किसानों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जाए। उपार्जन शुरू होने से पहले सभी केंद्र पूरी तरह तैयार रहें, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। खाद्य, सहकारिता, राजस्व और कृषि विभाग को नियमित निरीक्षण करने और हर शुक्रवार को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान ली गई फोटो को संबंधित समूहों में साझा करने के लिए भी कहा गया है, जिससे कार्यों की सतत निगरानी हो सके। एमपीएससीएससी को उपार्जन केंद्रों पर बारदाना, फ्लेक्स और बैनर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, एमपीडब्ल्यूएलसी को समनापुर स्थित केंद्र को गोदाम स्तर तक विकसित करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा गया है। सभी उपार्जन केंद्रों की जानकारी पीसीएसएपी पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश भी दिए गए हैं। नाप-तौल निरीक्षकों को इलेक्ट्रॉनिक कांटों के कैलिब्रेशन की जिम्मेदारी सौंपी गई है और इसकी रिपोर्ट खाद्य विभाग को देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को वर्ष 2025-26 के लंबित भुगतान वाले किसानों के मामलों का जल्द निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसानों को समय पर भुगतान मिल सके।

# टीईटी से छूट की मांग पर सड़कों पर उतरे शिक्षक, करंजिया में जोरदार प्रदर्शन

**डिंडौरी ।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर दूसरे चरण के आंदोलन के तहत करंजिया ब्लॉक में शिक्षकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। ब्लॉक शाखा करंजिया में सैकड़ों शिक्षकों की उपस्थिति में महासभा आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। महासभा में शिक्षकों ने वर्ष 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भारत सरकार के प्रावधानों के अनुसार टीईटी परीक्षा से मुक्त किए जाने की मांग उठाई। शिक्षकों का कहना है कि टीईटी परीक्षा का प्रावधान वर्ष 2010 में लागू हुआ, इसलिए उससे पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर इसे लागू करना अनुचित है और इससे उनके सम्मान को ठेस पहुंचती है। शिक्षकों ने इस प्रावधान को निरस्त करने के लिए अध्यादेश लाने की मांग की। साथ ही प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान किए जाने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई।

महासभा के पश्चात शिक्षकों ने करंजिया में रैली निकालकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया और भारत के प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षामंत्री, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री के नाम नायब तहसीलदार करंजिया को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान रामकुमार गर्ग, सुशील कुमार, नागेश्वर, जीवन मरावी, श्यामलाल विश्वकर्मा, इनायत अली, सैयद फिरोजा बेगम, भारती मरावी, सुनील शुक्ला, सुनील नामदेव, मंजूलता, नर्मदा, उर्मिला मरावी, सावित्री चंदेल, रेवती गवले सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# दशगात्र भोज के बाद फैली बीमारी, 2 दर्जन से अधिक ग्रामीण बीमार, फूड पॉइजनिंग की आशंका

डिंडौरी

जिले के विकासखंड मेहंदवानी अंतर्गत ग्राम झामझोला में आयोजित दशगात्र कार्यक्रम के दौरान सामूहिक भोज के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, बीती रात आयोजित भोज में शामिल ग्रामीणों ने भोजन किया, जिसके कुछ ही समय बाद कई लोगों को उल्टी-दस्त, पेट दर्द और कमजोरी जैसी शिकायतें होने लगीं। देखते ही देखते दो दर्जन से अधिक लोग बीमार हो गए, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। स्थिति गंभीर होने पर ग्रामीणों को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचाया गया। प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 15 मरीजों को मंडला जिला अस्पताल, 12 मरीजों को मोहगांव और 8 मरीजों को मेहंदवानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सभी मरीजों का इलाज जारी है और फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम को मौके पर भेजा। डिंडौरी से पहुंची मेडिकल टीम ने गांव में कैंप लगाकर बीमार ग्रामीणों की जांच शुरू कर दी है और अन्य संभावित मरीजों की भी पहचान की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में मामला फूड पॉइजनिंग का प्रतीत हो रहा है। भोज में परोसे गए खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं, ताकि बीमारी के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। प्रशासन द्वारा एहतियात के तौर पर गांव में स्वास्थ्य निगरानी बढ़ा दी गई है और लोगों को स्वच्छ भोजन एवं पानी के उपयोग की सलाह दी जा रही है। साथ ही, किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की अपील की गई है। यह घटना ग्रामीण क्षेत्रों में सामूहिक आयोजनों के दौरान खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता को एक बार फिर उजागर करती है।

# वेस्ट-टू-एनर्जी और सीएनडी प्लांट बने नगर निगम की ताकत

### प्लांट में निर्मित पेवर ब्लॉक का हो रहा है अधोसंरचना में बेहतर उपयोग

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

स्वच्छ सर्वेक्षण की कसौटी पर खरा उतरने के लिए नगर निगम ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। इसी कड़ी में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट और सीएनडी प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली और वहां तक पहुंचने वाले मार्गों सहित सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त पाया।निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि शहर की स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के लिए निगम पूरी तरह से चाक-चौबंद है। निरीक्षण के दौरान दो प्रमुख केंद्रों पर विशेष ध्यान दिया गया वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट कचरे से बिजली बनाने की प्रक्रिया और प्लांट की क्षमता का जायजा लिया गया। प्लांट तक पहुंचने वाले मार्गों का सुदृढ़ीकरण किया जा चुका है ताकि कचरा परिवहन में कोई बाधा न आए। सीएनडी वेस्ट प्लांट यह प्लांट वेस्ट-टू-वेल्थ का बेहतरीन उदाहरण पेश कर रहा है।



### मलबे से तैयार हो रहे पेवर ब्लॉक

यहां मलबे से पेवर ब्लॉक तैयार किए जा रहे हैं। सीएनडी प्लांट की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि यहां निर्मित पेवर ब्लॉक्स का उपयोग न केवल नगर निगम के बुनियादी ढांचों में किया जा रहा है, बल्कि ये आम नागरिकों के लिए भी बेहद सस्ती दरों पर उपलब्ध हैं। इससे न केवल मलबे का निपटान हो रहा है, बल्कि शहरवासियों को किफायती निर्माण सामग्री भी मिल रही है। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त के साथ विशेषज्ञों और अधिकारियों की पूरी टीम मौजूद रही, जिसमें शामिल थे अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, अशफाक परवेज कुरैशी, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, अधिकारी मनीष तड़से,सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, पोला राव, अनिल बारी, धर्मेंद्र राज आदि ।

## निगमायुक्त ने पीपीटी के माध्यम से परखी सिटी प्रोफाइल

**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों एवं शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से निगम मुख्यालय में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आहूत की गई। विभिन्न वार्डों के आकस्मिक निरीक्षण के उपरांत, निगमायुक्त अहिरवार ने अधिकारियों को मैदानी स्तर पर कार्यक्षमता बढ़ाने और तकनीकी मानकों को पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से 'सिटी प्रोफाइल' और सर्वेक्षण के विभिन्न घटकों की वर्तमान स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया गया। निगमायुक्त ने ओडीएफ, कचरा मुक्त शहर और सर्विस लेवल प्रोग्रेस के मापदंडों पर विभागीय प्रमुखों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि दस्तावेजीकरण के साथ-साथ धरातल पर स्वच्छता का प्रभाव दिखे इस पर नियमित रूप से मोनिटरिंग रखें ।




# संज्ञेय अपराधों में भी एफआईआर दर्ज नहीं कर रहे टीआई

### हाईकोर्ट ने डीजीपी, गोरखपुर टीआई नितिन कमल सहित अन्य को जारी किए नोटिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र हाईकोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया गया है कि जबलपुर के गोरखपुर थाना टीआई नितिन कमल संज्ञेय अपराधों में भी एफआईआर दर्ज नहीं कर रहे हैं। जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद राज्य के गृह सचिव , टीआई नितिन कमल सहित अन्य पुलिस अधिकारियों को नोटिस जारी किए हैं। कोर्ट ने सभी को चार



सप्ताह के अंदर जवाब देने को कहा है।

शक्ति नगर निवासी विनोद कुमार चाटे की ओर से याचिका दायर की गई है। कोर्ट को बताया गया कि गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल संज्ञेय अपराधों में भी एफआईआर दर्ज नहीं कर रहे हैं।

वे तब तक कारवाई नहीं करते जब तक कोर्ट में अवमानना याचिका न लगाई जाए। 2025 के तीन अवमानना मामलों का हवाला देकर बताया गया कि यह रवैया लगातार जारी है। आरोप लगाया गया कि शिकायत देने के बावजूद रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

कहा गया है कि टीआई नितिन कमल का आचरण एमपी पुलिस रेगुलेशन व मप्र सिविल सेवा आचरण नियम का उल्लंघन है। उनके खिलाफ विभागीय जांच की जानी चाहिए। प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने मप्र शासन के गृह सचिव, जबलपुर एसपी, गोरखपुर सीएसपी और टीआई नितिन कमल को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## जहां भक्ति वहां भगवान: नृसिंह देवाचार्य

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)** । जहां भक्ति होती है वहां भगवान प्रगट होकर भक्त पर अनुग्रह और कृपा करते हैं, यह वजन प्रज्ञा विहार कालोनी हरिहर धाम में मनेन्द्र अग्निहोत्री, रश्मि अग्निहोत्री के संयोजन में चल रही मद्भागवत कथा में छठवें दिन कृष्ण रुकमणि के मंगल विवाह की मीमांसा करते हुए व्यासपीठ से व्यक्त किए गए । महाराज जी द्वारा आगे कहा गया की कृष्ण के दिव्य-चरित्रों से परिपूर्ण ज्ञान वैराग्य के समेत भक्ति का भण्डार है। जो इसे सुनता है,आत्मसात करता है,उसके जीवन में भागवत भक्ति सहज ही सुलभ हो जाती है। महाराज जी ने दिव्य रास लीला का वर्णन करते हुए कहा जीवात्मा व परमात्मा के दिव्य मिलन का नाम रास है। अन्त में कृष्ण रुकमणी विवाह की सुंदर झांकी ने सबका मन मोह लिया। कथा के पूर्व आयोजक मंडल के देववती अग्निहोत्री,नरेन्द्र कुमार अग्निहोत्र ,रघुनाथ,देवेन्द्र,संतोष,समीर,शिवशक्ति,अतिन,वैभव,सचिन,अनुज अग्निहोत्री आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।



# जलसंचय जन भागीदारी 2.0 अभियान के तहत प्राचीन बावड़ी का जीर्णोद्धार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

भारत सरकार की महत्वाकां परियोजना जलसंचय जन भागीदारी 2.0 के सफल क्रि यान्वयन की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जिला प्रशासन द्वारा सिहोरा में जल संरक्षण एवं पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन हेतु एक महत्वपूर्ण पहल सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशों के परिपालन में तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक गहलोत के कुशल मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मती ज्योति परस्ते के प्रत्यक्ष निर्देशन में आज नगर पालिका परिषद सिहोरा द्वारा मिलिट्री पड़ाव स्थित ऐतिहासिक प्राचीन बावड़ी के जीर्णोद्धार का कार्य विधिवत प्रारंभ कर दिया गया है। नगर पालिका परिषद सिहोरा की अध्यक्ष मती संध्या दिलीप दुबे के नेतृत्व में संचालित इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य प्राचीन जल संरचनाओं की पारिस्थितिक उपयोगिता को पुनः स्थापित करना है। इस जीर्णोद्धार प्रक्रिया के अंतर्गत



बावड़ी की व्यापक साफ-सफाई, संचित गाद के निष्कासन तथा आवश्यक संरचनात्मक मरम्मत के कार्य संपादित किए जा रहे हैं ताकि वर्षा जल का प्रभावी संचयन सुनिश्चित हो सके और क्षेत्र के भूजल स्तर में गुणात्मक सुधार लाया जा सके।

इस पुनीत कार्य में स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न समाजसेवियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराते हुए जन भागीदारी की मिसाल पेश की है।

# बीजेपी पार्षद कविता रैकवार का जाति प्रमाण पत्र निरस्त

### फर्जीवाड़े पर भारी पड़ा कानून, हाईकोर्ट के आदेश पर गठित समिति ने सुनाया फैसला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सत्य परेशान हो सकता है लेकिन परास्त नहीं। यह कहावत जबलपुर के हनुमानताल वार्ड क्रमांक 24 के मामले में चरितार्थ हुई है। फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर चुनाव लड़ने के मामले में फंसी भाजपा पार्षद कविता रैकवार को बड़ा झटका लगा है। मध्य प्रदेश शासन की उच्च स्तरीय छानबीन समिति ने विस्तृत जांच के बाद उनके जाति प्रमाण पत्र को निरस्त करने का निर्णय लिया है। समिति ने न केवल प्रमाण पत्र रद्द किया है, बल्कि उनके खिलाफ तत्काल स्नढ्ढक्र दर्ज करने के भी निर्देश दिए हैं।

### क्या है पूरा मामला?

निकाय चुनाव के दौरान कविता रैकवार ने अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हनुमानताल वार्ड से चुनाव जीता था। उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस नेत्री मती राखी रज्जू सराफ




के पति राजेन्द्र (रज्जू) सराफ ने इस निर्वाचन को चुनौती देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपील दायर की थी। आरोप था कि कविता रैकवार ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र लगाकर चुनाव लड़ा है। मामला हाईकोर्ट पहुंचा, जहां न्यायालय के निर्देश पर भोपाल की हाई पावर कमेटी ने तीन सदस्यीय टीम (विजिलेंस, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक) गठित की। जांच के दौरान जीसीएफ फैक्ट्री से उनके पिता के पीपीओ (प्रोविडेंट फंड) दस्तावेजों की छानबीन की गई, जिससे उनकी वास्तविक जाति का खुलासा हुआ। समिति ने पाया कि कविता रैकवार द्वारा दिए गए साक्ष्य और कथन पूरी तरह असत्य थे।

### समिति का कड़ा फैसला

समिति ने अपनी बैठक (दिनांक 13/02/2025 और 06/04/2026) के बाद आदेश जारी किया कि जाति प्रमाण पत्र क्रमांक क्र451/0106/7954/2020 वैध नहीं है। 4 सदस्यीय समिति ने इस फर्जीवाड़े को गंभीर अपराध मानते हुए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक जबलपुर को आगे की वैधानिक कार्यवाही और एफआइआर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। एक लंबी कानूनी लड़ाई के बाद राजेन्द्र सराफ को बड़ी सफलता मिली है। अब नियमों के अनुसार, दूसरे नंबर पर रहीं प्रत्याशी मती राखी रज्जू सराफ को वार्ड का पार्षद घोषित किए जाने की संभावना प्रबल हो गई है। प्रशासन को आदेश की प्रतियां भेज दी गई हैं, जिससे राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मचा हुआ है।

# भगवान से जुड़े बिना विद्या नहीं बनती ब्रम्हविद्या

### रामकथा में तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्राचार्यजी ने बताई भक्ति और ज्ञान की महिमा

**जबलपुर।** बिना ईश्वर की कृपा के विद्या नहीं मिलती। लेकिन यह भी सही है कि यदि विद्या भगवान की बजाय संसार से जुड़ती है, तो विवाद, मद, अहंकार उत्पन्न करती है। इससे उलट विद्या यदि भगवान से जुड़ जाती है, तो वह ब्रम्हविद्याा बन जाती है। इस आशय के विद्या वचन तुलसी पीठाधीश्वर, पद्म विभूषण जगद्गुरू, रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी ने आयुर्वेद कॉलेज मैदान स्थित अवधपुरी पंडाल में चल रही रामकथा के सप्तम दिवस पर



उमड़े श्रोताओं से कहे। भगवान राम की वनलीला में आए केवट प्रसंग की चर्चा करते हुए महाराज ने भक्ति और ज्ञान की अद्भुत व्याख्या की। समरसता सेवा संगठन के तत्वावधान में चल रही रामकथा में 'राम जनम जग मंगल हेतू' विषय पर चल रही कथा में कहा महाराज ने कहा कि विद्या से यदि भक्ति न आए तो विद्या किसी काम की नहीं। उन्होंने कहा कि रामजी की भक्ति ही गंगा है। जीव जब अपने जीवन की नाव इस गंगा में उतारता है तो भवसागर पार हो जाता है। महाराज ने कहा कि जीव को अपने मन का परमार्थ समझ लेना चाहिए।

# पश्चिम मध्य रेल की 14 ट्रेनों में अब मिलेंगे एसी थर्ड इकोनॉमी कोच

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पश्चिम मध्य रेलवे ने यात्रियों के सफर को अधिक आरामदायक और किफायती बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रेलवे प्रशासन ने जबलपुर मुख्यालय से संचालित होने वाली कुल 14 प्रमुख ट्रेनों की कोच संरचना में बदलाव करने का निर्णय लिया है। इस नए संशोधन के तहत इन ट्रेनों में अब एक थर्ड एसी टियर कोच के स्थान पर आधुनिक थर्ड एसी इकोनॉमी कोच लगाया जाएगा। यह बदलाव जून से अलग-अलग तिथियों पर प्रभावी होगा। गाड़ी संख्या 12185/86 रानी कमलापति - रीवा



- रानी कमलापति एक्सप्रेस में 15 व 16 जून , गाड़ी संख्या 12155/56 रानी कमलापति - हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस में 17 व 20 जून ,गाड़ी संख्या 20155/56 डॉ. अंबेडकर नगर - नई दिल्ली एक्सप्रेस में 18 व 19 जून ,गाड़ी संख्या 22165/66 भोपाल - सिंगरौली - भोपाल एक्सप्रेस में 20 व 23 जून ,गाड़ी संख्या 22167/68 सिंगरौली - हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस में 21 व 22 जून ,गाड़ी संख्या 11633/34 भोपाल - चोपन - भोपाल एक्सप्रेस में 21 व 22 जून ,गाड़ी संख्या 11631/32 भोपाल - धनबाद - भोपाल एक्सप्रेस में 22 व 24 जून को बदलाव किया जायेगा। रेलवे के इस निर्णय का उद्देश्य यात्रियों को कम किराए में बेहतर एसी यात्रा की सुविधा देना है। थर्ड एसी इकोनॉमी कोच में आधुनिक सुविधाएं और अधिक बर्थ क्षमता होती है, जिससे न केवल यात्रियों का खर्च कम होगा, बल्कि वेटिंग लिस्ट क्लियर होने में भी मदद मिलेगी।

# डोमिनोज फ्रेंचाइजी देने का झांसा देकर 2.65 लाख हड़पे

### विजय नगर थाने में पीड़ित ने दर्ज करायी शिकायत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

विजय नगर के एक युवक को जालसाजों ने डोमिनोज पिज्जा कंपनी का मैनेजर बताते हुए फ्रेंचाईजी देने के नाम पर उसे अपने झांसे में लिया और उससे दो लाख 65 हजार रुपये ऐंठ लिये। इसके बाद आरोपियों ने करीब पौने पांच लाख की और डिमांड की, लेकिन तब तक कंपनी की बेवसाईट पर जालसाजों से सर्तक रहने की जानकारी पीड़ित को लग गई थी। जिसके बाद उसने मामले की शिकायत विजय नगर थाने में दर्ज करायी।




पुलिस ने बताया कि विजय नगर कचनार बरसाना निवासी 43 वर्षीय आनय तिवारी को 21 फरवरी 2026 को एक व्यक्ति ने खुद का नाम नितेश पाठक बताते हुए काल कर बताया कि वह डोमिनोज पिज्जा कंपनी के कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजर हैं। नीतीश पाठक ने जुबिलेट फूडवर्क्स में खुद को रिलेशनशिप मैनेजर (सीआरएम) बताया। इसके बाद मेल के माध्यम से डोमिनोज फ्रेंचाइजी दिलाने का वादा किया और उससे दस्तावेज मांगे, जो कि उसने उपलब्ध करा दिये। इसके बाद प्रस्तावित साईट का लाईव लोकेशन भी भेज दिया।

इसके बाद विगत 10 मार्च 2026 को मेल आया की डोमिनोज फ्रैंचाइजी के लिये उसका चयन हो गया है। जिसके लिये उससे दो लाख 65 हजार पांच सौ रुपये ट्रांसफर कराये गये। उसी समय पीड़ित ने डोमिनोज की बेवसाईट पर धोखेबाजी करने को लेकर जारी मैसेज पढ़ा। जिसके बाद उसे पता चला कि उसके साथ फ्रॉड हुआ है। जिसके दूसरे दिन 11 मार्च को पुन- नीतिश नामक व्यक्ति का मेल आया, जिसने अनापत्ति प्रमाण पत्र शुल्क के रूप में चार लाख 72 हजार रुपये के भुगतान के लिये कहा। इस तरह आरोपी जालसाजों ने पीड़ित के दो लाख 65 हजार रुपये हड़प लिये। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# तीन महिलाओं समेत ओडिशा से गांजा लेकर आए 6 तस्कर गिरफ्तार

### क्राईम ब्रांच और तिलवारा पुलिस की गढ़ा रेलवे स्टेशन के बाहर कार्रवाई

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

क्राईम ब्रांच की टीम ने तिलवारा पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए गढ़ा रेलवे स्टेशन के बाद से तीन महिलाओं सहित आधा दर्जन गांजा तस्करों को दबोचा है। आरोपी उड़ीसा के निवासी है, जो कि गांजे खेप लेकर शहर पहुंचे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से सात किलों 206 ग्राम गांजा कीमती तीन लाख 60 हजार रुपये का जब्त करते हुए उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



थाना प्रभारी ब्रजेश मिश्रा ने बताया कि बीती रात रात्रि भ्रमण के दौरान गढ़ा रेलवे स्टेशन के बाहर चाय दुकान पर तीन महिलाएं व तीन पुरुष संदिग्ध हालत में नजर आये। जिन्हें घेराबंदी कर रोका गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम क्रमश- भुवनेश्वर कुम्भार पिता कुशमत कुम्भार उम्र 29 वर्ष निवासी बेंडर थाना हरिशंकर रोड जिला बलांगीर उड़ीसा, फगनु मांझी पिता लालू मांझी उम्र 27 वर्ष निवासी डेडसुली थाना मदनपुर रामपुर जिला कालाहांडी उड़ीसा, सुनप हरिजन पिता सुन्दु हरिजन उम्र 29 वर्ष निवासी डेडसुली थाना मदनपुर रामपुर जिला कालाहांडी उड़ीसा, काजल मांझी पिता लुकेश्वर मांझी उम्र 30 वर्ष निवासी गंगापदर थाना तुमडीबंद जिला कंदोमल उड़ीसा, तपसनी दिगाल पति आलोक दिगाल उम्र 35 वर्ष निवासी जोगरमहा थाना दरिंगबडी जिला कंधमाल उड़ीसा, मनिनी दिगाल पति सुनप हरिजन उम्र 25 वर्ष निवासी डेडसुली थाना मदनपुर रामपुर जिला कालाहांडी उड़ीसा बताये।

### बैग में मिली गांजे की खेप

आरोपियों के बैगों की तलाशी लेने पर तपसनी दिगाल के कब्जे में रखे हरे काले रंग के पिट्ठू बैग के अंदर एक पेकेट में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा मिला। वहीं संदेहिया काजल मांझी के कब्जे मे रखे नीले रंग के बैग के अंदर टेप से लिपटा हुआ एक पैकेट में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा मिला, मनिनी दिगाल के पास रखे क्रीम एवं पर्पल कलर कलर के लेडिस हैंडबैग के अंदर 1 पेकेट में अवैधं मादक पदार्थ गांजा रखा मिला। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल सात किलों 206 ग्राम गांजा कीमती तीन लाख 60 हजार रुपये का बरामद किया।

### उड़ीसा में करते है गांजे की खेती

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह उड़ीसा में रहकर गांजे की खेती करते है। यहां जबलपुर में रहने वाले पियूष कुशवाहा को बेचने के उद्देश्य से मादक पदार्थ गांजा लेकर आये थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए पियूष कुशवाहा की पतासाजी शुरु कर दी है। आरोपियों को पकड़ने में थाना प्रभारी ब्रजेश मिश्रा, एसआई अभिषेक कैथवास, प्रधान आरक्षक जयशंकर चौहान, आरक्षक राजेश गुप्ता, राहुल सनोडिया तथा क्राईम ब्रांच के एएसआई प्रशांत सोलंकी, अनिल पाण्डे, प्रधान आरक्षक अटल जंघेला, आरक्षक प्रदीप टेकाम, विनय सिंह, रोजश मिश्रा, राजेश मात्रे महिला आरक्षक नीलम की सराहनीय भूमिका रही।

# बिचौलियों के हाथ बिकेंगी समर्थन मूल्य की धान!

## जिले के 63 खरीदी केन्द्रो में 11,000 क्विटल धान, तीन माह बाद अब उठेंगी धान

पंकज डहरवाल, बालाघाट ब्यूरो



जिले में खरीब की फसल धान की समर्थन मुल्य पर खरीदी हुए तीन माह बाद भी 63 केन्द्रो में धान का रखा हुआ है, और यह पहली बार ऐसा हुआ हैं कि खरीदी के 3 माह बितने के बाद जिला उपार्जन कमेटी के द्वारा निर्णय लिया गया कि समिति स्तर पर ही धान को बेची जायेगी। लेकिन सवाल यह हैं कि एक ओर समिति के कर्मचारी पर सॉटेज के वसूली के नोटिस भेजी हैं और दूसरी ओर समर्थन मुल्य 2369 में खरीदी धान को बिचौलियों के हाथों में औने-पौने दाब पर बेचने की बात कह रहीं है याने की समिति प्रभारी दोनों ओर से पिड़ित दिखाई है। क्या 11,000 क्विटल रखी धान को समर्थन मुल्य की राशि मिलेंगी यह देखने वाली बात है अनुसार, समर्थन मुल्य 2369 पर धान खरीब वर्ष 2025-26 में जिले की 182 धान खरीदी समितियों के माध्यम से खरीदी गई हैं, वर्तमान समय याने खरीदी के तीन माह बितने के बाद भी जिले की सेवा सहाकारी 63 खरीदी केन्द्रो में 11,000 क्विटल धान रखी हुई है। जिला उपार्जन कमेटी के द्वारा ऐसा पहली बार देरी हुई हैं कि खरीदी के बाद तीन माह तक धान वहीं रखी रहीं लेकिन बता दे कि वर्षो से समर्थन मुल्य पर खरीदी हुई धान का समय पर ही उठाव कर अतिरिक्त धान का भी उठाव तत्काल ही हो जाता था, जिससे समर्थन मुल्य पर उक्त धान का मुल्य मिल जाता था। लेकिन इस बार जो रखी ग्यारहा हजार क्विटल धान को अब बिचौलियों के हाथों में बेचने के लिए सेवा सहकारी समिति मजबूर है।

### बिचौलियों को तलाशेगी समिति

जिले में 63 धान खरीदी केन्द्र में रखी ग्यारहा हजार क्विंटल धान को जिला उर्पाजन कमेटी ने तीन माह बाद निर्णय लिया गया हैं कि समिति के द्वारा ही बेची जाएगी और उक्त राशि की रसीद भी काटी जाएगी। लेकिन क्या अब जो धान मध्यप्रदेश समर्थन मुल्य 2369 में खरीदी हैं, उस दर से व्यापारी खरीदेंगा, नहीं। जो प्रशासन बिचौलियों से बचने के लिए किसानों को संदेश दिया करती थीं अब वहीं बिचौलियों को तलाश कर धान को 1800 से 2000 रूपए में बेचेगी। जिससे समिति को नुकसान ही उठाना पड़ेगा। वैसे तो तीन माह से रखी धान सुख गई, चुहे और किट पतंगों ने नुकसान पहुंचा दिया हैं।

### आखिर कैस रह गई केन्द्रो पर धान

धान खरीब वर्ष 2025-26 में खरीदी गई धान के दौरान बारदाना छोटा पहुंचा दिया गया। फिर 40 किलो की वजनी बोरियों में 36-37 किलो ही धान आने लगी जिससे दूसरी बोरियों में अतिरिक्त धान को रखा गया। वहीं परिवहन के दौरान ट्रक में सॉटेज आने लगा, परिवहन के पश्चात भी जिले की 63 खरीदी केन्द्रो में 11,000 क्विटल धान रखी है।

### जिला उपार्जन कमेटी ही धान की निलामी करें- पी.सी. चौहान

मध्यप्रदेश राज्य सहाकारी समिति कर्मचारी महासंघ, जिला ईकाइ बालाघाट के अध्यक्ष पी.सी. चौहान ने कहा कि जिला उपार्जन कमेटी ने समिति को मौखिक रूप से बोला गया था कि जो बोरिया छोटी आई है, उक्त अतिरिक्त धान को दुसरी बोरियों में भर कर सुरक्षित रख दिजिए और खरीदी के साथ ही उसका उठाव भी हो जायेगा। लेकिन खरीदी के बाद भी उठाव नहीं हो पाई, जिसकी अधिकारियों के द्वारा धान के स्टाक का समय-समय पर निरीक्षण किया गया। 3 माह बाद खाद्य शाखा कलेक्टर के द्वारा आदेशित किया गया हैं कि उक्त धान पतली वेराईटी की नहीं होने के कारण, बारदाना में टेक नहीं होना ऐसा प्रतित होता हैं धान परिवहन नहीं किया जा सकता। जबकि जिले में समर्थन मुल्य पर मोटा धान खरीदा गया है। जो बोरिया हैं उक्त बोरियों में टेक का कोई सवाल ही नहीं उठता, जिला उपार्जन कमेटी के द्वारा ही उक्त धान की निलामी करनी चाहिए। क्योंकि समर्थन मुल्य पर खरीदी गई धान को व्यापारी को बेच कर समिति को घाटा ही है। हमारे संघ का निर्माण हैं कि इसमें कोई समिति हस्तक्षेप नहीं करेंगी।

### इनका कहना है

जिले भर में 11 हजार क्विटल धान खरीदी केन्द्रों पर रखी हुई हैं, उस धान को ऑफलाईन प्रोसेस के लिए परमिशन मांगी गई थीं लेकिन वह नहीं मिली। धान पोर्टल पर चड़ नहीं पाई और ना ही कहीं भेजी जा सकती थी। इसलिए अब प्रोसेस पूरी हो गई हैं, जो धान खरिदी केन्द्रों में रखी है उसे समिति स्तर पर निराकरण किया जायेगा। उसे दो दिवस के भीतर में समिति के स्तर पर बेची जायेगी और उक्त पैसा से खरीदी केन्द्र पर हुई सॉटेज की भरपाई की जायेगी।

**अभिनव बघेल, सीईओं**
**जिला सहकारी कापरेटिव बैंक, बालाघाट**

# प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना की देन है वारा रोडओवर ब्रिज: विक्रम देशमुख



कटंगी (स्वतंत्र मत)

भारतीय केंद्र सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2021 में राष्ट्रीय मास्टर प्लान फॉर मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के उद्देश्य हेतु प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना शुरू की गई थी। अभियान के अंतर्गत देश के आर्थिक क्षेत्रों को रेलवे, बंदरगाह, जलमार्ग, सड़क, हवाई अड्डे और मास ट्रांसपोर्ट को निर्बाध तरीके से जोड़ा जाना था।

इस योजना में रेल्वे के क्षेत्र में देश में गेज परिवर्तन, विशेष भाड़ा रूट, हाई-स्पीड ट्रेनें, नई रेल लाइनें, स्टेशनों का जीर्णोद्धार,सुरक्षा और कुशल परिवहन पर फोकस किया जाना था। रेल्वे सुरक्षा के मद्देनजर बालाघाट जिले की गर्रा - बालाघाट, कोसमी,भटेरा, शेरपार(वारासिवनी), अगासी(कटंगी),धानीटोला और वारा रेल्वे की मौजूदा रेल -रोड क्रासिंग को जीआईएस मैपिंग किया गया था। जिसमें ग्राम वारा,गर्रा,कोसमी,अगासी आर.ओ.बी लगभग पूर्ण हो चुके हैं,वहीं धानीटोला(बुदबुदा) बी.के 38 पर आर.यू.बी का काम रुका हुआ है। वही जिला-सिवनी में भी रेलवे के सिवनी-नागपुर रोड पर स्थित रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू है।

भारतीय रेलवे द्वारा रोड ओवर ब्रीज के निर्माण के लिए मुख्य 'मानक ट्रेन व्हीकल यूनिट' होता है। यदि रेल-रोड क्रासिंग पर दैनिक 1,00,000 युनिट के साथ-साथ भारी भीड़ का आवागमन होता है,तो रोड ओवरब्रिज का निर्माण रेलवे बोर्ड और आर.डी.एस.ओ की स्वीकृति उपरांत राज्य सरकार और केंद्र सरकार के बीच खर्च बंटवारे की सहमति से शुरू होता है। प्राप्त जानकारी अनुसार, केंद्र सरकार के द्वारा मैनड क्रॉसिंग को चरणबद्ध तरीके से आर.ओ.बी या आर.यू.बी अथवा डाइवर्सन निर्माण द्वारा वर्ष 2030 तक हटाकर गेट फ्री करने का लक्ष्य रखा गया है। वारासिवनी-बालाघाट मार्ग से गुजरने वाले मार्ग पर वारा रोड ओवर ब्रिज के निर्माण उपरांत क्षेत्र की जनता ने राहत की सांस ली है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य इंजीनियर विक्रम देशमुख ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सहमति उपरांत बालाघाट जिले में निर्मित और निर्माणाधीन रोड़ ओवर ब्रिज हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## राखी सहाय होंगी उमरिया जिले की नवागत कलेक्टर

***उमरिया ( स्वतंत्रमत )।*** राज्य शासन ने गुरूवार की देर रात 26 आईएएस अधिकारीयों के स्थानांतरण की सूची जारी की है। उमरिया जिले के कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन को अपर सचिव विमानन विभाग नियुक्त किया गया है वहीं राखी सहाय को उमरिया जिले का कलेक्टर बनाया गया है। बता दें 2015 बैच की आईएएस राखी सहाय उमरिया जिले की 20वीं कलेक्टर होंगी। नवागत कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय अपने सहज स्वभाव, सरल व्यक्तित्व और जनता से सीधे जुड़ाव की कार्यशैली के लिए जानी जाती हैं। आईएएस वर्ष 2015 बैच की अधिकारी श्रीमती सहाय का प्रशासनिक अनुभव लगभग 25 वर्षों का है।

# सेलवा गांव में नशे के खिलाफ लगी चौपाल, नशे से लड़ाई हर व्यक्ति का कर्तव्य है- एसडीएम ठाकुर

## बेचने वाले पर 20 हजार और हुड़दंग करने वालों पर 5 हजार का जुर्माना किया गया तय

कटंगी(स्वतंत्र मत)



किसी भी तरह का नशा एक सामाजिक बुराई है और इससे लड़ने के लिए समाज को मिलकर कदम उठाने होंगे। यह केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि परिवार, समुदाय और आने वाली पीड़ियों पर गहरा असर डालती है। गांव की महिलाओं ने गांव को शराब मुक्त बनाने का जो फैसला लिया है। वह निश्चित तौर पर सराहनीय है। नशे के खिलाफ जंग की शुरुआत घर से की जाए तो और अधिक बेहतर है। किसी भी प्रकार का नशा अचानक से छूट जाए यह इतना आसान नहीं है लेकिन नशे को छोड़ा ना जा सकें यह असंभव भी नहीं है। यह विचार अनुविभागीय अधिकारी के.सी.ठाकुर ने शनिवार को प्रखंड की ग्राम पंचायत सेलवा के पंचायत भवन में महिलाओं के द्वारा आयोजित चौपाल में कहीं। उन्होंने कहा कि गांव में बसाहट के बीच संचालित होने वाली शराब दुकान का विस्थापन एक प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है। पंचायत और ग्रामीण विधिवत प्रक्रिया के तहत शराब दुकान का विस्थापन कराने की मांग कर दुकान को अलग विस्थापित करवा सकते है। गांव में संचालित होने वाली शराब दुकान की स्थिति से वह अपने वरिष्ट अधिकारियों को अवगत करवाएगें। इस दौरान नायब तहसीलदार पी.एल.साडया, थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम, पंचायत सरपंच देवेन्द्र देशमुख सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

***तय किया गया जुर्माना***- गांव में अवैध तरीके से शराब ब्रिकी करने वालों पर 20 हजार और शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर 05 हजार रुपए जुर्माना तय किया गया है। यह जुर्माना गांव को नशामुक्त बनाने के लिए तैयार समिति के द्वारा वसूल किया जाएगा। इस समिति में गांव की 10 महिलाओं को प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं गांव के सभी 20 वार्डों के प्रत्येक घर से एक महिला को जोड़ा जा रहा है ताकि महिलाएं जब अपने घर से नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए गांव की सड़क पर उतरे तो कोई भी इन महिलाओं का विरोध ना कर पाए।

***महिलाओं ने रखे अपने विचार***- रेशमा बरमैया ने कहा कि शराब की वजह से गांव में परिवारिक कलह की घटनाएं तेजी से बड़ रही है। नशे से आर्थिक नुकसान होने के कारण ग्रामीण गरीबी की ओर बड़ रहे है। भावना पटले ने कहा नशाखोरी के कारण गांव के बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। गांव की युवा पीड़ी नशे के कारण अपना जीवन बर्बाद कर रही है। आने वाली पीड़ी को नशे से बचाने के लिए यह पहल की गई है। उन्होंने बताया कि बीते दिनों गांव की महिलाओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर गांव के भीतर बसाहट के बीच में संचालित होने वाली शराब दुकान को गांव के बाहर विस्थापन कराने की मांग की।

***नशामुक्ति की मुहिम में पुलिस देगी हर संभव मदद- धमेन्द्र कुसराम***- थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम ने कहा कि गांव में अवैध तरीके से शराब ब्रिकी के खिलाफ महिलाओं ने जो मुहिम छेड़ी है पुलिस उसमें महिलाओं का पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने महिलाओं से कहा कि कानूनी दायरे में रहकर ही गांव को नशामुक्त बनाया जा सकता है। महिलाओं की शिकायत मिलने पर उन्होंने गांव में अवैध शराब ब्रिकी करने वालों को साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि उन्हें बख्सा नहीं जाएगा।

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकथाम हेतु निर्देश जारी

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** बुधवार 8 अप्रैल को जिला कार्यक्रम एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी दिव्या गुप्ता ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आगामी 20 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की संभावित घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक अभियान संचालित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस अवसर पर बाल विवाह की आशंका को देखते हुए जिला,विकासखंड और ग्राम स्तर तक सतर्कता बढ़ाई जाए तथा प्रभावी निगरानी तंत्र स्थापित किये जाएंगे। उन्होने बताया कि कंट्रोल रूम स्थापित कर निगरानी रखी जाएगी। ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण समितियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों को सक्रिय कर संदिग्ध विवाहों की सूचना तत्काल प्रशासन तक पहुंचाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही पुलिस, प्रशासन, शिक्षा और महिला बाल विकास विभाग के बीच समन्वय बनाकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बाल विवाह की रोकथाम के साथ-साथ आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है। विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे बाल विवाह जैसी घटनाओं की जानकारी तुरंत संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर दें। इसके लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम नंबर 07653-292939, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 तथा पुलिस आपातकालीन सेवा 112 को सक्रिय रखा गया है, ताकि किसी सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। इसके अलावा,जिले में संचालित वन स्टॉप सेंटर (सखी केंद्र) को भी पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिए है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन चौपाल संपन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन पर सेक्टर 2 निगहरी के नवांकुर संस्था की अध्यक्ष काजल की अध्यक्षता मे ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति ग्राम पंचायत पठारीकला मे जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण मे जल श्रोत सेवा समागम कार्यक्रम के अंतर्गत जल चौपाल का आयोजन किया गया। जल चौपाल में जन जागरूकता और भागीदारीरू जल चौपालों के माध्यम से ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना और उन्हें जल स्त्रोतों (नदी, तालाब, कुएं, बावड़ी) की सफाई व संरक्षण के लिए प्रेरित करने,पारंपरिक जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार. पुराने तालाबों, कुओं और बावड़ियों की साफ-सफाई, गाद निकालना और उनके सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना पर चर्चा ,जल दूतों का गठन. जल चौपाल में जल स्त्रोतों की देखरेख के लिए जल दूतों को नियुक्त करना, जो निरंतर जल स्त्रोतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, माइक्रो-इरिगेशन (सूक्ष्म सिंचाई) को बढ़ावा. किसानों को पानी की कम खपत वाली फसलों, ड्रिप सिंचाई, और स्प्रिंकलर तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने, जल संरचनाओं के आसपास व्यापक वृक्षारोपण करने और जल स्त्रोतों से अतिक्रमण हटाने के लिए ग्रामीणों को लामबंद करने,पानी चौपाल में ही फलोद्यान, ड्रिप लाइन, प्लास्टिक मलचिंग, और उद्यानिकी फसलों की सरकारी योजनाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की जानकारी दी गई। इस अवसर पर नवांकुर संस्था की अध्यक्ष काजल, सेक्टर के परामर्शदाता संतोष त्रिपाठी, जनसूचना केंद्र संचालक प्रियंका सिंह, ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति ग्राम पंचायत पठारीकला के अध्यक्ष मान सिंह मरकाम सचिव फुलसाह सिंह सहित समिति के सभी सदस्य व ग्रामीण जन माताएँ एवं लाडली बहने उपस्थित रही।

# अधिवक्ता संघ ने न्यायाधीश रामसहारे राज को दी विदाई

उमरिया (स्वतंत्रमत)



जिला अधिवक्ता संघ उमरिया ने तृतीय सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश श्री रामसहारे राज का उमरिया से धार स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह कर विदाई दी। जिला अधिवक्ता संघ उमरिया के सभागार में आयोजित विशेष न्यायाधीश पॉस्को एक्ट अपर सत्र न्यायाधीश श्री रामसहारे राज जी के विदाई समारोह के अवसर पर श्री प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश प्रियदर्शन शर्मा ने कहा कि उमरिया बार की जो एक परंपरा है लोगों का स्वागत करना और स्थानांतरण होने पर सब सम्मान विदाई करना यह एक अनुक्राणी पहल है। रामसहरे राज एक अच्छे न्यायाधीश रहे जहां भी जाएंगे वहां श्रेष्ठ न्याय करेंगे और न्याय और अधिवक्ताओं की बीच में उनका संबंध है सकारात्मक रहेगा। इसी अवसर पर लीगल एड के मोहन डाबर साहब ने कहा कि सहारे साहब के सहयोग से हम लोगों ने बहुत सारा काम लोक अदालत एवं मिडिएशन का किया है यह अच्छे न्यायाधीश व अच्छे सोच के व्यक्तित्व के धनी है और हमेशा ही मेरा उनसे लगाव और हर जीवन पर्यंत मेरे मन मस्तिष्क में रहेंगे। इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि श्री राम सहारे जी के कोर्ट में जाने से पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं को विधि का अपेक्षित लाभ मिला।जुनियर वकीलों को सीखने का अवसार मिला।वह बड़े से बड़े मामलों में सकारात्मक सोच के साथ निर्णय पारित किए हैं जो कि उमरिया पक्षकारों के हित में रहा है सदैव हमारे अधिवक्ता संघ के प्रत्येक अधिवक्ताओं के मन मस्तिष्क में रहेंगे।

# बाघ के हमले के बाद वन विभाग अलर्ट

## लोगों को सतर्क रहने के लिए लगातार किया जा रहा जागरूक

उमरिया (स्वतंत्रमत)



बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में शुक्रवार को बाघ के हमले में कुसुम बाई की मौत के बाद वन विभाग पूरी तरह अलर्ट हो गया है। बीटीआर प्रबंधन ने जंगल और आस पास के गांवों में तलाशी अभियान तेज कर दिया है। लोगों को लगातार सतर्क रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। पनपथा कोर परिक्षेत्र में हुई इस घटना के बाद विभाग ने प्रशिक्षित हाथी लक्ष्मण और गणेश को भी तलाशी अभियान में लगाया है। इन हाथियों की मदद से घने जंगलों में बाघ की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। झलवार गांव के आसपास 50 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी पांच वाहनों के साथ पैदल गश्त कर तलाशी अभियान चला रहे हैं। गांवों में मुनादी कर लोगों को जंगल के भीतर जाने से बचने और महुआ बीनने के दौरान विशेष सावधानी बरतने की चेतावनी दी जा रही है। सहायक संचालक ने बताया कि जंगल में लगातार निगरानी की जा रही है। ग्रामीणों को झाड़ियों के आसपास न जाने, अकेले जंगल में प्रवेश न करने और रात के समय जंगल से पूरी तरह परहेज करने की सलाह दी गई है। वन विभाग ने विशेष रूप से महुआ बीनने वाले ग्रामीणों से अपील की है कि वे समूह में ही जंगल जाएं और सतर्कता बरतें, ताकि ऐसी घटनाओं से बचा सके।





# आंगनवाड़ी में मासूमों की जिंदगी से खिलवाड़

## कागजों में बच्चों के पोषण और सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे लेकिन जमीनी हकीकत कुछ भी नही

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

जिले में एक बार फिर प्रशासनिक लापरवाही ने मासूम बच्चों की जिंदगी को खतरे में डाल दिया। यह मामला सिर्फ एक दुर्घटना नहीं बल्कि उस सिस्टम की पोल खोलता है जो कागजों में तो बच्चों के पोषण और सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे करता है लेकिन जमीनी हकीकत में पूरी तरह फेल नजर आता है। महिला एवं बाल विकास विभाग जो बच्चों और महिलाओं के संरक्षण की जिम्मेदारी निभाता है वही विभाग अब खुद सवालों के घेरे में है। मामला मंडला जिले के मोहगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम रमखिरिया के छपरा टोला स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का है जहां 5 मासूम बच्चों ने खेल-खेल में चूहामार की दवाई खा ली। यह घटना किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर देने के लिए काफी है लेकिन सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार अधिकारियों को इससे कोई फर्क पड़ेगा। जानकारी के अनुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा अपने घर में आटे के साथ चूहामार दवा मिलाकर कोने में रखा गया था। यह जहरीला मिश्रण बच्चों की पहुंच में कैसे आया यह सबसे बड़ा सवाल है। मासूम बच्चों ने इसे प्रसाद समझकर खा लिया। जैसे ही जहर का असर शुरू हुआ बच्चों की हालत बिगड़ने लगी उल्टियां शुरू हो गईं और पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सोचने वाली बात यह है कि जिस जगह बच्चों की देखभाल और पोषण होना चाहिए वहां अगर जहर खुले में रखा जाए तो इसे लापरवाही नहीं बल्कि अपराध कहा जाएगा। घटना के बाद आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बच्चों को तुरंत मोहगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों की टीम ने बिना देरी किए इलाज शुरू किया जिसके चलते सभी बच्चों की जान बच सकी।

फिलहाल सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं और उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है। लेकिन सवाल यह है कि क्या हर बार किस्मत इतनी मेहरबान रहेगी अगर इलाज में थोड़ी भी देर होती तो यह घटना एक बड़े हादसे में बदल सकती थी। इस पूरे मामले ने महिला बाल विकास विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिले की महिला बाल विकास अधिकारी शालिनी तिवारी और परियोजना अधिकारी अनूप नामदेव की कार्यशैली पहले भी चर्चा में रही है लेकिन इस घटना ने उनकी जिम्मेदारी को सीधे कटघरे में खड़ा कर दिया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ये अधिकारी न तो नियमित रूप से ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करते हैं और न ही कार्यालय में समय पर उपलब्ध रहते हैं। ऐसे में आंगनवाड़ी केंद्रों की निगरानी कैसे हो रही है यह समझ से परे है। अगर समय-समय पर निरीक्षण किया जाता तो क्या इस तरह की लापरवाही सामने आती क्या जहरीली वस्तु बच्चों की पहुंच में रहती। इन सवालों का जवाब जिम्मेदार अधिकारियों को देना ही होगा।

यह कोई पहला मामला नहीं है जब आंगनवाड़ी केंद्रों में लापरवाही सामने आई हो। लेकिन हर बार जांच के नाम पर फाइलें दबा दी जाती हैं और जिम्मेदारों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। यही वजह है कि ऐसी घटनाएं बार बार दोहराई जाती हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिम्मेदारी सिर्फ कागजों में योजनाएं चलाना नहीं है बल्कि जमीनी स्तर पर उनकी निगरानी और क्रियान्वयन सुनिश्चित करना भी है। लेकिन यहां तो हालात यह हैं कि विभाग के अधिकारी खुद अपने दायित्वों से मुंह मोड़ते नजर आ रहे हैं। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते इस तरह की लापरवाही पर रोक नहीं लगाई गई तो भविष्य में और भी गंभीर घटनाएं हो सकती हैं। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। लोगों का साफ कहना है कि बच्चों की जिंदगी के साथ इस तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर प्रशासन ने जल्द कार्यवाही नहीं की तो वे आंदोलन का रास्ता भी अपना सकते हैं। घटना के बाद प्रशासन ने जांच के आदेश देने की बात कही है लेकिन यह जांच शब्द अब लोगों के लिए सिर्फ एक औपचारिकता बनकर रह गया है। हर घटना के बाद यही कहा जाता है लेकिन नतीजा शून्य रहता है।

यह घटना एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या सरकारी योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई हैं क्या बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सिर्फ भाषणों और रिपोर्टों में ही अच्छा दिखता है अगर आंगनवाड़ी जैसे संवेदनशील स्थानों पर भी बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही है तो यह पूरे सिस्टम की विफलता है। मोहगांव के छपरा टोला की यह घटना सिर्फ एक हादसा नहीं बल्कि एक चेतावनी हैउस सिस्टम के लिए, जो अपनी जिम्मेदारियों को भूल चुका है। अगर अब भी सुधार नहीं हुआ तो अगली बार हालात और भी भयावह हो सकते हैं।

# दशगात्र के सामूहिक भोज में फूड पॉयजनिंग

मण्डला (स्वतंत्र मत)।



मोहगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार देर रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब अचानक बड़ी संख्या में ग्रामीण उल्टी-दस्त और चेहरे में जलन की शिकायत लेकर पहुंचने लगे। देखते ही देखते अस्पताल परिसर मरीजों से भर गया और स्वास्थ्य अमला तत्काल सक्रिय हो गया। सभी पीड़ित डिंडोरी जिले के ग्राम जामझूला के निवासी बताए जा रहे हैं जो एक दशगात्र कार्यक्रम में शामिल हुए थे। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में भोजन करने के कुछ ही देर बाद लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। पहले कुछ लोगों को उल्टी और पेट दर्द की शिकायत हुई लेकिन देखते ही देखते दर्जनों लोग एक जैसी समस्या से जूझने लगे। स्थिति बिगड़ती देख ग्रामीणों ने तुरंत प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी। मोहगांव ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. कमलेश झिकराम ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला फूड पॉयजनिंग का प्रतीत हो रहा है।

देर रात करीब 2 बजे सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और 5 से 7 एम्बुलेंस की व्यवस्था कर लगभग 60 से अधिक मरीजों को सुबह 7 बजे तक मोहगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों में उल्टी दस्त पेट दर्द चेहरे में जलन और झनझनाहट जैसे लक्षण पाए गए। डॉक्टरों और स्टाफ ने तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया जिसके बाद अधिकांश मरीजों की हालत में सुधार हुआ और उन्हें छुट्टी दे दी गई। हालांकि एक महिला की हालत गंभीर बनी रही जिसे तत्काल मंडला जिला अस्पताल रेफर किया गया।

जिला अस्पताल में भर्ती महिला पार्वती के पति द्वारका धुर्वे ने बताया कि उनके घर में दशगात्र कार्यक्रम आयोजित था जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए थे। इस घटना ने ग्रामीण क्षेत्रों में सामूहिक भोज के दौरान खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# हम फाउंडेशन की बैठक संपन्न

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

महाराजपुर में हम फाउंडेशन की विवेकानंद शाखा की मासिक बैठक आयोजित की गई जिसमें आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया केंद्रीय कार्यालय को वार्षिक सदस्यता भेजने प्रस्ताव पारित किया गया एवं निर्णय लिया गया की जिन सदस्यों ने अभी सदस्यता राशि जमा नहीं की है वे शीघ्र जमा करें पूर्व बैठक में दिए गए निर्णय अनुसार कि बैठक में आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए पक्षियों की पेयजल व्यवस्था सकोरे वितरण किए गए तथा सकोरे की स्थापना हेतु सुझाव भी बताए गए। मासिक संकलन किया गया संगठन की गतिविधियां और संगठन को गति देने हेतु बैठक में उपस्थित सदस्यों में राकेश दीक्षित, आरके एस चौहान, सुरेश चौधरी, डीडी कुमरे, शिव पटेल, जिलाध्यक्ष एचपी झरिया, राजेंद्र नेमा, कोषाध्यक्ष एसके पटेल, विवेकानंद शाखा अध्यक्ष पुहुपसिंह भारत, शैलेंद्र भदोरिया, राम कुमार पाठक, बीके राय मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### पिंडरई में प्याऊ की स्थापना

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश शासन की महत्त्वाकांक्षी योजना जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल शक्ति से नव भक्ति सुरक्षित जल-समृद्ध कल पहल को आगे बढ़ाते हुए पिंडरई सेक्टर के छात्रों ने सराहनीय कदम उठाया। मप्र जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नैनपुर विकासखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में राहगीरों की सुविधा के लिए जल मंदिर प्याऊ स्थापित किए जा रहे हैं इसी क्रम में सेक्टर-2 पिंडरई की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सहयोग से 9 अप्रैल को ग्राम पंचायत पिंडरई के बस स्टैंड चौराहे पर जल मंदिर प्याऊ की स्थापना की गई।

### अधिकारी कर्मचारियों की बैठक

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** नवागत कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने गोलमेज कक्ष में कलेक्ट्रेट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की औपचारिक बैठक ली। उन्होंने सभी से परिचय लेते हुए उनके कामकाज के विषय में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि कलेक्ट्रेट की सभी शाखाएं शत-प्रतिशत ई-ऑफिस प्रणाली अपनाएं, इस पर विशेष ध्यान दें। सभी लोग टीम के रूप में कार्य करें। जो शाखाएं अभी ई-ऑफिस प्रणाली से पूरी तरह नहीं जुड़ी हैं उन्हें शीघ्र ई-ऑफिस प्रणाली अपनानी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हम सभी जनसेवक हैं इसलिए आवश्यक है कि सभी अधिकारी जनता के कार्यों को प्राथमिकता दें।

### जल गंगा संवर्धन पर संदेश

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी शाश्वत सिंह मीना के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सेमरखापा के पोषक ग्राम अचली में नवांकुर संस्था धेनुबाड़ी गौरक्षण समिति के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दीवार लेखन किया गया साथ ही अजीत सिंगरहा के निजी तालाब में सामूहिक श्रमदान कर जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया।

### आबकारी कार्यवाही, मदिरा जब्त

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर के निर्देशन एवं प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध सघन कार्रवाई की गई। निवास क्षेत्र में की गई दबिश के दौरान बबलिया में दो दुकानों से कुल 52 नग देसी एवं विदेशी मदिरा बरामद कर जब्त की गई। वहीं मण्डला के पड़ाव रोड स्थित एक दुकान से थैले में विक्रय के लिए रखी गई 28 नग देसी विदेशी मदिरा भी जब्त की गई। इस कार्रवाई में कुल 45 नग देसी मदिरा प्लेन एवं 35 नग विदेशी मदिरा सहित कुल 115 नग मदिरा बरामद की गई। अवैध रूप से मदिरा विक्रय करने वाले आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

# सिंधी भाषा दिवस पर किया रक्तदान

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वाधान में सिंधु नवयुवक मंडल के द्वारा एक जागरूकता पहल के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें रक्तदाताओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की। अंबेडकर वार्ड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब परिसर में रक्तदान शिविर संपन्न हुआ। आयोजन की शुरुआत में सामाजिक चिकित्सक डॉ प्रहलाद क्षत्री, डॉ राहुल पमनानी, डॉ शालू वीरानी, डॉ वसुंधरा पमनानी,चिकित्सा सलाहकार श्याम लालवानी, पूज्य सिंधी पंचायत, सिंधु नवयुवक मंडल के सदस्यों की मौजूदगी में रिबन काटकर शुभारंभ किया गया भगवान झूलेलाल के तैल्यचित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर पुरुष एवं महिलाओं के द्वारा 44 यूनिट रक्तदान किया गया। आयोजन में जिला चिकित्सालय से मेडिकल ऑफिसर डॉ अंशुल शर्मा, पैथोलॉजी विशेषज्ञ डॉ योगेश सिरश्याम एवं जिला ब्लड बैंक की टीम के सदस्यों का सहयोग रहा।

### पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ

***मण्डला ( स्वतंत्रमत )।*** *ग्राम पंचायत भावल के आंगनवाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सरपंच नोहर मरावी द्वारा सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वहीं ग्राम पंचायत मैली के आंगनवाड़ी केंद्र में पंच श्रीमती रामवती वंशकार द्वारा सरस्वती पूजन संपन्न हुआ कार्यक्रम के दौरान ग्राम में जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें ग्रामीणों को 15 दिवसीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया। रैली के माध्यम से संतुलित आहार, स्वच्छता एवं बच्चों के समुचित पोषण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।*

# जंगल में जुआ खेलते 14 आरोपी धराए

मण्डला (स्वतंत्र मत)।



पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में अवैध जुआ सट्टा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बम्हनी पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई 10 अप्रैल को मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के नेतृत्व में नैनपुर अनुभाग की टीम द्वारा ग्राम भवरताल के जंगल में दबिश दी गई। मौके पर कुछ व्यक्ति ताश पत्तों पर रुपए पैसों का दांव लगाकर जुआ खेलते पाए गए। पुलिस द्वारा घेराबंदी कर कुल 14 आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया कार्यवाही के दौरान आरोपियों के कब्जे से नगदी वाहन मोबाइल एवं अन्य सामग्री जप्त की गई आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट एवं 112(1) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है उक्त उत्कृष्ट कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम को अपराध नियंत्रण में सराहनीय कार्य करने पर दस हजार रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया है। यहां पर बलराम यादव कातामाल, गोलूराम मरावी कातामाल, दुर्गेश साहू सोनी मोहल्ला बम्हनी, शशांक जंघेला बम्हनी, सचिन तिलाशय परसवाडा बालाघाट, सुरेश झारिया बिंझिया, सुरेश कुमार भाण्डे कातामाल,भरत चक्रवर्ती ठरका, घनश्याम हिरवानी परसवाडा बालाघाट, विनोद साहू चंदना बालाघाट, तुलसीराम ब्रम्हे परसवाडा बालाघाट, अंकुर झारिया अंजनिया, रज्जन बरमन पुरवा महाराजपुर, विष्णु वैध सुकड़ी बालाघाट, आरोपियों को विधिवत गिरफ्तारी का कारण बताकर उनके परिजनों को सूचना दी गई तथा उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जप्त सामग्री नगदी राशि 2,33,200/ 16 मोबाइल फोन, 1 बोलेरो वाहन, 4 मोटरसाइकिल, 1 स्कूटी,15 गड्डी ताश पत्ते, रंग-बिरंगी दरी कुल जप्त सामान लगभग 11,50,000 पुलिस टीम एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के मार्गदर्शन में उनि पुनीत वाजपेयी, प्र.आर. केएम मरावी, जयप्रकाश सिंगौर, आर.अखिलेश सचान, ओ.पी. बघेल, सुरेन्द्र धुर्वे, सुरेश भटेरे शामिल रहे।

# फुटबॉल टीम इंदौर के लिए रवाना

मण्डला (स्वतंत्र मत)।



मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ के द्वारा अंडर-20 डीएफए बालक राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगता आज से 17 अप्रैल तक इंदौर जिले में आयोजित होगी। फुटबॉल कोच पंकज उसराठे ने बताया कि इस प्रतियोगता में मध्यप्रदेश के 16 जिले की टीम मंडला, बालाघाट ,छिंदवाड़ा, इंदौर, जबलपुर, भोपाल, सिंगरौली, बैतूल, रायसेन, सिहोर, शहडोल, नर्मदापुरम, देवास, शिवपुरी, ग्वालियर जिले की टीम भाग ले रही है मंडला अंडर-20 डीएफए की चयन ट्रायल 30 मार्च को महात्मा गांधी स्टेडियम में लिया गया। जिसमे जिले के सभी विकासखंडों के 80 खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया जिसमे अंडर-20 डीएफए टीम के 18 खिलाड़ियों का चयन किया गया टीम के खिलाड़ी भुवनेश कुलस्ते, दिलीप मरावी, शिवम धुर्वे, अरुण मरावी, यावेश संत, अजय मरावी, नागेश्वर धुर्वे, प्रिंस उइके, रोहित कुमार, अजीत कुमार, प्रदीप मार्को, डेनिश भावेदी, अशोक उइके, शिवराज यादव, मनीष धुर्वे एम, सूर्यांश चौरसिया टीम से भाग लेगे मंडला अंडर-20 डीएफए टीम का पहला मैच डीएफए शहडोल बीच 12 अप्रैल को इंदौर के नेहरू स्टेडियम मैं खेला जायेगा। जिला फुटबाल संघ अध्यक्ष डॉ. दिलीप शर्मा, जिला खेल अधिकारी विकास खराडकर, संघ उपाध्यक्ष अनिल सोनी, भीष्म द्विवेदी, संघ सदस्य राजेश पाठक,अनूप वासल, सत्यनारायण अग्रवाल, पप्पू शर्मा,सुनील सराफ, चंद्रेश खरे, वेद प्रकाश कुलस्ते गोल्डी, राम कृष्ण सेवाश्रम के स्वामी शारदामानन्द, दिग्विजय सिंह,,मतीन खान, अभिनव जैन, आकाश खत्री, सोना दुबे, त्रिलोक डोगरे,जावेद ख़ान,समीर बाजपेई, पवन नंदा, बिलाल ख़ान,अभिषेक यादव, मुजवी हसन, देवेंद्र सरोते, राजीव धुर्वे, कुशल भवेदी सहित नगर के सभी खेल प्रेमियों ने भविष्य में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी ।

# कलेक्टर को ज्ञानदीप परिवार ने दी विदाई

मण्डला (स्वतंत्र मत)।



कलेक्टर सोमेश मिश्रा के नर्मदापुरम स्थानांतरण पर ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल परिवार द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन शिक्षक शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं तथा शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर के स्वागत से की गई। विद्यालय पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके पश्चात स्कूली छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक स्टाफ ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर पुष्प वर्षा के साथ उनका आत्मीय अभिनंदन किया।

मंचासीन होने के बाद सरस्वती पूजन के साथ विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन की ओर से सेक्रेटरी संजय तिवारी, उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, अजय खोत, मनोज फागवानी, संजय शर्मा, प्रसन्न सराफ, प्राचार्य दिनेश दुबे सहित विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने कलेक्टर का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने अपने उद्बोधन में बच्चों के हित को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि शिक्षा के विकास के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं उन्होंने विद्यालय परिवार के स्नेह और सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंडला की यादें उनके लिए सदैव विशेष रहेंगी। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता नेहा मिश्रा ने प्रभावी ढंग से किया अंत में प्राचार्य दिनेश दुबे द्वारा सभी अतिथियों एवं कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



# नवागत कलेक्टर ने किया कार्यभार ग्रहण

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** नवागत कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने 11 अप्रैल को कलेक्टर मण्डला के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। निवर्तमान कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने उन्हें विधिवत रूप से कलेक्टर मण्डला का प्रभार सौंपा। नवागत कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2017 बैच के अधिकारी हैं। इसके पूर्व मध्यप्रदेश शासन के नर्मदा घाटी विकास विभाग में उपसचिव के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। साथ ही उनके पास जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त प्रभार की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी थी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला कोषालय अधिकारी अखिलेश नेटी उपस्थित थे।

# नगर में मनाई गई ज्योतिराव फुले की जयंती

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।



मुख्य मार्ग स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थल पर ज्योतिराव फुले जी की जयंती मनाने बड़ी संख्या में नगर के राजनेतिक व सामाजिक बन्धुओ ने एकत्रित होकर बड़े ही सादगी के जयंती मनाया। उपस्थित वक्ता जयंत रंगारी ने ज्योतिराव फुले जी के जीवन पर प्रकाश डाला। बताया गया कि आप भारत के सामाजिक इतिहास में कुछ ऐसे महान व्यक्तित्व हुए हैं जिन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाकर बदलाव की नींव रखी। उन्हीं महान हस्तियों में से एक थे ज्योतिराव फुले, जिन्हें आधुनिक भारत का अग्रणी समाज सुधारक माना जाता है। उन्होंने जाति प्रथा, बाल विवाह, महिला शिक्षा की कमी और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ खुलकर संघर्ष किया।

ज्योतिराव फुले का जीवन सिर्फ एक व्यक्ति की कहानी नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति का प्रतीक है। उन्होंने शिक्षा को समाज सुधार का सबसे बड़ा हथियार माना और महिलाओं व दलित वर्ग के लिए शिक्षा के दरवाजे खोले। उस दौर में जब लड़कियों को पढ़ाना पाप समझा जाता था, तब उन्होंने अपनी पत्नी के साथ मिलकर पहला बालिका विद्यालय खोला।

आज भी उनके विचार और कार्य हमें समानता, शिक्षा और मानवता की ओर प्रेरित करते हैं। हर साल 11 अप्रैल को ज्योतिराव फुले की जयंती मनाई जाती है। इस दिन उनके योगदान को याद किया जाता है और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्हें च्महात्मा फुलेज्ज के नाम से भी जाना जाता है, जो उनके महान कार्यों का प्रतीक है।

**शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक योगदान** - ज्योतिराव फुले ने शिक्षा को समाज सुधार का मुख्य माध्यम बनाया। उन्होंने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर 1848 में भारत का पहला बालिका विद्यालय शुरू किया। यह कदम उस समय एक क्रांतिकारी पहल थी, जिसने महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने की दिशा में नया रास्ता खोला। समाज सुधार में प्रमुख उपलब्धियां उन्होंने जाति प्रथा और छुआछूत के खिलाफ आवाज उठाई और दलितों व पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना की, जिसका उद्देश्य समाज में समानता और न्याय स्थापित करना था। यह संगठन समाज में जागरूकता फैलाने में बेहद प्रभावी साबित हुआ।

# दालें करती हैं कॉलेस्ट्रॉल से लड़ने में आपकी मदद



हमारी रसोई में मौजूद कुछ साधारण दालें 'बैड कॉलेस्ट्रॉल' (एलडीएल) की समस्या से लड़ने में बेहद कारगर साबित हो सकती हैं। भारतीयों के किचन में मौजूद लाल मसूर और हरी मूंग की दाल फाइबर का बेहतरीन स्रोत होती हैं। लाल मसूर में घुलनशील फाइबर प्रचुर मात्रा में होता है, जो शरीर से अतिरिक्त वसा और विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है। वहीं हरी मूंग की दाल हल्की और आसानी से पचने वाली होती है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर धमनियों में कॉलेस्ट्रॉल को जमने से रोकते हैं। नियमित सेवन से ये दोनों दालें दिल को स्वस्थ बनाए रखने में सहायक होती हैं। काली उड़द और चने की दाल भी इस दिशा में अहम भूमिका निभाती हैं। काली उड़द न केवल 'गंदे कॉलेस्ट्रॉल' को कम करने में मदद करती है, बल्कि शरीर में 'अच्छे कॉलेस्ट्रॉल' (एचडीएल) को बढ़ाने में भी सहायक होती है। इसमें मौजूद पोटैशियम और मैग्नीशियम दिल की धड़कन और ब्लड प्रेशर को संतुलित बनाए रखते हैं। इसी तरह चने की दाल कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स और उच्च फाइबर के कारण कॉलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में प्रभावी मानी जाती है। छोले और राजमा भी पोषण से भरपूर विकल्प हैं। छोले में प्रचुर मात्रा में फाइबर और प्लांट-बेस्ड प्रोटीन होता है, जो शरीर में जमा अतिरिक्त फैट को नियंत्रित करने में मदद करता है। वहीं राजमा, जिसे अक्सर भारी भोजन माना जाता है, सही मात्रा और तरीके से सेवन करने पर दिल के लिए फायदेमंद साबित होता है इसमें मौजूद फाइबर और पोटैशियम हाई ब्लड प्रेशर को कम करने के साथ-साथ कॉलेस्ट्रॉल स्तर को भी संतुलित रखने में मदद करते हैं। कुल मिलाकर, यदि आप अपनी डाइट में इन दालों को नियमित रूप से शामिल करते हैं, तो यह न केवल आपके शरीर को आवश्यक पोषण देंगे, बल्कि आपकी धमनियों को साफ रखने और दिल को स्वस्थ बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाएंगे। हालांकि संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के साथ ही इनका अधिकतम लाभ मिलता है। बता दें कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और अनियमित खान-पान का असर सबसे ज्यादा हमारे खून पर पड़ता है। धीरे-धीरे शरीर में 'बैड कॉलेस्ट्रॉल' (एलडीएल) बढ़ने लगता है, जो रक्त धमनियों में जमा होकर खून के प्रवाह को बाधित करता है।



## यहां ना सड़कें हैं ना कारें, हॉर्न की जगह बत्तखों की आवाज और पानी की कल-कल देती है सुनाई

### नीदरलैंड के गिएथूर्न गांव की लाइफस्टाइल है कूल, इसे नॉर्थ का वेनिस कहा जाता है

सोचिए अगर आप किसी ऐसी जगह हों जहां आप सुबह सोकर उठें और खिड़की खोलें तो आपको हॉर्न के शोर की जगह बत्तखों की आवाज और पानी की धीमी कल-कल सुनाई दे। आप ऑफिस जाने के लिए बाहर निकलते हैं, लेकिन गैरेज में कार नहीं, एक छोटी सी इलेक्ट्रिक बोट खड़ी मिले। यह कोई काल्पनिक कहानी नहीं, बल्कि नीदरलैंड के गिएथूर्न इलाके की हकीकत है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गिएथूर्न की लाइफस्टाइल इतनी कूल है कि इसे नॉर्थ का वेनिस कहा जाता है। आज की दुनिया में दो समस्याएं सबसे बड़ी हैं एक ग्लोबल वॉर्मिंग और दूसरी मानसिक तनाव। गिएथूर्न की सुकून वाली जिंदगी इन दोनों का समाधान है। रिपोर्ट के मुताबिक जब हम किसी शहर के बारे में सोचते हैं, तो दिमाग में फ्लाईओवर, ट्रैफिक सिग्नल और प्रदूषण का नजारा सामने आता है, लेकिन गिएथूर्न ने दुनिया को दिखाया है कि बिना सड़कों के भी जिंदगी शानदार हो सकती है। इस पूरे गांव के मुख्य हिस्से में एक भी सड़क नहीं है। यहां एक घर से दूसरे घर तक जाने के लिए या तो आपको नाव का सहारा लेना पड़ता है, या फिर उन 170 से ज्यादा लकड़ी के छोटे-छोटे पुलों पर पैदल चलना होगा जो नहरों के ऊपर बनाए गए हैं। यहां के लोग अपनी ग्रॉसरी से लेकर फर्नीचर तक सब कुछ नावों के जरिए ही इधर-उधर ले जाते हैं। यहां की शांति किसी थेरेपी से कम नहीं। यहां की सरकार ने सड़कों के प्रस्ताव को ठुकरा दिया ताकि उनकी शांति भंग न हो। यहां की नावों को विस्पर बोट्स कहा जाता है। इनमें इलेक्ट्रिक मोटर लगी होती है जो बिल्कुल आवाज नहीं करतीं और न ही धुआं छोड़ती हैं। यहां की हवा इतनी शुद्ध है कि शहर से आने वाले इंसान को अपनी सांसें भारी लगने लगती हैं। गिएथूर्न में सबसे तेज आवाज जो आप सुन सकते हैं, वह पक्षी की चहचहाहट या किसी के चप्पू के पानी से टकराने की होगी।

यहां लोग पैदल चलना, साइकिल और नावों की सवारी करना पसंद करते हैं। कई लोगों ने दफ्तर पहुंचने के लिए अपनी पर्सनल विस्पर बोट रखी है और उन्हें दफ्तर तक पहुंचने में 10 मिनट से ज्यादा समय नहीं लगता क्यों यहां कोई ट्रैफिक जाम ही नहीं होता, लेकिन इमरजेंसी के लिए यहां वॉटर एम्बुलेंस जरूर हैं। इस जगह ने अपनी जड़ों और प्रकृति को बचाकर रखा, इसीलिए आज जब दुनिया हीटवेव और डिप्रेशन से जूझ रही है, यहां के लोग अपनी नाव में बैठकर सुकून की लहरों पर तैर रहे हैं। यहां एसपी की जरूरत नहीं पड़ती, वे नहरों के ठंडे पानी और पेड़ की छांव में बिना किसी मशीन के मस्त रहते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक यहां की जलसड़कें ही नहीं घर भी खास हैं। हर घर की छत घास-फूस से बनी है, जो 18वीं सदी की याद दिलाती है। हर घर के सामने सुंदर बगीचे हैं जो सीधे नहर के पानी से मिलते हैं। यहां की जिंदगी में एक विरोधाभास भी है। यहां की आबादी केवल 2800 लोगों की है और वे सुकून से रहना चाहते हैं लेकिन दुनिया के सबसे खूबसूरत इलाके का टैग यहां दुनियाभर से लोगों को खींच लाता है। इस छोटे से जगह हर साल दुनिया भर से 10 लाख से ज्यादा पर्यटक आते हैं। अपने बगीचे में सुकून से कॉफी पी रहे यहां के लोगों को सामने से गुजरती नाव में बैठे 50 पर्यटकों की भीड़ किसी अजूबे से कम नहीं होती।

यहां के लोगों ने भीड़ के बावजूद अपनी प्राइवेसी को बचा कर रखा है। स्थानीय लोग और प्रशासन दोनों पर्यटकों की भीड़ के बावजूद सड़कें बनाने का विरोध करते हैं। यहां के लोग दुनिया की रैट रेस का हिस्सा नहीं हैं बल्कि सुकून से जिंदगी एंजॉय करने के लिए जाने जाते हैं। लोगों के पास वक्त ही वक्त है पड़ोसी से बात करने के लिए, साथ बैठकर चाय पीने के लिए और प्रकृति को निहारने के लिए। यहीं कारण है जहां पूरी दुनिया 5जी और सुपरफास्ट ट्रांसपोर्ट के पीछे पागल है, वहीं यह गांव स्लो लिविंग को अपनाकर दुनिया का सबसे खुशहाल है।

# इस प्रकार वजन घटा सकतीं हैं आप



बिजी लाइफस्टाइल में हमें अपनी सेहत पर ध्यान देने का वक्त ही नहीं मिलता। इस वजह से अधिकतर महिलाएं मोटापे का शिकार बन जाती हैं। मोटापा सबसे ज्यादा हमारे पेट पर नजर आता है। यह स्वास्थ्य के लिए खराब तो है ही, देखने में भी काफी बुरा गलता है।

मोटापे के बड़े कारणों में खाने-पीने की आदतों में बदलाव न कर पाना और व्यायाम के लिए समय न निकाल पाना है।हमारा अस्त-व्यस्त रुटीन हमारी इस परेशानी की सबसे बड़ी वजह है। अगर आपके पास भी समय नहीं है तो परेशान ना हों , क्योंकि आज हम आपको बता रहें कि डाइटिंग और एक्सरसाइज किए बिना आप किस तरह अपने वजन को कम कर सकती हैं। आपको बस अपनी कुछ आदतों में सुधार करने की जरूरत है।

***सोने का सही तरीका***- सोने का तरीका हमारी बहुत सी परेशानियों को दूर करने में मददगार होता है। सामान्य रूप से सात से आठ घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए। आज के समय में बेहद व्यस्त दिनचर्या के चलते ज्यादातर लोग पर्याप्त नींद नहीं ले पाते हैं और ये भी मोटापे की एक प्रमुख वजह है।

***सोडा पीने की जगह पानी अपनाएं***- अगर आपको सोडा और दूसरे सॉफ्ट ड्रिंक पीना पसंद है तो यह आपके मोटापे की प्रमुख वजह हो सकता है। इन पेय-पदार्थों में पर्याप्त मात्रा में कैलोरी होती है जिससे वजन बढ़ना तय है। तो ऐसे में अब अगर आपको जब भी प्यास लगे तो सॉफ्ट ड्रिंक की जगह सादा पानी पिएं।

***सीधे खड़े रहकर***- अगर आपको अपना बढ़ा हुआ पेट अजीब नजर आने लगा है तो आज से सीधे खड़े होने की आदत डाल लीजिए। बेली फैट को कम करने के लिए यह सबसे सही पोश्चर है।

***पेट अंदर करके बैठना***- अगर आप बैठे हैं तो कोशिश कीजिए कि घुटनों को मोड़कर 30 सेंकेंड्स के लिए सांस अंदर खींचकर बैठें। अगर आप दिन में पांच से छह बार भी ऐसा कर लेते हैं तो कुछ ही दिनों में आपको परिणाम नजर आने लग जाएंगे।

## मन को शांत इस प्रकार रखें

आजकल सभी काम और अन्य चिन्ताओं से तनाव में रहते हैं। इससे मन में एक प्रकार का बोझ बना रहता है। चिंता, डिप्रेशन, हाई ब्लड प्रेशर, और नींद न आने जैसी समस्याएं बेचैन मन के ही कारण हैं। ऐसे में मन को शांत रखना न सिर्फ जरूरी है, बल्कि इसे एक आदत बनाना जरुरी है। आम तौर पर हमारा दिमाग बेकार की बातों में उलझ जाता है, जिससे न तो हम अपने जरूरी कामों पर फोकस कर पाते हैं और न ही शांति महसूस कर पाते हैं। ऐसी स्थिति में तनाव बढ़ने लगता है, और छोटी-छोटी बातों पर झगड़ने लगते हैं। अगर आप भी ऐसी परेशानी महसूस कर रहे हैं, तो थोड़ा रुकिए. यह समय है अपने दिमाग की डीप क्लीनिंग का, जिससे आप खुद को शांत और प्रोडक्टिव महसूस कर सकें। ऐसा करने से आप अपने काम पर ध्यान दे पाते हैं। डायरी लिखने की आदत डालें। रात को सोने से पहले 15 मिनट डायरी लिखें। यह आपके विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने का बेहतरीन तरीका है। इससे न केवल आपका तनाव कम होगा, बल्कि आप दिनभर बेहतर महसूस करेंगे और अपने काम पर अधिक ध्यान दे पाएंगे। संगीत न केवल आपके मूड को ठीक करता है, बल्कि मेमोरी, ध्यान केंद्रित करने और लर्निंग स्किल्स को भी बेहतर बनाता है। जब आप परेशान हों, तो अपना पसंदीदा संगीत सुनें। यह आपकी एंग्जायटी को कम करने और मन को शांत करने में मदद करेगा। अच्छी नींद लें- रात की 7 घंटे की गहरी नींद आपकी मानसिक और भावनात्मक स्थिति को बेहतर बनाएगी।

# सुंदरता बढ़ाने करी पत्ते का सेवन करें

अगर आप अपनी सुंदरता बढ़ना चाहती है तो खाने में करी पत्ते को सेवन करें। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन और आयरन त्वचा और बालों को हेल्दी बनाने में मदद करते हैं। चेहरे पर अगर पिंपल्स हैं, दाग-धब्बे, टैनिंग या डार्क स्पॉट्स हैं तो करी पत्ते का फेस मास्क लगाएं। इसके एंटीसेप्टिक और एंटीबैक्टीरियल गुण चेहरे को बेदाग और चमकदार बनाते हैं। फेस मास्क बनाने के लिए करी पत्ते के 10 से 15 ताजे पत्ते दें। इन्हें अच्छे से धोकर पीस लें। अब इसमें 1 चम्मच दही और चुटकी भी हल्दी मिलायें। इस पेस्ट को चेहरे पर 15 से 20 मिनट के लिए लगा लें। ऐसा हफ्ते में 2 बार करें, चेहरा चमकने लगेगा। अगर आपको नरम स्किन चाहिए तो करी पत्ते से फेस सीरम बनाएं। इसके लिए 15 ताजे करी पत्ते लें। इसे गुलाब जल मिलाकर पीस लें। इसके बाद इसे छानकर रस अलग कर लें। अब इसमें एलोवेरा जेल मिलाएं। अगर ऑयली स्किन है तो कुछ बूंद नींबू का रस डालें और अगर ड्राई स्किन है तो 1 विटामिन ई की कैप्सूल मिक्स करें। इस मिश्रण को एयरटाइट बोतल में भरकर फ्रिज में रख दें। रात को सोने से पहले इसकी कुछ बूंदें लेकर चेहरे पर लगाएं। आजकल बढ़ता स्ट्रेस और गंदा पानी बालों की सेहत को बिगाड़ रहा है। इस कारण से बाल बहुत झड़ने लगे हैं। इस समस्या से बचने के लिए करी पत्ते का तेल बनाएं। इसके लिए एक बर्तन में आधा कटोरी नारियल का तेल लें इसमें 20 ताजे करी पत्ते डालें और इसे गर्म करें।

# एनिमेशन में संभावनाएं



एनिमेशन कोर्स दसवीं पाक भी कर सकते हैं। बस आपमें क्रिएटिविटी और नये विचारों के साथ ही लगातार बेहतर करने का जुनून होना चाहिये। एनीमेशन में कॅरियर बनाने के इच्छुक लोग ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट व डिप्लोमा कोर्स अवश्य कर सकते हैं। अधिकांश कॉलेजों में बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स में एक विषय के तौर पर एनिमेशन पढ़ाया जाता है।

कई बड़े संस्थानों में डिप्लोमा या एडवांस डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स के तहत मार्केट की मांग के मुताबिक एनिमेशन की प्रोफेशनल ट्रेनिंग दी जाती है, जहां इंडस्ट्री के प्रोजेक्ट पर भी काम करने का मौका मिलता है। ऐसे कोर्सों का समय एक से दो वर्ष का होता है। इसके दौरान ड्राइंग, ग्राफिक्स, प्रोडक्शन, प्रोग्रामिंग, लाइटिंग इत्यादि के साथ-साथ एनिमेशन एवं डिजिटल आर्ट्स की डिटेल में जानकारी प्रदान की जाती है।

**एनीमेशन के क्षेत्र में आपार संभावनाएं हैं। एनिमेशन का प्रयोग ना केवल छोटे-मोटे एडवरटाइजमेंट और ग्राफ़िक्स इत्यादि में किया जाता है, बल्कि पूरी की पूरी फिल्में और सीरियल्स भी इसी पर बनने लगे हैं। कार्टून सीरियल आदि भी एनिमेशन के जरिये ही काम करते हैं।**

मुख्य रूप से 2-डी और 3-डी एनिमेशन का आज के समय में काफी चलन है। हालांकि मोशन ग्राफ़िक्स एवं स्टॉप एनीमेशन भी कई जगहों पर प्रयोग में लाया जाता है।

एनिमेशन के क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए आपका क्रिएटिव होना ज्यादा आवश्यक होता है। अगर आप अपने विचारों को, अपनी इमैजिनेशन को नया रूप दे सकते हैं, उसे नये तरीके से सोच सकते हैं, तो इस बात में कोई संदेह नहीं है कि एनिमेशन क्षेत्र में आप एक बेहतर कैरियर बना सकते हैं। क्रिएटिविटी के साथ-साथ एनिमेशन के लिए तमाम तकनीकी जानकारी की आवश्यकता भी होती है। जैसे स्क्रिप्टिंग, स्कल्पटिंग, लाइफ ड्राइंग, मॉडल एनिमेशन आदि। ध्यान रहे कि एक पेशेवर एनिमेटर बनने के लिए कठिन परिश्रम , के साथ विज़ुअलाइज़िंग एबिलिटी, इमैजिनेशन, क्रिएटीविटी, लॉजिकल अंडरस्टैंडिंग और डेडलाइन के तहत कार्य करने की आदत भी होनी चाहिए। आप घर पर भी सॉफ्टवेयर की सहायता से एनिमेशन सीख सकते हैं। आज के इंटरनेट के दौर में आप यूट्यूब से भी एनीमेशन के कई सॉफ्टवेयर और उसे ऑपरेट करने के लिए फॉर्मल ट्रेनिंग प्राप्त कर सकते हैं।

रोजगार की बात करें तो इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। तमाम विज्ञापन एजेंसीज में एनीमेशंस का प्रयोग बेहतर ढंग से होने लगा है, तो वेब डिजाइनिंग के क्षेत्र में भी इसका प्रयोग बड़े स्तर पर हो रहा है। साथ ही टीवी सीरियल, ओटीटी और फिल्म निर्माण के क्षेत्र में तो इसका प्रयोग है ही। आप चाहें तो अनुभव के बाद इस अपना स्वयं का काम भी शुरु कर सकते हैं।



# भारत ने देख लिया था भविष्य, पाकिस्तान के दिए मौके को लपका

नई दिल्ली

साल 2025 में 22 अप्रैल को पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने पहलगाम में हमला कर निर्दोष पर्यटकों का नरसंहार किया था। इस घटना ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया था। दोनों देशों के बीच पहले से ही चल रहे तल्ख रिश्ते और भी खराब हो गए। भारत ने इसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च कर पाकिस्तान में मौजूद कई आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। पाकिस्तान के सैन्य एयरबेस को भी टार्गेट पर लिया था। इसके साथ ही भारत ने सिंधु जल समझौते को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया। दशकों पहले हुए इस करार के तहत रावी, ब्यास और सतलज नदियों का पानी भारत के हिस्से में और सिंधु, झेलम और चेनाब नदियां पाकिस्तान के हिस्से में गई थीं। हालांकि, समझौते के अमल में न रहने के चलते अब भारत इन सभी नदियों पर लंबित विद्युत परियोजनाओं और डैम बनाने के काम को रफ्तार दे रहा है। एक आकलन के अनुसार, सिंधु नदी तंत्र पर यदि तमाम हाइड्रो प्रोजेक्ट को पूरा कर लिया जाए तो कुल मिलाकर तकरीबन 34000 मेगावाट बिजली पैदा की जा सकती है। भारत पारंपरिक ऊर्जा के लिए खाड़ी के देशों पर निर्भर है। ईरान जंग के चलते भारत के लिए एनर्जी गेटवे की तरह काम करने वाले होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही बुरी तरह से प्रभावित हुई है। ऐसे में यदि इंडस वॉटर सिस्टम के तहत आने वाली नदियों पर हाइड्रो प्रोजेक्ट्स को पूरा कर लिया जाए तो आने वाले कुछ दशकों के बाद भारत हजारों मेगावाट बिजली पैदा करने के साथ ही बढ़ती एनर्जी जरूरतों को पूरा करने की स्थिति में होगा। देश की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों और जल संसाधनों के बेहतर उपयोग के उद्देश्य से भारत ने सिंधु नदी तंत्र पर जलविद्युत परियोजनाओं के विकास को तेज कर दिया है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, भारत में सिंधु नदी बेसिन की कुल जलविद्युत क्षमता 33,832 मेगावाट से अधिक आंकी गई है, जिसमें से वर्ष 2012 तक लगभग 10,779 मेगावाट क्षमता विकसित की जा चुकी थी। इसके बाद से विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में कई नई परियोजनाओं को गति दी गई है। सिंधु नदी तंत्र में विशेष रूप से पश्चिमी नदियों (चिनाब, झेलम और सिंधु) में लगभग 20,000 मेगावाट पावर जेनरेशन की क्षमता मौजूद है, लेकिन अभी तक इसका एक छोटा हिस्सा (करीब 4,000 मेगावाट) ही विकसित हो पाया है। यही कारण है कि केंद्र सरकार अब इन क्षेत्रों में अधूरी परियोजनाओं को पूरा करने और नई परियोजनाओं को शुरू करने पर जोर दे रही है।



### ये परियोजनाएं बेहद खास

चेनाब बेसिन को इस दिशा में सबसे अहम माना जा रहा है, जहां 14 गीगावाट से अधिक क्षमता की पहचान की गई है। यहां पाकल दुल (1,000 मेगावाट), रतले (850 मेगावाट), किरो (624 मेगावाट) और क्वार (540 मेगावाट) जैसी परियोजनाएं तेजी से निर्माणाधीन हैं। पाकल दुल परियोजना (जो मरुसुदर नदी पर बन रही है) को राष्ट्रीय महत्व की परियोजना घोषित किया गया है और इसके दिसंबर 2026 तक चालू होने की संभावना है। वहीं, रतले परियोजना को 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। झेलम बेसिन में उरी-1 और उरी-2 (प्रत्येक 240 मेगावाट) और किशनगंगा (330 मेगावाट) जैसी परियोजनाएं पहले से चालू हैं। इसके अलावा रावी और ब्यास बेसिन में भी कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं भी चल रही हैं, जिनमें चमेरा श्रृंखला, रंजीत सागर बांध और पोंग बांध प्रमुख हैं। हाल ही में 2024 में शाहपुरकंडी बांध (206 मेगावाट) का निर्माण पूरा हुआ, जिससे पंजाब और जम्मू-कश्मीर में सिंचाई और बिजली उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

### समझें भारत की रणनीति

**पहलगाम हमले के बाद तनाव चरम पर :** 22 अप्रैल 2025 को पाकिस्तान समर्थित आतंकियों द्वारा पहलगाम में पर्यटकों के नरसंहार ने भारत-पाक संबंधों को गंभीर रूप से प्रभावित किया, जिससे दोनों देशों के बीच पहले से जारी तनाव और बढ़ गया।

**भारत का सैन्य और कूटनीतिक जवाब :** हमले के जवाब में भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च कर पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों और सैन्य एयरबेस को निशाना बनाया, साथ ही सिंधु जल समझौते को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया।

**सिंधु नदी तंत्र पर फोकस बढ़ा :** समझौते के प्रभावी न रहने के बीच भारत ने सिंधु नदी प्रणाली पर लंबित जलविद्युत परियोजनाओं को तेज कर दिया है। अनुमान के अनुसार, इस तंत्र से करीब 33,800 से 34,000 मेगावाट बिजली उत्पादन संभव है।

**पश्चिमी नदियों में बड़ी संभावनाएं :** चिनाब, झेलम और सिंधु जैसी पश्चिमी नदियों में लगभग 20,000 मेगावाट क्षमता मौजूद है, लेकिन अभी तक केवल करीब 4,000 मेगावाट ही विकसित हो पाया है। सरकार अब अधूरी परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने पर जोर दे रही है।

**ऊर्जा आत्मनिर्भरता और रणनीतिक बढ़त :** खाड़ी देशों पर निर्भरता और होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधाओं के बीच भारत हाइड्रो प्रोजेक्ट्स के जरिए ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करना चाहता है। विशेषज्ञों के अनुसार, इंडस बेसिन में कुल क्षमता 60 गीगावाट तक हो सकती है, जो देश को दीर्घकाल में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर ले जा सकती है।

### भाखड़ा नांगल और नाथपा झाकरी पावर प्रोजेक्ट

सतलुज नदी पर स्थित भाखड़ा-नंगल परियोजना और नाथपा झाकरी (1,500 मेगावाट) जैसे बड़े प्रोजेक्ट भारत के जलविद्युत ढांचे की रीढ़ माने जाते हैं। इसके अलावा लद्दाख क्षेत्र में भी निमू-बाजगो और चुटक जैसी परियोजनाएं स्थानीय ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर रही हैं। सिंधु जल संधि (1960) के तहत भारत को पूर्वी नदियों (रावी, ब्यास और सतलुज) पर पूर्ण अधिकार प्राप्त हैं, जबकि पश्चिमी नदियों पर केवल 'रन-ऑफ-द-रिवर' परियोजनाएं विकसित करने की अनुमति है। हालांकि, हाल के वर्षों में भारत ने इस संधि को लेकर अपने रुख में बदलाव किया है और इसे 'अप्रभावी' मानते हुए पश्चिमी नदियों पर भी अधिक सक्रियता दिखाई है। रणनीतिक दृष्टि से भी ये परियोजनाएं महत्वपूर्ण हैं। सरकार का लक्ष्य न केवल ऊर्जा उत्पादन बढ़ाना है, बल्कि जल भंडारण क्षमता को भी बढ़ाना है, जिससे बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई और क्षेत्रीय विकास को बल मिल सके। साथ ही नई परियोजनाओं में आधुनिक तकनीकों के जरिए सिल्ट (गाद) प्रबंधन पर भी ध्यान दिया जा रहा है, जो पहले की परियोजनाओं में एक बड़ी चुनौती रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इंडस बेसिन में कुल संभावित क्षमता 60 गीगावाट तक हो सकती है, जिसका बड़ा हिस्सा अभी भी बिना इस्तेमाल की है। ऐसे में यदि मौजूदा परियोजनाएं समय पर पूरी होती हैं और नई योजनाएं तेजी से लागू की जाती हैं, तो भारत आने वाले वर्षों में जलविद्युत उत्पादन में बड़ी छलांग लगा सकता है। इस नदी तंत्र पर भारत का बढ़ता निवेश और परियोजनाओं की रफ्तार यह संकेत देती है कि देश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम आगे बढ़ा रहा है।

# ईरानी ड्रोन गिराने में यूक्रेन ने की मदद
## जेलेंस्की ने पहली बार स्वीकारा, रूस पर भी बोले

कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि ईरान युद्ध के दौरान यूक्रेनी सेना ने पश्चिम एशिया के कई देशों में ईरानी डिजाइन वाले शाहेद ड्रोन को मार गिराया। उन्होंने कहा, ये अभियान एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत यूक्रेन अपने सहयोगी देशों को उन हथियारों से निपटने में मदद कर रहा है जिनका इस्तेमाल रूस उसके खिलाफ कर रहा है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने इन अभियानों की पहली बार सार्वजनिक रूप से पुष्टि की, जिसे शुक्रवार तक सार्वजनिक नहीं किया गया था। उन्होंने कहा, यूक्रेनी बलों ने देश में विकसित और युद्ध में परखे गए इंटरसेप्टर ड्रोन का उपयोग करते हुए विदेशों में सक्रिय अभियानों में भाग लिया। ये इंटरसेप्टर ड्रोन यूक्रेन में रूस द्वारा इस्तेमाल ईरान-निर्मित ड्रोन का मुकाबला करने में कारगर साबित हुए हैं। यह खुलासा ऐसे समय में हुआ है जब इस बात की चिंता बनी हुई है कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण यूक्रेन से पश्चिमी देशों का सैन्य समर्थन हट सकता है। हालांकि जेलेंस्की ने कहा, सहयोगी देश पैट्रियट मिसाइल प्रणालियों के लिए मिसाइलों की आपूर्ति जारी रखे हुए हैं। वह बोले, हाल ही में मिसाइलों का एक नया जत्था आ चुका है। लेकिन यह भी सच है कि यूक्रेन पर मौजूदा हालात का दबाव बढ़ेगा। उधर, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में ऑर्थोडॉक्स ईस्टर के दौरान सप्ताहांत 32 घंटे के युद्धविराम की घोषणा की है। इससे पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति बोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस मौके पर शत्रुता रोकने का आह्वान किया था। क्रेमलिन द्वारा जारी पुतिन के आदेश में रूसी सेनाओं को शनिवार शाम चार बजे (स्थानीय समयानुसार) से रविवार शाम तक युद्धविराम का पालन करने का आदेश दिया गया है। उसने कहा, उम्मीद है कि यूक्रेन भी इसका अनुसरण करेगा।



# बीजेपी जो कहती है वो करती है : मोदी



**कोलकाता।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बंगाल के पूर्वी बर्दवान के कटवा में रैली के दौरान बड़ा बयान देते हुए कहा कि बीजेपी जो कहती वो करती है। अपनी बात को जारी रखते हुए पीएम ने कहा कि बंगाल में इस बार बड़ा खेला होगा राज्य को टीएमसी से छुटकारा मिलेगा। इसी के साथ उन्होंने ऐलान किया है कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनते ही टीएमसी के 15 साल के शासनकाल में हुए कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ एक श्वेत पत्र जारी किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने टीएमसी सरकार को निर्मम करार देते हुए आरोप लगाया कि राज्य के मंत्रियों और विधायकों ने संगठित गिरोहों के साथ मिलकर बंगाल को लूटा है।

# जन कल्याण से ही शासन का कल्याण : योगी

लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखीमपुर खीरी में बांग्लादेश से आए 331 हिंदू परिवारों और थारु जनजाति के परिवारों को भौमिक अधिकार पट्टों का आवंटन किया। सात दशकों से इंतजार कर रहे विस्थापित बांग्लादेशी हिंदू परिवारों को मालिकाना हक का स्वप्न पूरा कराया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 1300 करोड़ से ज्यादा की योजनाओं का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान एक सभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा और शास्त्र कहते हैं कि 'प्रजासुखे सुखं राज्ञः प्रजानाञ्च हिते हितम्' सच्चा शासन कौन है,जहां प्रजा सुखी रहे, और शासन का कल्याण उसमे है, जिस शासन में राज्य की जनता का कल्याण हो। शासन की खुशी का आधार, उसकी व्यक्तिगत अभिलाषा का पूर्ण होना नही, बल्कि जनता जनार्दन की खुशी जब हो वही शासन की खुशी का आधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन का कल्याण भी तभी है जब वह जनता का कल्याण करे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम केवल अधिकार प्राप्त करने का आयोजन मात्र नही है, बल्कि यह आयोजन अधिकार से आत्म निर्भता, आत्म सम्मान की एक ऐतिहासिक यात्रा का वृतांत भी है। आपको अधिकार के साथ आत्मसम्मान मिल रहा है, आत्मसम्मान के साथ आत्म निर्भरता की भी गारंटी है। अब कोई आपको परेशान नही कर सकता है,आपके अधिकार में पुलिस हस्तक्षेप नही कर सकती। आपसे कोई अवैध वसूली नही कर सकता। कोई लेखपाल आपके खेत का गलत लेखा जोखा प्रस्तुत करके किसी दबंग से कब्जा नही करवा सकता है। मैं यहां स्वयं यहां के विधायक के साथ आया हूं, क्योंकि हमें आपने ही अधिकार दिया था देने के लिए।



# लालू के पड़ोसी बनेंगे नीतीश कुमार

पटना



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस्तीफे से पहले सीएम हाउस खाली कर रहे हैं। 1 अणे मार्ग से सामान 7 सर्कुलर रोड बंगले में शिफ्ट हो रहा है। मुख्यमंत्री आवास से ट्रैक्टर ट्रॉली में सामान बाहर ले जाया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो नीतीश 14 अप्रैल को सीएम पद से इस्तीफा दे सकते हैं। 15 अप्रैल को बिहार में नई सरकार बन सकती है। सीएम पद से हटने के बाद नीतीश कुमार लालू यादव के पड़ोसी बन जाएंगे। वह दिल्ली तो जा रहे हैं, लेकिन बिहार में अपना ठिकाना नहीं छोड़ेंगे। 7 सर्कुलर रोड आवास का इस्तेमाल अभी नीतीश कुमार ही कर रहे हैं। इसे सीएम ऑफिस के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। नीतीश ने अपनी देखरेख में इस बंगले को बनवाया था। ये भूकंप के झटके झेल सकता है। लॉन में कोलकाता से मंगाकर घास लगाई गई है।

नीतीश कुमार को 7 सर्कुलर रोड बंगला पसंद है। 2014 लोकसभा चुनाव हारने के बाद उन्होंने सीएम पद छोड़ दिया था। जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनाया था। इसके बाद रहने के लिए 7 सर्कुलर रोड बंगले आ गए थे। इसी बंगले में रहते हुए नीतीश ने जीतन राम से मुख्यमंत्री की कुर्सी वापस ले ली थी। विधानसभा 2015 में जीत दर्ज की और मुख्यमंत्री बने थे। सीएम बनने के बाद नीतीश एक अणे मार्ग गए, लेकिन 7 सर्कुलर बंगला अपने पास बनाए रखा। नीतीश ने अपनी देखरेख में इस बंगले का भूकंप रोधी निर्माण कराया था। नीतीश कुमार 7 सर्कुलर रोड में शिफ्ट हो रहे हैं। अब वे लालू यादव के पड़ोसी बन जाएंगे। यहां से राबड़ी आवास बस दो घर बाद है।

# भुवनेश्वर के इमरान का पाकिस्तानी कनेक्शन

नई दिल्ली/तेहरान

ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर से एक संदिग्ध आतंकी की गिरफ्तारी का मामला सामने आया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने यूनिट-6 इलाके में छापेमारी कर शेख इमरान नामक युवक को गिरफ्तार किया। आरोप है कि वह इंटरनेट मीडिया के जरिए देश विरोधी प्रचार कर रहा था। युवक का पाकिस्तान से कथित संबंध और देश विरोधी गतिविधियों के आरोप में हिरासत में ले लिया। संयुक्त कार्रवाई में भुवनेश्वर-कटक कमिश्नरेट पुलिस ने भी सहयोग किया। गिरफ्तार युवक की पहचान शेख इमरान के रूप में हुई है, जिसे भुवनेश्वर यूनिट-6 इलाके से पकड़ा गया है। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी की गतिविधियों पर दिल्ली पुलिस पिछले कुछ समय से नजर रखे हुए थी। पुख्ता इनपुट मिलने के बाद टीम सीधे भुवनेश्वर पहुंची और ऑपरेशन को अंजाम दिया। जांच एजेंसियों के अनुसार, इमरान इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए भारत विरोधी प्रचार-प्रसार में शामिल था। वह इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्सऐप और सिग्नल जैसे माध्यमों पर सक्रिय एक संदिग्ध नेटवर्क से जुड़ा हुआ था। बताया जा रहा है कि इन प्लेटफॉर्म्स पर धार्मिक आधार पर भड़काऊ और कट्टरपंथी सामग्री साझा की जा रही थी। कमिश्नरेट पुलिस के अनुसार, इस पूरे मामले की कड़ी दिल्ली में पहले पकड़े गए कुछ युवकों से जुड़ी है। उनकी पूछताछ और डिजिटल विश्लेषण के दौरान ओडिशा से लिंक सामने आया, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। प्रारंभिक पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपी बेरोजगार है और ऑनलाइन माध्यम से एक बंद नेटवर्क के संपर्क में आया था, जहां उसे कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित किया गया। एजेंसियां अब इस बात की जांच कर रही हैं कि आरोपी के संपर्क में और कौन-कौन लोग थे और इस नेटवर्क का दायरा कितना बड़ा है। कार्रवाई के बाद आरोपी को दिल्ली ले जाया गया है, जहां उससे गहन पूछताछ की जा रही है। इस घटनाक्रम ने एक बार फिर सोशल मीडिया के दुरुपयोग और संभावित सीमा पार कनेक्शन को लेकर सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। इधर, जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि आरोपी किन-किन संगठनों से जुड़ा था, उसके संपर्क में और कौन-कौन लोग थे, तथा वह किस तरह की गतिविधियों में शामिल था। माना जा रहा है कि जांच आगे बढ़ने के साथ कई अहम खुलासे हो सकते हैं।



## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# दक्षिण भारतीय फिल्में बनी 'खानों' की वापसी में मददगार

बॉलीवुड के तीनों खान, शाहरुख खान, आमिर खान और सलमान खान आज भले ही सुपरस्टार हो, लेकिन इनके जीवन में ऐसे दौर भी आए जब फिल्में दर्शकों को प्रभावित करने में असफल रहीं। ऐसे दौर में दक्षिण भारतीय फिल्म निर्देशकों ने इन सुपरस्टार्स को वापसी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्हें ब्लॉकबस्टर फिल्में देकर एक बार फिर इंडस्ट्री में स्थापित किया।

यह ट्रेंड न केवल साउथ सिनेमा के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है, बल्कि हिंदी फिल्म उद्योग में भी अंतर-क्षेत्रीय सहयोग की अहमियत को उजागर करता है। 90 के दशक से लेकर अब तक अपनी लोकप्रियता का लोहा मनवाने वाले इन अभिनेताओं के लिए 2010 के दशक के उत्तरार्ध और 2020 के दशक की शुरुआत का समय मुश्किलों भरा रहा। जहां एक ओर नए चेहरे और अलग तरह की कहानियां सामने आ रही थीं, वहीं खानों की पारंपरिक फॉर्मूला फिल्में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रही थीं। ऐसे में, साउथ के फिल्ममेकर्स की सूझबूझ और उनकी कहानियों के सफल अनुकूलन ने इन सितारों के करियर को नया जीवन दिया। आमिर खान, जो अपने परफेक्शनिस्ट अंदाज और चुनिंदा फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, ने भी करियर के एक ऐसे पड़ाव का सामना किया था जहां उनकी फिल्मों का जादू थोड़ा फीका पड़ रहा था। वर्ष 2008 में आई उनकी फिल्म गजनी ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया।



इस फिल्म का निर्देशन साउथ के विख्यात निर्देशक ए.आर. मुरुगादॉस ने किया था, जिन्होंने इसी नाम से बनी अपनी ही तमिल फिल्म का हिंदी रीमेक बनाया था। गजनी की अभूतपूर्व सफलता ने आमिर के करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, जिसके बाद उन्होंने 3 इडियट्स और पीके जैसी यादगार फिल्में दीं। शाहरुख खान ने 2018 में जीरो की असफलता के बाद लगभग पांच साल का लंबा ब्रेक लिया था, जिससे उनके फैंस निराश थे। इस ब्रेक के दौरान, साउथ के प्रतिभाशाली निर्देशक एटली ने उन्हें जवान की कहानी सुनाई। 2023 में रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए और शाहरुख के करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बन गई। हालांकि उसी साल पठान भी सफल रही थी, लेकिन एटली के निर्देशन में बनी जवान ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी दिलवाया, जो उनके करियर के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ।सलमान खान भी पिछले कुछ सालों से बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रहे हैं, उनकी पिछली फिल्में जैसे किसी का भाई किसी की जान दर्शकों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरीं। हालांकि, उन्होंने भी पहले ए.आर. मुरुगादॉस के साथ सिकंदर जैसी एक एक्शन फिल्म की थी, जो दर्शकों को कुछ खास पसंद नहीं आई थी और निर्देशक ने कथित तौर पर सेट पर सलमान के देर से आने की शिकायत भी की थी।

# शानदार लाइफ स्टाइल के लिए चर्चा में रहते हैं सनी देओल



बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल अपनी दमदार फिल्मों के साथ-साथ शानदार लाइफस्टाइल के लिए चर्चा में रहते हैं। हाल ही में खबर आई है कि सनी फिल्म रामायण में हनुमान के किरदार में नजर आने वाले हैं, जिससे उनके फैंस में काफी उत्साह है। वहीं, निजी जीवन में वह बेहद आलीशान और राजशाही जीवन जीते हैं। जानकारी अनुसार, सनी देओल मुंबई, मनाली और लोनावला में करीब 150 करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक हैं। मुंबई के जुहू इलाके में उनका आलीशान बंगला सनी विला काफी चर्चा में है। यह 5 मंजिला भवन न सिर्फ रहने के लिए, बल्कि उनके पोस्ट-प्रोडक्शन स्टूडियो के रूप में भी इस्तेमाल होता है। बंगले में जिम, स्विमिंग पूल, निजी थिएटर, लाइब्रेरी और ओपन गार्डन जैसी कई लग्जरी सुविधाएं मौजूद हैं। यह बंगला 50-60 करोड़ रुपये के करीब मूल्य का बताया जाता है। इसके अलावा, मुंबई के पॉश इलाके मालाबार हिल्स में भी सनी देओल की बड़ी प्रॉपर्टी है। इस घर में पूल, जिम और थिएटर जैसी सुविधाएं हैं और यहां 40-50 लोगों के लिए आयोजन भी किया जा सकता है। यह बंगला किसी 5 स्टार होटल से कम नहीं माना जाता।

शहर की भागदौड़ से दूर सनी देओल का मनाली में भी खूबसूरत फार्महाउस है। यह उनका वेकेशन होम है, जहां वह अक्सर परिवार के साथ समय बिताते हैं। इस फार्महाउस की कीमत 2 से 8 करोड़ रुपये है। इसके अलावा पुणे के करीब लोनावला में भी उनका बड़ा फार्महाउस है, जो करीब 100 एकड़ में फैला हुआ है। सनी देओल की प्रॉपर्टी केवल भारत तक सीमित नहीं है। उनके पास यूके में भी एक शानदार बंगला है, जिसे फिल्मों की शूटिंग के लिए इस्तेमाल किया जाता है। देओल परिवार बॉलीवुड के सबसे अमीर परिवारों में से एक है। जानकारी अनुसार, सनी देओल की कुल नेटवर्थ करीब 220 करोड़ रुपये है, जो फिल्मों, प्रोडक्शन और अन्य आय स्रोतों से आती है। इसके अलावा, उनके पास कई महंगी गाड़ियां भी हैं, जिसमें ऑडी ए8 एल, लैंड रोवर रेंज रोवर, पोर्शे काइएन, मर्सिडीज-बेंज शामिल हैं। सनी देओल की यह शानदार संपत्ति और आलीशान जीवनशैली उनकी ग्लोबल लाइफस्टाइल और फिल्मों से कमाई का प्रतिबिंब है, जो उन्हें बॉलीवुड के सबसे समृद्ध और प्रभावशाली सितारों में शामिल करती है।

# गेहूं उपार्जन के सफल संचालन के लिए कार्यशाला

### जिले में 53 खरीदी केन्द्र बनाए गए और 16 के प्रस्ताव शासन को भेजे गए



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** रबी विपणन वर्ष 2026- 27 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की पूर्व तैयारियां, पी.सी.एस.ए.पी. पोर्टल में खरीदी केन्द्रों में उपलब्ध भौतिक एवं मानव संसाधन की प्रविष्टियां तथा गेहूं स्कंध की गुणवत्ता जांच के संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी श्री देवेन्द्र कुमार खोबरिया की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भारतीय खाद्य निगम के गुणवत्ता नियंत्रक, आर.बी. ऐसोसिएट्स के सर्वेयर, गेहूं खरीदी केन्द्रों तथा उपार्जन से संबंधित सभी विभागों के मैदानी अधिकारी/कर्मचारी मौजूद थे। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री खोबरिया ने कार्यशाला में बताया कि जिले में गेहूं उपार्जन के लिए शासन द्वारा 69 खरीदी केन्द्रों का लक्ष्य आवंटित हुआ है, जिसमें से सहकारी समितियों के 53 खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। समूह/ ग्राम संगठनों को आवंटित करने के लिए 16 खरीदी केन्द्रों का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि शासन से इस वर्ष गेहूं स्कंध का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल एवं राज्य सरकार का अतिरिक्त बोनस 40 रुपये इस तरह किसानों से 2625 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से गेहूं की खरीदी की जावेगी। जिला आपूर्ति अधिकारी ने निर्देश दिए कि खरीदी केन्द्रों में उपार्जन से संबंधित भौतिक संसाधन जैसे कम्प्यूटर सिस्टम, लेपटॉप, इंटरनेट, विद्युत व्यवस्था/ इनवेटर, माश्चर मशीन, पर्याप्त इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे, गेहूं की गुणवत्ता परीक्षण के लिए आवश्यक उपकरण किट, ग्रेडिंग मशीन, पंखे, छन्ने स्पेंसिल, किसान टैग पर्ची, सिलाई मशीन, मानव संसाधन में खरीदी प्रभारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर, हिम्माल-तुलावटी, सुरक्षाकर्मी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसी तरह खरीदी केन्द्रों में आवश्यक सुविधाएं जैसे किसानों के बैठने व छाया, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ये सभी आवश्यक व्यवस्थाएं आगामी 15 अप्रैल 2026 के पूर्व सुनिश्चित किए जाएं। नागरिक आपूर्ति निगम को निर्देशित किया गया कि बारदाने की उपलब्धता अनुसार सभी खरीदी केन्द्रों में प्रथम 10 दिन अनुमानित खरीदी के बराबर बारदानें भिजवाना सुनिश्चित करें।

सभी खरीदी केन्द्रों में फ्लेक्स-बैनर उपलब्ध कराए जाएं। गुणवत्ता परीक्षण के लिए सर्वेयर की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, सहकारिता विस्तार अधिकारी, शाखा प्रबंधक वेयर हाउस व नागरिक आपूर्ति निगम के प्रदाय केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि गेहूं उपार्जन के पूर्व 15 अप्रैल 2026 तक सभी खरीदी केन्द्रों के वेयर हाउस गोदामों का निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित कराएं कि पूर्व से किसी भी किसान गोदाम मालिक या अन्य व्यक्ति का गेहूं स्कंध संग्रहण न रहे।

खरीदी केन्द्र वेयर हाउसों में उपार्जन संबंधित व्यवस्थाए उपलब्ध रहे एवं यह सुनिश्चित कराएं कि स्लॉट बुकिंग क्रम अनुसार ही किसानों का खरीदी केन्द्रों में उपार्जन किया जाए। खरीदी केन्द्रों में एफ.ए.क्यू. गुणवत्ता के आधार पर 15 अप्रैल 2026 से गेहूं उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो। जिला प्रबंधक एम.पी.डब्ल्यू.एल.सी. को निर्देशित किया गया कि सभी गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों के गोदामों में संचालक द्वारा किसानों को मूलभूत सुविधाएं व आवश्यक संसाधनों और सी.सी.टी.व्ही. की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। जिन गोदामों के लायसेंस नवीनीकरण नहीं हुए हैं एवं जे.व्ही.एस. योजना के तहत पोर्टल में ऑनलाइन ऑफर नहीं हुए हैं, ऐसे सभी गोदामों का शीघ्र लायसेंस नवीनीकरण एवं जे.व्ही.एस. योजना के तहत ऑफर की कार्यवाही पूर्ण कराएं। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री खोबरिया ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि ई-उपार्जन पोर्टल में स्लॉट बुकिंग के लिए पोर्टल चालू होने पर नियमानुसार स्टॉल बुकिंग करें, अपना गेहूं विक्रय के लिए गेहूं स्कंध की घर से ही साफ-सफाई करके एफ.ए.क्यू. गुणवत्ता का ही गेहूं विक्रय के लिए आवंटित दिनांक को खरीदी केन्द्र स्थल में उपार्जन लेकर पहुंचे। इससे किसानों को सहूलियत से केन्द्र में एफ.ए.क्यू. गुणवत्ता के मापदंड अनुरूप समर्थन मूल्य पर उपज का विक्रय हो सके। प्रशिक्षण में भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों के द्वारा खरीदी केन्द्र के प्रबंधक, प्रभारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं आर.बी. ऐसोसिएट्स के सर्वेयरों को गेहूं की गुणवत्ता की जांच करने का प्रशिक्षण दिया गया।

# सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए रिड्यूस,रीयूज़,रीसायकल करें

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रमएवं ईको क्लब के तहत एकल उपयोगी प्लास्टिक एवं प्लास्टिक को कम करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण कार्यक्रम के तहत लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग न करने की अपील की जा रही है। इसी क्रम में वृहद जन जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें विद्यालय के छात्रा-छात्राओं एवं इको क्लब प्रभारी शिक्षक ने भी हिस्सा लिया।कार्यक्रम इको क्लब प्रभारी शिक्षक तरुवर पटेल की अगुवाई में आयोजित हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। हम पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों के साथ एकल उपयोग प्लास्टिक को रोकें और सूती और जूट के थैले सामान ले जाने के लिए बेहतर विकल्प है। एकल उपयोग प्लास्टिक और उसके प्रकारों तथा रासायनिक संरचना के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एकल उपयोग प्लास्टिक मनुष्य, पशु और यहां तक कि समुद्री जैव विविधता



के लिए भी अत्यंत हानिकारक है। एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक बैग और अन्य प्लास्टिक वस्तुओं के उत्पादन से जहरीले रसायन निकलते हैं जो इनके उत्पादन में शामिल लोगों में गंभीर बीमारियाँ पैदा कर सकते हैं। उन्होंने कम करने, दोबारा इस्तेमाल करने और पुनर्चक्रण करने की अवधारणा के माध्यम से एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक से छुटकारा पाने के उपाय सुझाए। इसके बाद विद्यालय इको क्लब नायिका जिया ठाकुर में अपने भाषण में बताया कि इसके इस अभियान के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण के नकारात्मक प्रभाव के विषय में अन्य लोगों को जागरूक करना और स्वयं को भी बेहतर से बेहतर जानकारी अर्जित करने के उद्देश्य से यह गतिविधि आयोजित की गई।प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार दीक्षित ने कार्यशाला में शामिल छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण पर रोक लगाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है।

एक बार इस्तेमाल होने वाली प्लास्टिक यानी सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से पर्यावरण के साथ मानव जीवन पर काफी बुरा प्रभाव पड़ता है।प्रदूषण को कम करने के लिए एकल प्लास्टिक के यूज़ पर पूरी तरह से रोक लगाने की जरूरत है। इसके लिए वृक्षारोपण एवं प्लास्टिक के उपयोग की जगह कोई वैकल्पिक व्यवस्था करने पर बल दिया गया। अभियान में शामिल 30 प्रतिभागी छात्र छात्राओं को पेन एवं नोटबुक पुरस्कार स्वरूप देकर सम्मानित किया गया।

### प्रिंसिपल डे पर अनूठी पहल पक्षियों के लिए जल संरक्षण अभियान की शुरुआत



**नरसिंहपुर।स्वतंत्रमत।** चावरा विद्यापीठ में प्रिंसिपल डे के अवसर पर एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल की गई। विद्यालय के प्राचार्य फादर वर्गीस के मार्गदर्शन में गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए पानी उपलब्ध कराने हेतु विशेष अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने घरों, छतों, बालकनी एवं आसपास के स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी के बर्तन रखें। भीषण गर्मी में पक्षियों को होने वाली पानी की कमी को दूर करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। प्राचार्य फादर वर्गीस ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। छोटे-छोटे प्रयास भी किसी के जीवन को बचा सकते हैं।

# गांव चलो बस्ती चलो अभियान का हुआ शुभारंभ

### जिला भाजपा अध्यक्ष के नेतृत्व में चलाया स्वच्छता अभियान

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** भाजपा के 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान के अंतर्गत आज भाजपा नरसिंहपुर के जिलाध्यक्ष पंडित रामस्नेही पाठक के नेतृत्व मे भाजपा करेली नगर मंडल में हर्रई माता जी के मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।



इस अवसर पर कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर साफ-सफाई अभियान चलाया गया तथा क्षेत्रवासियों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में शुरू हुआ स्वच्छ भारत मिशन आज एक जन आंदोलन बन चुका है और भाजपा कार्यकर्ता इसे निष्ठा के साथ आगे बढ़ा रहे है।

इस अवसर भाजपा जिला महामंत्री सुरेन्द्र मोहन नेमा, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र स्वामी, विधायक प्रतिनिधि ब्रजेश माते,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप ममार, राजेश चौरसिया,मनोज नेमा,कृपाल सिंह सोहेल,आनंद सोनी, गणेश पटेल,अभिषेक रघुवंशी,प्रखर दुबे,कृष्णकुमार अग्रवाल सावन साहनी,सुशील ठाकुर,नितिन ठाकुर, सहित भाजपा जन उपस्थित रहे।



### पौधारोपण कर जल मंदिर : प्याऊ का हुआ शुभारंभ

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वर्षा जल का संचयन करने के लिए विकासखंड चीचली के ग्राम सूखाखैरी में सोकपिट का निर्माण किया गया। सोकपिट में वर्षा जल को भूमिगत किया जाएगा, जिससे जल स्तर में बढ़ोत्तरी होगी। यह कार्य जल संचय के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर ग्राम में पौधरोपण किया गया। गर्मी के मौसम में राहगीरों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल सहजता से उपलब्ध हो सके, इसके लिए जल मंदिर-प्याऊ का भी शुभारंभ किया गया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बाबड़ी की सफाई



### नगर की प्राचीन बाबड़ी को सुंदर बनाने के लिये अभियान शुरू

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** नगर पालिका अध्यक्ष पं. शिवाकांत मिश्रा के निर्देशन एवं सीएमओ वैभव देशमुख के मार्ग दर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंर्तगत सफाई मित्रों द्वारा नगर के नये बस स्टैण्ड के पास स्थित प्राचीन बाबड़ी की सफाई का अभियान शुरू किया है। इस दौरान बाबड़ी के आसपास फैले कचरे को एकत्रित कर उचित स्थान पर निस्तारित किया जा रहा है, बाबड़ी को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने हेतु श्रमदान कर बाबड़ी के पानी में जमे कचरे की सफाई कर स्वच्छ किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देश के परिपालन में नगर के समस्त जलस्त्रोतो को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिये जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है, जिससे जलस्त्रोंतो के झरने साफ रहे और नगर का जलस्तर बना रहे। इसके साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई है कि नगर के जलस्त्रोत कुंआ, बाबड़ी, जलाशय नदी आदि में स्वच्छता बनायें वे नदी घाटों एवं जल स्त्रोतों में कचरा आदि न डालें।

# एनआरआईआरएसएम 2025-26 में विंध्य वारियर्स की धमाकेदार जीत, बने चैंपियन

**सिंगरौली।** एनआर आई आर एस एम 2025-26 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में विंध्य वारियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दादरी लीजेंड्स को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए विंध्याचल की टीम ने दादरी को 20 ओवर में 180/5 के स्कोर तक सीमित रखा।जवाब में उतरी विंध्य वारियर्स की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी का परिचय देते हुए मात्र 17 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और एक यादगार जीत दर्ज की। मैच के हीरो रहे इंजीनियर (ऑपरेशन) श्री रेहान नवाज़ अहमद काइफ़ी, जिन्होंने 28 गेंदों में 75 रन की तूफानी पारी खेलकर 'मैन ऑफ द मैच' का खिताब जीता। दादरी लीजेंड्स के प्रबंधक ( प्रचालन) श्री संजू ढाका को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' और 'बेस्ट बैट्समैन'




घोषित किया गया। वहीं, विंध्याचल के जूनियर इंजीनियर (एडीएम) श्री अंजनी कुमार को 'बेस्ट बॉलर' और वरिष्ठ प्रबंधक (आरएलआई) श्री रविकांत रामिन्नी को 'बेस्ट फील्डर' का पुरस्कार मिला। समापन समारोह में एनटीपीसी विंध्याचल के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे, जिनमें महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम) श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम) व स्पोर्ट्स काउंसिल अध्यक्ष श्री एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बी.के. भराली तथा मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) प्रमुख श्रीमती रूमा दे शर्मा शामिल रहीं।

इस अवसर पर श्री ए.जे. राजकुमार ने सभी टीमों को खेल भावना के लिए बधाई दी। परियोजना प्रमुख श्री संजीब कुमार साहा ने अपने संदेश में कहा कि खेल हमें एकजुट करता है और जीत-हार से बढ़कर आपसी सौहार्द महत्वपूर्ण है। खिलाड़ियों द्वारा विंध्याचल टीम के आतिथ्य के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए एक विशेष वीडियो भी प्रस्तुत किया गया। टीम विंध्याचल के कप्तान श्री सुनील भीमावत ने दादरी टीम के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। अंत में उप प्रबंधक (प्रचालन) एवं स्पोर्ट्स काउंसिल महासचिव श्री संतोष कुमार ने सभी विभागों जैसे -एचआर, टीएडी, आईटी, ऑटो बेस, आरएलआई एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया।

# नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता पाने और टीईटी परीक्षा के विरोध में शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत) ।**

पच्चीस तीस साल की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों को टीईटी परीक्षा पास करने की अनिवार्यता के विरोध में और नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे शिक्षकों ने शनिवार को विरोध दर्ज कराते हुए धरना दिया।

साईं खेड़ा , चांवरपाठा और चीचली विकास खंड के शिक्षकों ने संयुक्त मोर्चा के बैनर तले एकजुट होकर पलोटन गंज के समीप पार्क में धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन की शुरुआत मां नर्मदा, सरस्वती और हनुमंत लाल की पूजा अर्चना से हुई।

इस अवसर पर धरना दे रहे राज्य अध्यापक संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष नगेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर जबरन टीईटी की अनिवार्यता थोपना सरासर अन्याय है।



जब हमारी नियुक्ति हुई, तब जो नियम थे, जो मापदंड थे,उन्हें पूरा करके हमने अपनी सेवा प्राप्त की,फिर आज सेवा के अंतिम पड़ाव पर खड़े शिक्षकों पर नए नियम थोपना , कहां का न्याय है?

यह मुद्दा परीक्षा पास या फेल होने का नहीं है, यह मुद्दा शिक्षकों के सम्मान, ,अधिकार और न्याय का है।

जब जीवन का एक बड़ा हिस्सा हमने शिक्षा को समर्पित कर दिया, तो अब इस उम्र में हम पर परीक्षा का बोझ डालना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है!

इस अन्याय के खिलाफ सभी को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। उन्होंने आगे कहा कि हम लोग तो माननीय सुप्रीम कोर्ट में पिटीशन दायर कर चुके हैं,अब शासन का भी दायित्व वह रिव्यू पिटीशन दाखिल कर शिक्षकों के हक में खड़ी हो।धरना के दौरान शिक्षक सचिन नेमा, अखिलेश्वर कौरव, अर्पणा ब्राउन, विजेन्द्र कौरव, अर्चना नामदेव,हल्के वीर पटेल, मनीष शंकर तिवारी , सोमनाथ बसेड़िया, सुरेन्द्र पटेल, ज्योत्स्ना दुबे, मंजुला शर्मा, सोमनाथ बसेड़िया, वंशीलाल अहिरवार,तहसील अध्यक्ष मलखान सिंह मेहरा, मालती मेहरा, अल्पना नाहर, प्रभात रुसिया, राजेंद्र गुप्ता, रत्नेश चौबे, योगेन्द्र झारिया, ,सतीश नाईक, कमलेश दुरबार, राघवेन्द्र चौधरी, राजेश कौरव, लक्ष्मीकांत कौरव,महेश दास बैरागी, सुमित यादव, भानुप्रताप राजपूत, दौलत सिंह पटेल, रामावतार पटेल, राघवेन्द्र गुप्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चांवरपाठा, चीचली और साईं खेड़ा विकास खंड के शिक्षक, शिक्षिकाओं ने भाग लिया। धरना प्रदर्शन का संचालन देवेन्द्र बसेड़िया और आभार प्रदर्शन वेणी शंकर पटेल ने किया।

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर टीईटी अनिवार्यता के विरोध स्वरूप एवं प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दिए जाने को लेकर अध्यापक संयुक्त मोर्चा ने तहसील मुख्यालय गाडरवारा में माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश एवं माननीय स्कूल शिक्षामंत्री महोदय मध्यप्रदेश के नाम से एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

### किसानों से 25 तक मांग पत्र आमंत्रित

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर संभाग क्रं.-2 गोटेगांव श्री एमएस बेनल ने बताया कि वर्ष 2026 की ग्रीष्मकालीन फसलों की बरगी नहरों से सिंचाई के लिए जल लेने मुख्य नहर 63.420 से 81.300 किमी तक हरेरी शाखा नहर व करेली वितरण नहर एवं देवरी वितरण नहर, बगासपुर माइनर, रामनिवारी माइनर व तिघरा माइनर एवं कमाण्ड की माइनरों/ सब माइनरों से लगभग 126 ग्रामों के किसानों से 25 अप्रैल 2026 के पूर्व तक मांग पत्र एवं अनुबंध प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है, ताकि नहरों से जल प्रवाह किया जा सके।


**न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**

**संशोधित सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र. /अ-6/ वर्ष 2026-27

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण की कार्रवाई इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 27/04/2026 को प्रात: 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | क्षे. फल वर्गफुट में | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों का नाम/ पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 17 | कंदेली | 2/1 | 420 वर्गफुट | हसीब खान आ. स्व. हबीब खान निवासी आजाद वार्ड कंदेली | नईम खान आ. स्व. श्री हसीब खान खान सा. आजाद वार्ड कंदेली |

आज दिनांक 07/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर

### खेरमाई मंदिर परिसर में चला वृहद सफाई अभियान

# स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयास हुए मजबूत

कटनी (स्वतंत्र मत)।





स्वच्छ कटनी के संकल्प को साकार करने की दिशा में शनिवार को विवेकानंद वार्ड स्थित खेरमाई मंदिर प्रांगण में वृहद स्वच्छता अभियान का सफल एवं प्रभावी आयोजन किया गया। महापौर प्रीति संजीव सूरी के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान ने न केवल सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश भी दिया।

अभियान में मेयर इन काउंसिल सदस्य एवं क्षेत्रीय पार्षद सुरेंद्र गुप्ता, पूर्व महापौर डी. डी बैनर्जी, पार्षद शकुंतला सोनी, सीमा श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, क्षेत्रीय स्वच्छता प्रभारी दीपक अग्निहोत्री, निगम के अन्य कर्मचारी, आईईसी टीम एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर मंदिर परिसर, आसपास के मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर स्वच्छता का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस दौरान झाड़ू लगाया जाकर कचरा संग्रहण एवं पानी से धुलाई जैसे कार्य प्राथमिकता के साथ किए गए, जिससे पूरे क्षेत्र में स्वच्छता का सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ। महापौर ने अभियान के दौरान उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह हम सभी की निरंतर जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने घर एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संकल्प ले, तो पूरा शहर स्वत: ही स्वच्छ और सुंदर बन सकता है।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित करें, कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें और नगर निगम द्वारा संचालित व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर महापौर द्वारा वार्ड के सभी नागरिकों को माला पहनाकर सम्मानित भी किया गया, जिन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। यह सम्मान उनके योगदान एवं योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सहभागिता के प्रतीक स्वरूप प्रदान किया गया। अभियान के दौरान नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए यह भी बताया गया कि स्वच्छ वातावरण न केवल शहर की सुंदरता को बढ़ाता है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप देना समय की आवश्यकता है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अनिवार्य है। महापौर ने कहा स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए शहर के विभिन्न वार्डों में आगे भी इस प्रकार के अभियान लगातार आयोजित किए जाएंगे। साथ ही सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि शहर के प्रत्येक क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे और नागरिकों को बेहतर वातावरण प्राप्त हो। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया और शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संदेश दिया।

### डॉ. आनंद पटेल की मध्य प्रदेश तृतीय महामंत्री पद पर नियुक्ति

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** अंतरराष्ट्रीय स्वाभिमानी मराठा महासंघ के संस्थापक छत्रपति भूषण डॉ. कृषिराज टकले पाटिल ने 10 अप्रैल को 'डॉ. आनंद पटेल' को 'मध्य प्रदेश तृतीय महामंत्री' के पद पर नियुक्त किया और उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस गौरवशाली अवसर पर अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्वराज्य भूषण मराठा रत्न डॉ. एम.के.बी.एन.आर. सागर काले अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष रवि प्रताप पटेल, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष हेमंत सरकार, अंतरराष्ट्रीय सचिव चैतन्य रावल, भारत राष्ट्र राष्ट्रीय सलाहकार अशोक पाटीदार, अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक पठानिया, अंतरराष्ट्रीय संपर्क प्रमुख रणजित सिंह, महिला मोर्चा अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्वेता सिंह, इतिहास मंच इतिहास संशोधक रविंद्र राजे जगदाळे, इतिहास मंच अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजिसिंह घोरपडे हिंदुराव गजेंद्रगडकर, इतिहास मंच अंतरराष्ट्रीय सचिव उज्वलसिंह गायकवाड, महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत कोकिला पवार, महिला मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारत शिवशंभू प्रिया जांभळे, महिला मोर्चा राष्ट्रीय संघटक गायत्री कुर्मी भारत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश भैय्या कुर्मी, राष्ट्रीय महामंत्री भारत राजबिर सिंह, आदि ने अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं




## समयसीमा में समाधान ही प्राथमिकता- महापौर

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नगर निगम में आयोजित होने वाली महापौर जनसुनवाई केवल शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह प्रशासनिक जवाबदेही को परखने का एक प्रभावी मंच बनकर उभर रही है। मंगलवार 7 अप्रैल को आयोजित महापौर जनसुनवाई में शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे महापौर प्रीति संजीव सूरी के समक्ष रखीं। इस दौरान न सिर्फ समस्याओं को सुना गया, बल्कि उनके समाधान की दिशा में तत्काल निर्णय लेने की प्रक्रिया भी देखने को मिली। इस बार की जनसुनवाई में कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें पेयजल, जलभराव, सड़कों की मरम्मत, स्वच्छता व्यवस्था, अतिक्रमण और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं। महापौर द्वारा कई प्रकरणों में मौके पर ही अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए, जिससे तत्काल समाधान की प्रक्रिया शुरू हुई। कुछ मामलों में वहीं पर निर्णय लेकर नागरिकों को त्वरित राहत भी प्रदान की गई। महापौर ने जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्राप्त आवेदनों का निराकरण तय समयसीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, अनावश्यक विलंब को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करने, फील्ड विजिट बढ़ाने और नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित करने के निर्देश भी दिए। महापौर ने यह भी कहा कि जनसुनवाई केवल समस्याओं को सुनने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह प्रशासन के लिए एक सतत मूल्यांकन प्रणाली की तरह कार्य कर रही है। लगातार हो रही जनसुनवाई के माध्यम से प्रशासनिक तंत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यकुशलता को नई दिशा मिलेगी जिससे नागरिकों का भरोसा भी मजबूत होगा।

**28 आवेदनों पर सुनवाई के दौरान कई समस्याओं का त्वरित निराकरण**

## वायर चोरी करने वाला गिरोह चढ़ा आरपीएफ के हत्थे



**कटनी (स्वतंत्र मत)।** बीना-कटनी रेलखंड पर सिग्नल सिस्टम से जुड़ी कॉपर वायर चोरी करने के मामले में आरपीएफ को बड़ी सफलता मिली है। आरपीएफ ने इस मामले में भट्ठा मोहल्ला क्षेत्र निवासी एक शातिर बदमाश सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि वारदात में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि 5 अप्रैल से 8 अप्रैल के बीच बीना-कटनी रेलखंड पर कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन से न्यू मझगवां फाटक रेलवे स्टेशन रेलवे सिग्नलिंग सिस्टम में लगी कॉपर वायर को अज्ञात बदमाशों ने पार कर दिया था। जिससे सिग्नलिंग व्यवस्था ठप पड़ गई। इस घटना से इस रेल खंड पर ट्रेनों का संचालन भी बाधित रहा और ट्रेनों को कॉशन ऑर्डर पर चलाया गया। यह वायर ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। बताया जाता है कि चोरों ने इस दौरान 4 से 5 सिग्नलों को नुकसान पहुंचाते हुए वहां से कॉपर वायर निकाल ली थी। इस वजह से संबंधित रेलखंड पर सिग्नल सिस्टम बाधित हो गया, जिससे ट्रेनों को सामान्य गति से चलाना संभव नहीं रहा। रेलवे प्रशासन को तत्काल कॉशन ऑर्डर जारी करना पड़ा, जिसके तहत ट्रेनों को बेहद धीमी गति से सावधानीपूर्वक चलाया गया। इस घटना के कारण चार मालगाडियां और दो यात्री ट्रेनें प्रभावित हुईं। इनमें पैसेंजर ट्रेनें भी शामिल थीं जो अपने निर्धारित समय से देरी से अपने गंतव्य के लिए रवाना हुईं। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में मुख्य आरोपी आंशु उर्फ आलियाश निवासी भट्टा मोहल्ला सहित उसके गैंग के तीन अन्य सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## प्रतिबंध के बावजूद अवैध नलकूप का खनन

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी (स्लीमनाबाद) आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा अभिषेक चौबे के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। 10 अप्रैल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गुड़ा, थाना ढीमरखेड़ा क्षेत्र में बिना अनुमति के रोटरी बोर मशीन द्वारा नलकूप खनन किया जा रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस स्टाफ को मौके पर भेजा गया। मौके पर पहुंचकर देखा गया कि एक 10 चक्का ट्रक (क्रमांक केए 51 एमए 3375 अशोक लीलैंड) में रोटरी बोर मशीन लगाकर नलकूप खनन किया जा रहा था। पास में ही सपोर्ट वाहन ट्रक (क्रमांक केए 45 एएच 2812) खड़ा था। जिसे चालक प्रिया स्वामी पिता राजू स्वामी (उम्र 40 वर्ष), निवासी तमिलनाडु आपरेट कर रहा था। दोनों चालकों से बोरिंग की अनुमति संबंधी दस्तावेज मांगे गए, परंतु उनके द्वारा कोई वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं की गई। जिला मजिस्ट्रेट कटनी के आदेश अनुसार जिले में लागू प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर दोनों ट्रकों को जप्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा २23, 3(5) बीएनएस एवं मध्य प्रदेश पेयजल परीक्षण अधिनियम 2022 की धारा 6, 9 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## पारधी डेरे में हुये जघन्य हत्याकांड के फरार आरोपी बिहार से गिरफ्तार

कटनी (स्वतंत्रमत)।





थाना प्रभारी रीठी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा हत्या के प्रकरण में पारधी समुदाय के अभियुक्तों को बिहार राज्य के पटना जिले से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। 12 मार्च को फरियादिया डिजाईन बाई ने सूचना दी कि ग्राम बूढा ललितपुर के मेहराज पारधी, टन्नी पारधी, कलवा पारधी, जबल पारधी एवं अन्य पारधी कबीला के लोगो द्वारा पुरानी बुराई पर से चाकू, बका से फरियादिया के पति उन्हत्तर पारधी को आटो से उतारकर अपने साथ ले जाकर बेरहमी से हत्या की और हत्या करने के उपरांत उनहत्तर पारधी का शव बूढा के पहाड के नीचे गड्ढे में डाल देने की रिपोर्ट पर अप.क्र. 125/28 296(बी), 140(1), 103(1) 238.3(5) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों द्वारा घटना घटित कर पारधी समुदाय के साथ डेरा सहित अज्ञात स्थान पर भाग जाने पर पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु आस-पास के अन्य पारधियों के डेरों पर लगातार दबिश दी गई परंतु अभियुक्तों की कोई जानकारी नहीं मिल रही थी। आरोपियों के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई कि आरोपी बिहार के पटना जिले में हैं तब पुलिस अधीक्षक द्वारा एक मूवमेंट टीम का गठन किया गया जिसमें थाना रीठी से सउनि. जयचंद, प्रआर. राम पाठक, अजय मेहरा, आर. आशुतोष यादव एवं थाना एनकेजे. से आर. जजकुमार को शामिल कर टीम तैयार की गई। पुलिस टीम द्वारा बिहार में पटना जाकर गोपनीय रूप से जानकारी जुटाई और पुलिस ने बडी ही सूझबूझ से आरोपियों की घेराबंदी कर काफी मशक्कत के बाद आरोपी मेहराज पारधी, टन्नी पारधी, अजूबा पारधी, ओकीन पारधी, सोजन पारधी को गिरफ्तार कर बिहार में न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड पर कटनी लाकर न्यायालय पेश किया गया एवं आरोपियों से घटना में प्रयुक्त 02 चाकू, 01 बका, 01 डंडा एवं 01 मोटर साईकिल जप्त की गई।

## सिंधी भाषा दिवस पर भारतीय सिंधु सभा महिला शक्ति का प्रेरक संकल्प

### संविधान के सिंधी अनुवाद के ऐतिहासिक लोकार्पण से प्रेरित होकर महिलाओं ने संभाली संस्कृति संरक्षण की कमान



**कटनी (स्वतंत्र मत)।** सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर सिंधी भाषा में संविधान के लोकार्पण से उत्साहित होकर माधवनगर में महिलाओं ने एक प्रेरणादायी आयोजन किया। भारतीय सिंधु सभा की बैठक झूलेलाल मंदिर, हॉस्पिटल लाइन में जिला अध्यक्ष पायल जेतवानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर सिंधी भाषा को केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि एक संपूर्ण सभ्यता और सांस्कृतिक पहचान के रूप में संरक्षित एवं संवर्धित करने पर गहन चर्चा हुई। बैठक में महिला शक्ति की भूमिका को केंद्र में रखते हुए संगठन के विस्तार का निर्णय लिया गया। विभिन्न पदों पर महिलाओं की नियुक्ति कर एक सशक्त और सक्रिय टीम का गठन किया गया। उपस्थित महिलाओं ने एकजुट होकर समाज की उन्नति, भाषा के संरक्षण और नई पीढ़ी को इससे जोड़ने का संकल्प लिया। साथ ही आगामी सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। महिला शाखा की प्रमुख जिम्मेदारियां सदस्यों को सौंपी गई जिनमें सलाहकार रेखा पंजवानी, साधना ठारवानी, सुनिता ठारवानी, सिमरन जयसिंघानी मनोनीत हुईं। उपाध्यक्ष काव्या झामनानी, पूजा मंगतानी, लक्ष्मी लालवानी, डिम्पल पंजवानी, महामंत्री नम्रता राजपाल, सचिव जानवी माखीजा, सहसचिव पूजा रोहरा, कोषाध्यक्ष बबिता नैनवानी, सहकोषाध्यक्ष लक्ष्मी लालवानी, मीडिया प्रभारी जिया लालवानी, कोमल ओचानी एवं कार्यकारिणी में राखी आहूजा, भावना विशनदासानी, काव्या बजाज, सरिता बबल, नायर पंजवानी, चाहत नावानी, मान्या माधवानी सहित अन्य शामिल हैं। बैठक की प्रस्तावना पर जानकारी देते हुए पायल जेतवानी ने बताया कि भाषा साहित्य की सेवा से जुडा यह आयोजन केवल एक बैठक नहीं, बल्कि सिंधी समाज के लिए एक नई दिशा का संकेत है, जिसमें महिलाएं संस्कृति संरक्षण की अग्रिम पंक्ति में खड़ी दिखाई दे रही हैं।

## 14 अप्रैल को मनाई जाएगी संत शिरोमणि सेन महाराज की 726वीं जयंती

### अभिषेक, पूजन व भंडारे के साथ होगा समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान




**कटनी (स्वतंत्र मत)।** संत शिरोमणि सेन महाराज की 726वीं जयंती आगामी 14 अप्रैल मंगलवार को शहर में धूमधाम से मनाई जाएगी। संत शिरोमणि सेन महाराज जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनाने जिला सेन समाज के द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। यह जयंती आगामी 14 अप्रैल को वैशाख कृष्ण पक्ष द्वादशी के अवसर पर शहर के शेरचौक पुरानी बस्ती स्थित शिव श्रीवास पंचायत मंदिर प्रांगण में धूमधाम से मनाई जाएगी। सेन जयंती के अवसर पर मंदिर प्रांगण में विविध धार्मिक आयोजनों के साथ समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान व भंडारा भी आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला सेन समाज के अध्यक्ष गोविंद सेन ने बताया कि सेन जयंती के अवसर पर धार्मिक आयोजनों की शुभारंभ शिव श्रीवास पंचायती मंदिर में प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक अभिषेक पूजन व हवन के साथ किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे कृषि उपज मंडी पहरूआ स्थित खेर माता मंदिर से वाहन रैली निकाली जाएगी। वाहन रैली पहरूआ से शुरू होकर पन्ना मोड़, बस स्टेंड, चांडक चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए मेन रोड स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पर आकर समाप्त होगी। जिसके बाद यहां से संत शिरोमणि सेन महाराज की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## जेपीवी डीएवी में यूकेजी ग्रेजुएशन सेरेमनी का भव्य आयोजन

कटनी (स्वतंत्र मत)।



11 अप्रैल को जेपीवी डीएवी विद्यालय कटनी में यूकेजी के नन्हे विद्यार्थियों की ग्रेजुएशन सेरेमनी का भव्य एवं हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश जोन के क्षेत्रीय निदेशक एस के सिन्हा द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर बताया गया कि किंडरगार्टन शिक्षा बच्चों के जीवन का वह महत्वपूर्ण चरण होता है, जहाँ वे घरेलू वातावरण से निकलकर औपचारिक शिक्षा की ओर पहला कदम बढ़ाते हैं। यूकेजी पूर्ण करने के पश्चात अब इन विद्यार्थियों की विधिवत शैक्षणिक यात्रा प्रारंभ होगी, इसी खुशी को प्रतिवर्ष समारोह के रूप में मनाया जाता है। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा प्राचार्य का तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। एक सुंदर गणवेश के साथ नन्हे विद्यार्थियों का विद्यालय प्रांगण में आगमन हुआ। इसके पश्चात यूकेजी के नन्हे विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। एलकेजी के बच्चों ने भी अपनी आकर्षक प्रस्तुति से कार्यक्रम में रंग भर दिया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा प्रथम की छात्रा समृद्धि शुक्ला ने प्रभावशाली संभाषण प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में नन्हे ग्रेजुएट्स को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसी क्रम में कक्षा प्रथम के ग्रेजुएट्स विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। झकार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। अंत में विद्यालय की शिक्षिका ज्योति गौर द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## खेत से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त, दो फरार

कटनी (स्वतंत्रमत)।



थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे के मार्ग दर्शन में चौकी प्रभारी निवार अंजनी मिश्र ने क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेचने वालो पर की कार्यवाही ०9 अप्रैल को मुखबिर की सूचना मिली कि ग्राम गाता खेडा का मुकेश चौधरी जो बिवेक सिंह का खेत सिकमी मे लिया है जो गेहूँ की खेती किया था वह खेत मै बने कमरे में देशी शराब छिपा कर रखा है एवं बेचने के फिराक मै है कि मुखविर सुचना का पंचनामा प्र.आर, 76 गौरव सेन एवं आर. 352 अरबिन्द कुशवाहा के समक्ष तैयार किया जाकर रोजनामचा सान्हा मे इन्द्राज कर आर. 549 बकील यादव को खेत स्वामी बिवेक सिंह राजकपूर को ग्राम ठरका खेत मे उपस्थित होने हेतू नोटिस देकर रवाना किया जाकर हमराह स्टाप को भी मुखविर की सूचना से अवगत करा कर तस्दीक हेतु हमराह सउनि कमलेश्वर शक्ला, प्र.आर. 76 गौरव सेन, प्र.आर. 48 देवेश कुमार के रवाना हुआ जो से अवगत कराया गया विवेक सिंह राजकपूर एवं साक्षी फूलचंद बर्मन पिता विजय बर्मन एवं रोहणी प्रसाद विश्वकर्मा के साथ खेत मे बने मुखबिर के बताये कमरा को चैक किया जो लकडी के बने तखत के ऊपर 11 खाकी रंग के कार्टुन मे प्रत्येक खाकी रंग के कार्टुन मे 50-50 पाव के लाल मसाला मदिरा रखे मिले जो प्रति प्लास्टिक की पाव की शीशी मे 180 एम एल देशी लाल मासाला मदिरा भरी शील बंद मिली जो कुल 550 नग (180-99 वल्क लीटर) कीमती 60500/ रूपये एवं 03 खाकी रंग के कार्टुन मे 50-50 नग प्लास्टिक की शीशी मे देशी प्लेन मदिरा भरी शील बंद कुल 150 नग एवं एक सफेद बोरी मे 80 नग देशी प्लेन मदिरा 230 नग'(180-30 वल्क लीटर) कुल 130 लीटर कीमती करीबन 83500/रू की उपरोक्त समक्ष गवाहो के जप्त किया गया एवं सभी 15 पेटियो से 02-02 पाव सेपंल 30 नग जो सैम्पल एवं जप्ती माल को गवाहो के समक्ष शील बंद किया जाकर ए1 से ओ2 तक मार्ग किया गया मौके पर ही खेत मालिक विवेक सिंह एवं राजकिशोर के लडके राजकपूर से खेती करने के सबंध पूछताँछ कथन लेख किया गया जो बताये की ग्राम गाताखेडा के मुकेश चौधरी पिता गेंद लाल चौधरी थाना एनकेजे को 25000/रू मे खेती करने का सिकमी (ठेका) दिया गया था और उसी के साथ में ठरका का पुस्सु भुमिया पिता अट्ठी भूमिया भी खेत मे तकवारी करता था मेरे खेत की सम्पूर्ण जबाबदारी मुकेश चौधरी एवं पुस्सु भुमिया की थी जो खेत के कमरे मे शराब मिली है वह मुकेश चौधरी एवं पुस्सु भुमिया की है दोनो की तलाश आसपास के क्षेत्रो मे किया जो नही मिले आरोपी मुकेश चौधरी एंव पुस्सु भुमिया का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से अपराध पंजीबद्द कर विवेचना मे लिया गया।


**आवश्यकता है**

**बारडोली महाविद्यालय कटनी (म0 प्र0)**

उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त तथा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से संबंद्धता प्राप्त

बारडोली महाविद्यालय में बी.कॉम- एवं बी.एस.सी. पाठ्यक्रम के लिए सहायक प्राध्यापको की भर्ती हेतु योग्य आवेदको से शैक्षणिक एवं अनुभव संबंधी प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति एवं दो फोटो सहित आवेदन पत्र आंमत्रित करता है। आवेदन की अंतिम तिथि 02/05/2026 है तथा विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | पदनाम | रिक्त पद | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | सहायक प्राध्यापक (बी.कॉम.) | बी.कॉम. पाठ्यक्रम- कुल पद 04<br>1- आधार पाठयक्रम - 02<br>2- वाणिज्य - 02<br>3- कर- प्रक्रिया - 01 | 55% अंको के साथ स्नातकोत्तर एवं संबंधित विषय में नेट/स्लेट/पी.एच.डी |
| 2 | सहायक प्राध्यापक (बी.एस.सी.) | बी.एस.सी. पाठ्यक्रम- कुल पद 05<br>1. रसायनशास्त्र - 01<br>2. वनस्पतिशास्त्र - 01<br>3. प्राणीशास्त्र - 01<br>4. भौतिक विज्ञान - 01<br>5. गणित - 01 | 55% अंको के साथ स्नातकोत्तर एवं संबंधित विषय में नेट/स्लेट/पी.एच.डी |
| 3 | कम्पयूटर आपरेटर | कुल पद - 01 | स्नातक एवं पी.जी.डी.सी.ए./ डी.सी.ए. उत्तीर्ण एवं अनुभव |
| 4 | कार्यालय सहायक | कुल पद - 01 | स्नातक |

यू0जी0सी0 के मापदण्डो के अनुसार

नोट:-

1. उपरोक्त पदो के लिए चयन यू0जी0सी0 के प्रभावशील नियम लागू होंगे।
2. आरक्षण में यू0जी0सी0 एवं म0 प्र0 शासन के नियमों का पालन आवश्यक होगा।
3. आवेदक अपना आवेदन महाविद्यालय के पते पर अंतिम तिथि के पूर्व भेजे।
4. अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:- 9302152134, 8225868290

# पंजाब ने आईपीएल के इस सीजन का तीसरा मैच जीता

## हैदराबाद के खिलाफ 220 रन का टारगेट 18.5 ओवर में चेज,प्रियांश, प्रभसिमरन और श्रेयस की फिफ्टी

न्यू चंडीगढ़ (वार्ता)

पंजाब किंग्स ने आईपीएल के मौजूदा सीजन में तीसरी जीत हासिल की। टीम ने शनिवार के पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 6 विकेट से हराया। इस जीत के बावजूद पंजाब की टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर है। न्यू चंडीगढ़ में टॉस जीतने वाली पंजाब ने 220 रन का टारगेट 18.5 ओवर में 4 विकेट पर हासिल कर लिया। कप्तान श्रेयस अय्यर ने नाबाद 69 रन की पारी खेली। उनके अलावा, प्रियांश आर्या ने 57 और प्रभसिमरन सिंह ने 51 रन बनाए। हैदराबाद की ओर से ओपनर अभिषेक शर्मा ने 28 बॉल पर 74 रन बनाए। उन्होंने 5 चौके और 8 छक्के लगाए। अभिषेक ने ट्रैविस हेड के साथ 50 बॉल पर 120 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। गेंदबाज में अर्शदीप सिंह और शशांक सिंह को 2-2 विकेट मिले।




### सनराइजर्स ने पंजाब को दिया था 220 रनों का लक्ष्य

अभिषेक शर्मा (78), हाइनरिक क्लासन (39) और ट्रेविस (38) रनों की पारियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 17वें मुकाबले में पंजाब किंग को जीत के लिए 220 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां पंजाब किंग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 120 रन जोड़कर अपनी टीम अच्छी शुरुआत दिलाई। नौवें ओवर में शशांक सिंह ने पहले ट्रेविस हेड और उसके बाद इसी ओवर की तीसरी गेंद पर अभिषेक शर्मा को आउट कर पंजाब किंग को दोहरी सफलता दिलाई। ट्रेविस हेड ने 23 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 38 रन बनाये। अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों में पांच चौके और आठ छक्कों की बारिश करते हुए 74 रनों की तूफानी पारी खेली। कप्तान इशान किशन ने 17 गेंदों में 27 रन बनाये। उन्हें 14वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने आउट किया। अनिकेत शर्मा नौ गेंद में (18) और सलील अरोड़ (नौ) रन बनाकर आउट हुये। हाइनरिक क्लासन ने 33 गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए (39) रनों की पारी खेली। सनराइजर्स हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 219 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग के लिए शशांक सिंह और अर्शदीप सिंह ने दो-दो विकेट लिये। जेवियर बार्टलेट ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

**पंजाब किंग्स:** प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), प्रियांश आर्या, श्रेयस अय्यर (कप्तान), कूपर कोनोली, शशांक सिंह, मार्कस स्टोयनिस, मार्को यानसन, जेवियर बार्टलेट, विजयकुमार वैशाख, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (कप्तान, विकेटकीपर), हेनरिक क्लासन, सलिल अरोरा, अनिकेत वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, शिवांग कुमार, हर्षल पटेल, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

# आयुष शेट्टी ने वर्ल्ड नंबर 1 को हराकर फाइनल में जगह बनाई




चीन (वार्ता)

बीस साल के आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में अपनी ज़बरदस्त जीत का सिलसिला जारी रखा। इस नई पीढ़ी के भारतीय खिलाड़ी ने शनिवार को इस इवेंट में थाईलैंड के डिफेंडिंग चैंपियन और वर्ल्ड नंबर 1 कुनलावुत विटिडसार्न को 10-21, 21-19, 21-17 से हराकर मेन्स सिंगल्स फाइनल में जगह बनाई। शेट्टी 1965 के बाद फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय मेन्स सिंगल्स खिलाड़ी बने। हालांकि पहला गेम 2023 वर्ल्ड जूनियर ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट के पक्ष में नहीं था, लेकिन शेट्टी ने अपनी शुरुआती हार से उबरते हुए अगले दो गेम आराम से जीते और ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट विटिडसार्न को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। दूसरे गेम में आयुष ने 12-4 की बढ़त ले ली और हालांकि विटिडसार्न ने 13-11 से अंतर कम कर लिया, लेकिन भारतीय हमेशा आराम से दिखे। तीसरे गेम में भी उसी कॉन्फिडेंस के साथ उतरते हुए आयुष ने 1 घंटे 15 मिनट में एशियन चैंपियनशिप में अपनी पहली फाइनल जगह पक्की कर ली। अब उनका सामना चाउ टिएन चेन (विश्व रैंकिंग 6) और शि यू की (विश्व रैंकिंग 2) के बीच होने वाले मैच के विनर से होगा। अगर आयुष फाइनल मैच में स्वर्ण पदक जीतने में सफल होते हैं, तो 2023 के बाद यह भारत का पहला स्वर्ण पदक होगा। 2023 में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीता था। इस टूर्नामेंट में आयुष का प्रदर्शन अब तक शानदार रहा है। आज के मैच से पहले उन्होंने एक भी गेम नहीं गंवाया था। सेमीफाइनल में उन्होंने दुनिया के नंबर 4 खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को हराया था, और उससे पहले उन्होंने दुनिया के नंबर 7 खिलाड़ी ली शिफेंग को भी मात दी थी।

# विस्फोटक बल्लेबाजी कर सूर्यवंशी ने किया ऑरेंज कैप पर कब्जा

गुवाहाटी (वार्ता)




रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 26 गेंदों में 78 रनों की विस्फोट बल्लेबाजी करते हुए ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली। शुक्रवार रात खेले गये इस मुकाबले में जितने शानदार सूर्यवंशी रहे हैं, उनके सहयोगी यशस्वी जायसवाल भी उतने ही बेहतरीन हैं। इस मैच में उन्होंने 8 गेंदों में 13 रन बनाये। और वह सर्वाधिक रन बनाने वालों दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। लेकिन दोनों के बीच मात्र 17 रन का अंतर है और उनके कुल 183 रन हैं। इसके अलावा शीर्ष तीन में आरआर का पूरा कब्जा बनाते हुए ध्रुव जुरेल तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ बनाए गए 75 रन के बाद आरसीबी के खिलाफ भी 43 गेंदों में नाबाद 81 रन की शानदार पारी खेली। इस मामले में दिल्ली कैपिटल्स के समीर रिजवी 160 रन के साथ और कोलकाता नाइट राइडर्स के अंगकृष रघुवंशी 155 रन के साथ शीर्ष पांच में हैं। पर्पल कैप तालिका में भी आरआर शीर्ष पर है, जहां रवि बिश्नोई ने दो विकेट और जोड़कर कुल नौ विकेट कर लिए हैं। यह इस सूची में दूसरे स्थान पर मौजूद गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा के विकेटों की संख्या से तीन अधिक हैं। बिश्नोई ने आईपीएल 2025 के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद आर आर की गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई की है। पी कृष्णा के पीछे पांच विकेट के साथ नौ गेंदबाजो का एक समूह है। इसमें पंजाब किंग्स के विजयकुमार वैशाख, कृष्णा के टीम साथी राशिद खान, दिल्ली कैपिटल्स के लुंगी एनगिडी, लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिंस यादव, आरसीबी के जैकब डफी, केकेआर के वैभव अरोड़ा, चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कंबोज और आरआर के दो अन्य गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और नांद्रे बर्गर शामिल हैं।

# जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी एलएसजी

लखनऊ (वार्ता)

आखिरी ओवर के तनाव से लेकर उभरते सितारों तक, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) रविवार को यहाँ भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 19वें मैच में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ एक बड़े दांव वाले दिन के मैच में, पिछले मैच के रोमांचक अंत की लहर पर सवार होकर उतरेगी। सभी की नज़रें युवा मुकुल चौधरी पर टिकी हैं, जिन्होंने दबाव में 27 गेंदों पर निडर होकर नाबाद 54 रन बनाकर पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ तीन विकेट से शानदार जीत दिलाई थी। आखिरी दो ओवरों में जब 30 रनों की ज़रूरत थी, तब इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने ज़बरदस्त संयम और साफ़-सुथरी हिटिंग का प्रदर्शन करते हुए इस सीजन के सबसे रोमांचक फिनिश में से एक को अंजाम दिया। उनके इस शानदार प्रदर्शन को इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट आयुष बडोनी के 34 गेंदों पर बनाए गए स्थिर 54 रनों ने और मज़बूत किया, जिसने लखनऊ को तब भी मैच में बनाए रखा जब जीत हाथ से फिसलती हुई लग रही थी। इस जीत ने ऋषभ पंत की अगुवाई वाली टीम में एक नया आत्मविश्वास भर दिया है, जो अब लगातार तीसरी जीत की तलाश में है।




लखनऊ को गुजरात पर अपनी हालिया बढ़त से भी आत्मविश्वास मिलेगा, क्योंकि उसने दोनों टीमों के बीच हुए पिछले तीन मुकाबले जीते हैं। उनकी पिछली भिड़ंत में एक ज़बरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला था, जिसमें एक तूफ़ानी शतक भी शामिल था जिसने उन्हें आसानी से जीत दिलाई थी, जबकि निकोलस पूरन ने गुजरात के खिलाफ लगातार अहम पारियां खेलकर टीम में योगदान दिया है। हालाँकि, गुजरात भी अपनी एक अलग कहानी के साथ मैदान में उतर रही है - एक ऐसी कहानी जिसमें वापसी और नई लय शामिल है। शुभमन गिल की अगुवाई में, जीटी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एक ठोस जीत के साथ सीजन की मुश्किल शुरुआत को पीछे छोड़ दिया है; इसका श्रेय काफी हद तक उनके टॉप-ऑर्डर के बल्लेबाजों को जाता है जिन्होंने आखिरकार एक साथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया है। गिल के शानदार 70 रनों ने मैच की लय तय की, जबकि साई सुदर्शन ने भी अपने लगातार अच्छे प्रदर्शन को जारी रखा। टॉप-ऑर्डर में जोस बटलर के शामिल होने से टीम की बल्लेबाज़ी में और भी धार आ गई है, जो उनके तेज़ अर्धशतक से साफ़ ज़ाहिर होता है; वहीं वाशिंगटन सुंदर के पहले आईपीएल अर्धशतक ने टीम के मध्यक्रम को और भी मज़बूत बनाया है। ग्लेन फिलिप्स और शाहरुख खान जैसे पावर-हिटर बल्लेबाजों के साथ-साथ राहुल तेवतिया की मैच खत्म करने की काबिलियत को देखते हुए, गुजरात की बल्लेबाज़ी यूनिट सही समय पर अपना संतुलन हासिल करती हुई नजर आ रही है। राशिद खान की अगुवाई वाली उनकी गेंदबाज़ी, स्पिन के लिए मददगार एकाना की पिच पर एक निर्णायक फ़ैक्टर साबित हो सकती है। तेज गेंदबाज़ों कगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज के साथ-साथ फ़ॉर्म में चल रहे प्रसिद्ध कृष्णा और स्पिनर आर साई किशोर के सहयोग से, जीटी के पास लखनऊ की आत्मविश्वास से भरी टीम को चुनौती देने के लिए जरूरी हथियार मौजूद हैं। जहां एक तरफ़ लखनऊ एक रोमांचक जीत की लय पर सवार है, वहीं दूसरी तरफ़ गुजरात अपनी वापसी को निरंतरता में बदलने की कोशिश में है; ऐसे में रविवार का यह मुकाबला एक ज़बरदस्त जंग का मंच तैयार करता है - एक ऐसी जंग जिसकी पहचान उभरते हुए मैच-विनर्स, फ़ॉर्म में चल रहे कप्तानों और उन बारीक फ़र्कों से होती है जो अक्सर टी 20 क्रिकेट का नतीजा तय करते हैं।

# चावल, गेहूं के भाव टूटे, चीनी मजबूत

नयी दिल्ली (वार्ता)

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव घट गया। गेहूं में भी नरमी रही जबकि चीनी में तेजी देखी गयी। वहीं, दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 97 रुपये टूटकर 3,759 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। गेहूं दो रुपये सस्ता हुआ और 2,770 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत 15 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। दाल-दलहनों में मिश्रित रुख देखा गया। मूंग दाल की औसत कीमत 32 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। तुअर दाल 35 रुपये और चना दाल 20 रुपये सस्ती हुई। उड़द दाल की कीमत 19 रुपये और मसूर दाल की नौ रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 141 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की औसत कीमत 120 रुपये और पाम ऑयल की 85 रुपये बढ़ गयी। सूरजमुखी तेल में 52 और सरसों तेल में 32 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वनस्पति 11 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़। चीनी भी 28 रुपये महंगी हुई। दाल चना 7666.84 रुपये, मसूर काली 8055.01 रुपये, मूंग दाल 10183.61 रुपये, उड़द दाल 10801.14 रुपये, तुअर दाल 11227.68 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2769.81 रुपये और चावल 3759.41 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3277.88 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4328.72 रुपये और गुड़ 4998.30 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17881.67 रुपये, मूंगफली तेल 19000.95 रुपये, सूरजमुखी तेल 17507.82 रुपये, सोया तेल 14838.54 रुपये, पाम ऑयल 13531.46 रुपये और वनस्पति 14798.33 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।



# सोना-चांदी में जोरदार उछाल

## घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूती के बीच निवेशकों की बढ़ी दिलचस्पी

नई दिल्ली



देश में सोने और चांदी की कीमतों में एक बार फिर जोरदार तेजी देखने को मिल रही है। शनिवार 11 अप्रैल को दिल्ली सराफा बाजार में सोना 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया, जबकि चांदी 2.60 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार करती दिखी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी दोनों धातुओं में मजबूती बनी हुई है, जिससे घरेलू बाजार को समर्थन मिल रहा है। देश के प्रमुख शहरों में सोने के दामों में हल्का अंतर देखा गया है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,52,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,39,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया। मुंबई और कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,52,360 रुपये के आसपास बना हुआ है, जबकि चेन्नई में यह बढ़कर 1,54,100 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया है। चांदी की बात करें तो दिल्ली में इसकी कीमत 2,60,100 रुपये प्रति किलोग्राम दर्ज की गई। इससे पहले इसमें एक दिन में करीब 1.6 फीसदी की बढ़त देखी गई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्पॉट गोल्ड लगभग 4,777 डॉलर प्रति औंस और चांदी 75 डॉलर प्रति औंस के आसपास बनी हुई है। मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार एमसीएक्स के वीकली चार्ट पर सोना और चांदी दोनों लगातार मजबूती दिखा रहे हैं। दोनों धातुएं 30-वीक मूविंग एवरेज से ऊपर बनी हुई हैं, जो मजबूत अपट्रेंड का संकेत माना जाता है। हालांकि विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि अगर कीमतें प्रमुख सपोर्ट लेवल से नीचे जाती हैं तो हल्की गिरावट संभव है। फिलहाल बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है और निवेशकों की नजर आगे की चाल पर टिकी है।

# गोयल ने सऊदी अरब के वाणिज्य मंत्री से की बात

नयी दिल्ली (वार्ता)

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सऊदी अरब के वाणिज्य मंत्री माजिद बिन अब्दुल्ला अल कासबी के साथ वर्चुअल माध्यम से बात की और पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति श्रृंखला बनाये रखने की जरूरत पर बल दिया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि दोनों पक्षों ने संघर्ष के कारण क्षेत्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं पर दबाव को स्वीकार किया और व्यापार में सुचारू प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर प्रयास करते हुए जल्द सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। श्री गोयल ने सऊदी अरब और खाड़ी क्षेत्र में निर्यात को समर्थन देने के लिए भारत द्वारा उठाये गये कदमों का उल्लेख किया। दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दुहरायी और भारत-जीसीसी मुक्त व्यापार समझौता वार्ता में शीघ्र प्रगति की आशा व्यक्त की। श्री गोयल ने उम्मीद जतायी कि हाल ही में घोषित युद्धविराम से क्षेत्र में स्थायी शांति और सुरक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने हालिया संघर्ष के दौरान सऊदी अरब में हुए हमलों की निंदा की और भारतीय समुदाय की सुरक्षा के लिए वहां की सरकार के प्रयासों की प्रशंसा की। इस बैठक में भारत-सऊदी अरब आर्थिक साझेदारी को और अधिक मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। इससे पहले श्री गोयल ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के महासचिव और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कुवैत तथा बहरीन के अपने समकक्षों के साथ भी वर्चुअल माध्यम से अलग-अलग बात की थी। इन सभी बैठकों में उन्होंने पश्चिम एशिया में जल्द स्थायी शांति बहाली की कामना की, आपूर्ति श्रृंखला संबंधी बाधाओं को दूर करने में सहयोग का आश्वासन दिया और व्यापार जल्द से जल्द सुगम करने की जरूरत पर बल दिया।



# वैश्विक घटनाओं के बीच बाजार मे रहा भारी उतार-चढ़ाव

## कच्चे तेल की कीमतें और वैश्विक बाजारों के संकेतों ने निवेशकों की धारणा को लगातार प्रभावित किया

मुंबई

इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त उतार-चढ़ाव देखने को मिला। पूरे हफ्ते बाजार की दिशा घरेलू कारकों से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय घटनाओं और भू-राजनीतिक तनावों से तय होती रही। पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने की आशंका, कच्चे तेल की कीमतों में तेज बदलाव और वैश्विक बाजारों के संकेतों ने निवेशकों की धारणा को लगातार प्रभावित किया। सप्ताह की शुरुआत गिरावट के साथ हुई, लेकिन बीच-बीच में आई तेज रिकवरी ने बाजार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। आरबीआई की मौद्रिक नीति, अंतरराष्ट्रीय सीजफायर की खबरें और कच्चे तेल में नरमी ने निवेशकों का भरोसा मजबूत किया। कुल मिलाकर यह सप्ताह हाई वोलैटिलिटी और तेज सेंटिमेंट स्विंग्स का रहा। सप्ताह की शुरुआत में वैश्विक तनाव के कारण बाजार पर दबाव देखा गया। पश्चिम एशिया में युद्ध के विस्तार की आशंका और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों को सतर्क कर दिया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में गिरावट दर्ज की गई, हालांकि दिन के मध्य में खरीदारी लौटने से बाजार हरे निशान पर आ गया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1:15 बजे तक बढ़त के साथ कारोबार करता दिखा और बाद में मजबूत बढ़त के साथ बंद हुआ। वहीं निफ्टी 50 भी सकारात्मक स्तरों पर बंद हुआ। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन बाजार में 800 अंकों से अधिक की गिरावट देखी गई, जहां निफ्टी 22,800 के नीचे चला गया। हालांकि इसके बाद वैश्विक संकेतों में सुधार और कच्चे तेल में गिरावट से बाजार में तेजी लौट आई। आईटी सेक्टर में खरीदारी ने भी रिकवरी को समर्थन दिया। सबसे बड़ा उछाल तब देखने को मिला जब अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर की खबरें आईं। इस सकारात्मक विकास ने वैश्विक तनाव कम किया और भारतीय बाजार में भारी खरीदारी देखने को मिली। सेंसेक्स में लगभग 3,000 अंकों की तेज रैली दर्ज की गई और निफ्टी भी 24,000 के स्तर के करीब पहुंच गया। लगातार तेजी के बाद सप्ताह के अंत में बाजार में हल्की मुनाफावसूली देखने को मिली। गुरुवार को बाजार दबाव में रहा और सेंसेक्स 900 अंकों से अधिक टूट गया। निफ्टी भी नीचे आ गया। हालांकि शुक्रवार को फिर से खरीदारी लौटी और सेंसेक्स 918.60 अंक बढ़कर 77,550.25 पर बंद हुआ, वहीं निफ्टी 275.50 अंक बढ़कर 24,050.60 पर पहुंच गया।



# किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ : राजनाथ

## केन्द्रीय रक्षा मंत्री सिंह, मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री की उपस्थिति में रायसेन में कृषि महोत्सव का शुभारंभ

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि देश की सीमा पर जवान और खेतों में किसान दोनों का समान महत्व है। दोनों ही अपनी मिट्टी के प्राण-प्रण से सेवा में तत्पर रहते हैं। किसान हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, हमारी ताकत हैं। इनके बिना हमारे भोजन की थाली अधूरी है। किसानों की मुस्कान ही हमारी पूंजी है। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी बड़े जोखिम का काम है, फिर भी हमारे किसान पूरी मेहनत और लगन से देशवासियों का उदर-पोषण करते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि वे स्वयं एक किसान पुत्र हैं। किसानों की वेदना और उनकी जरूरतों से वाकिफ हैं। किसानों का कल्याण हमारा लक्ष्य है। इनकी बेहतरी के लिए हम संकल्पबद्ध होकर प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि देश के किसानों के कल्याण की दिशा में हमारा मजबूत प्रयास है। किसान सम्मान निधि के रूप में हर पात्र किसान के बैंक खाते में 6000 रुपए सीधे ट्रांसफर किये जा रहे हैं, जिससे वे खाद, बीज और खेती-किसानी के अन्य जरूरी समान खरीद सकें। यह किसानों की मेहनत का सम्मान है। अब तक हमारी सरकार हजारों करोड़ रुपए की सहायता किसान भाइयों को दे चुकी है। उन्होंने किसानों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि गांव, गरीब, नारी, युवा और खेती-किसानी की लगातार बेहतरी के लिए हमारे प्रयास आगे भी इसी तरह जारी रहेंगे। केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री सिंह शनिवार को रायसेन के दशहरा मैदान में आयोजित उन्नत कृषि महोत्सव-2026 को संबोधित कर रहे थे।

केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री सिंह, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा त्रि-दिवसीय कृषि महोत्सव प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर विधिवत् शुभारंभ किया गया। केन्द्रीय कृषि मंत्रालय एवं राज्य शासन के कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों को मृदा परीक्षण में मदद के लिए स्वॉइल मोबाइल ऐप ई-फॉर्म लान्च किया गया। इस ऐप की मदद से किसान बंधु खुद अपने खेत की मिट्टी की सेहत जांच सकेंगे। कार्यक्रम में नरवाई प्रबंधन, कस्टम हायरिंग एवं अन्य शासकीय योजनाओं के 10 क्षेत्रीय हितग्राही किसानों को मंच से हितलाभ वितरित किए गए। इस दौरान देश में कृषि क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास पर केंद्रित आकर्षक लघु फिल्म (एवी) का प्रदर्शन भी किया गया। उन्नत कृषि महोत्सव 13 अप्रैल तक चलेगा।



### मुख्यमंत्री ने हृदय प्रदेश को दी एक अलग पहचान

केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री सिंह ने मध्यप्रदेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सशक्त एवं कर्मठ नेतृत्व में मध्यप्रदेश लगातार विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि रायसेन की उर्वर भूमि पर हो रहा यह उन्नत कृषि महोत्सव प्रदेश के किसानों की तकदीर और उनकी माली हालत की तस्वीर बदलने में बेहद सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस कृषि महोत्सव में किसानों को सरकारी योजनाओं के साथ बिचौलियों से मुक्त बाजार सहित वेयर हॉउसिंग और कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने के लिए सभी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देश के हृदय प्रदेश को एक अलग पहचान दी है। मध्यप्रदेश के किसानों की मेहनत और लगन प्रेरणादायी है। प्रदेश की जनता का अतिथि सत्कार दिल जीत लेता है, यह मध्यप्रदेश की खासियत है।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के लिए उपहार

केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि बीते सालों में केंद्र सरकार ने किसानों के लिए बेमिसाल कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के लिए एक उपहार की तरह है। इसमें प्राकृतिक आपदा से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई अब फसल बीमा के माध्यम से की जा रही है। भारत सरकार ने देश के सभी किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिए हैं। इसकी मदद से किसान पता लगा पा रहे हैं कि उनके खेत में कौन सी फसल ली जा सकती है और उन्हें खाद की कितनी मात्रा डालनी है। इससे कृषि की लागत घटी है। भारत सरकार ने गांव-गांव तक सड़कें, नल से जल, बिजली कनेक्शन दिए और गांवों को शहरों से जोड़ा है। देशभर की मंडियां ऑनलाइन होने से किसान अब घर बैठे अपनी उपज बेच सकता है। हमारी सरकार ने फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि किसानों और गांवों के लिए अभी भी बहुत कुछ करना शेष है। किसानों के कल्याण के लिए धन की कमी कभी आड़े नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि वे देश के रक्षा मंत्री है, लेकिन दिल से एक किसान भी हैं।

### सब्जियों से जवानों की सेहत हुई अच्छी

केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री सिंह ने किसानों के हित में रक्षा मंत्रालय द्वारा किए गए नवाचार की जानकारी देते हुए बताया कि हमने देशभर में मौजूद सेना की छावनियों के आसपास के किसानों से ही प्राकृतिक खेती से पैदा किए गए फल एवं सब्जियां खरीदने का निर्णय लिया है। प्राकृतिक और जैविक खेती से पैदा फल और सब्जियां के उपभोग से जवानों की सेहत भी अच्छी हुई है। हमने इन खाद्य उत्पादों को बाहर से बुलवाना बंद कर दिया है। इससे किसानों की आमदनी बढ़ी है और उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है। रक्षा मंत्रालय ने श्रीअन्न को भी प्रोत्साहन दिया है। इससे छावनी इलाकों के आसपास के किसानों को श्रीअन्न का समुचित मूल्य मिल रहा है। हमारे प्रयासों से जय जवान, जय किसान का नारा सच्चे अर्थों में चरितार्थ हुआ है।

### मध्यप्रदेश के लिए शुभंकर हैं राजनाथ सिंह : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों कुछ दिन पहले ही मध्यप्रदेश में बीईएमएल के पहले रेल कारखाने का भूमि-पूजन हुआ है और आज वे किसानों को अपना मार्गदर्शन देने आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री राजनाथ सिंह मध्यप्रदेश के लिए शुभंकर केन्द्रीय मंत्री हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत की अलग छवि बन रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान देश में कृषि क्षेत्र की सफलता की पहचान बन चुके हैं। खेत के श्रमवीर किसानों और सीमा पर शूरवीर जवानों के सम्मान में केन्द्रीय रक्षा मंत्री की उपस्थिति में उन्नत कृषि महोत्सव का यह आयोजन इन दोनों की गरिमा को बढ़ाने वाला है। जवानों से ही देश की सीमाएं सुरक्षित हैं।

भारत का हर क्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ रहा है। किसानों की मेहनत से अब हमारा देश दोगुना खाद्यान्न निर्यात कर रहा है। मध्यप्रदेश का केवल रायसेन जिला ही दुनिया के 47 से अधिक देशों को बासमती चावल का निर्यात कर रहा है। हमारी सरकारों में प्रदेश के किसानों को गेहूं और धान का समुचित मूल्य मिला है। इस वर्ष हम किसानों से 2625 रुपए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद रहे हैं। साथ ही 40 रुपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस भी हम किसानों को दे रहे हैं। यह हमारी किसानों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक है।

### किसानों के विकास का चल रहा है महायज्ञ : चौहान

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस अवसर पर कहा कि केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पूर्व में देश के कृषि मंत्री भी रहे हैं। वे स्वयं एक किसान हैं। आज रायसेन की पवित्र धरा पर ज्ञान, विज्ञान, अनुसंधान और कृषि का संगम हो रहा है। यह किसानों के लिए एक पाठशाला की तरह है, जहां किसानों को कृषि की नवीन तकनीकें सीखने का अवसर मिलेगा। रायसेन जिला कृषि सहित हर क्षेत्र में आगे हैं, यहां की धान और गेहूं दुनियाभर में प्रसिद्ध है। रायसेन में 2 विश्व धरोहर सांची और भीमबैठिका हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हमें शक्तिशाली विकसित भारत बनाना है। देश को मजबूत इरादों वाले प्रधानमंत्री और रक्षामंत्री मिले हैं। विकसित भारत के लिए कृषि का विकास आवश्यक है। हमारे लिए किसान ही भगवान है और किसानों की सेवा ही हमारी पूजा है।



# सभी महाविद्यालयों विश्वविद्यालयों में मनाया जाएगा नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

प्रदेश के सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन ने बताया कि शैक्षणिक संस्थानों में 'नारी सशक्तिकरण' एवं 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' का आयोजन 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक किया जाएगा। विशेष व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' में निहित प्रावधानों पर व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही छात्राओं को उनके कानूनी अधिकार, साइबर सुरक्षा, कार्यस्थल पर लैंगिक समानता तथा वित्तीय साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी जाएगी। गतिविधियों का आयोजन दो चरणों में किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में क्षेत्र की महिला जनप्रतिनिधियों, प्रतिष्ठित एवं प्रतिभाशाली महिलाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली उद्यमी महिलाओं को आमंत्रित कर उनके अनुभव और विचार साझा किए जाएंगे। कार्यक्रम के बेहतर समन्वय के लिए विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. दिवा मिश्रा को 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। कानूनी अधिकार, साइबर सुरक्षा, कार्यस्थल पर लैंगिक समानता जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान। वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान एवं संवाद। नारी शक्ति वंदन, कल की महिला नेतृत्व, शिक्षा से सशक्तिकरण विषयों पर पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता आत्मरक्षा एवं शारीरिक सशक्तिकरण के अंतर्गत प्रतिभागियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण, मार्शल आर्ट्स, जूडो-कराटे तथा ताइक्वांडो का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही महिला स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा हीमोग्लोबिन जांच, पोषण संबंधी परामर्श तथा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान भी आयोजित किए जाएंगे।

**उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किए समस्त महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों को निर्देश**

# होम्योपैथिक संगठन द्वारा एनुअल कार्यक्रम का आयोजन

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** वर्ल्ड होम्योपैथी डे, होम्योपैथी के जनक डॉ सैमुअल हैनीमैन की 271वी जयंती पर होम्योपैथिक संगठन दमोह द्वारा एनुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सुधीर कुमार कोचर, विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता पंकज हर्ष श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला आयुष अधिकारी डॉ राजकुमार पटेल ने की। होम्योपैथिक संगठन की संरक्षक डॉ सोनल राय ने संगठन के उद्देश्य एवं विभिन्न कार्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी होम्योपैथिक डॉक्टर्स को उनके द्वारा की जा रही सेवा के लिए सम्मानित किया गया एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बांसा ग्राम के ज्ञान कुंज विद्यालय के संचालकों अंकित ठाकुर एवं प्रीति ताम्रकार को उनके नि:शुल्क होम्योपैथिक शिविर में सहयोग करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सम्मानित किया गया। नगर में 65 वर्षों से आयुर्वेद की प्रेक्टिस करने वाले वैद्य बाबू लाल जैन को उनके अतुलनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। जिला चिकित्सालय में पदस्थ दीपक जैन को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम में यंग प्रतिभा वंश तोतानी सुरूर बैंड द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में डॉक्टर शुभन राव द्वारा एक डॉक्यूमेंट्री भी प्रस्तुत की गई जिसमें पिछले 5 वर्षों से दमोह होम्योपैथिक संगठन द्वारा जो भी निशुल्क शिविर, वृक्षारोपण एवं मानव सेवा के कार्य हुए हैं उनको दिखाया गया। चूंकि यह आईएएस सुधीर कुमार कोचर का दमोह कार्यकाल के दौरान अंतिम दिवस था। अत: दमोह होम्योपैथिक संगठन द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किया। अंत में दमोह होम्योपैथिक संगठन के अध्यक्ष डॉ सुधीर वैद्य ने सभी अतिथि एवं उपस्थित डॉक्टर्स का आभार प्रकट किया। मंच संचालन डॉ. प्रिया श्रीवास्तव डॉ. नेहा गौतम ने किया।



### गरीब छात्रों की शिक्षा में सहयोग हेतु आगे आई मदद फाउंडेशन समिति

दमोह (स्वतंत्र मत)।

जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव के मार्गदर्शन में तथा मदद फाउंडेशन समिति के सचिव आशीष शर्मा एवं उपाध्यक्ष रमाकांत मिश्रा के सहयोग से एक सराहनीय पहल की गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष रमाकांत वाजपेयी, राकेश राठौर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मदद फाउंडेशन समिति द्वारा ग्राम टेकचंद पिपरिया निवासी कक्षा 11वीं के छात्र भीकम पटेल को नीट परीक्षा की ऑनलाइन कोचिंग हेतु 5200 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

# गांव चलो अभियान में विभिन्न गांवों में पहुंचे देवड़ा

## उप मुख्यमंत्री गांव चलो अभियान में सीधे जुड़े किसानों से जनसंवाद का बना प्रभावी माध्यम

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मंदसौर में गांव चलो अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर ग्रामीणों एवं किसानों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने ग्राम मुंदडी, सिंदपन, ढाबला चौपाटी, दौरवाडा, बादपुर सहित कई गांवों में पहुंचे। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आम नागरिकों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लोगों तक पहुंचाना ही सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आगामी एक वर्ष में मल्हारगढ़ सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के माध्यम से हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाया जाएगा। इससे किसानों को न केवल सिंचाई सुविधा मिलेगी बल्कि बिजली की समस्या से भी राहत मिलेगी। चंबल नदी का पानी सीधे किसानों के खेतों तक पहुंचाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो अभियान के सपने को याद करते हुए कहा कि देशभर में नदियों को जोड़ने के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं, जिससे सूखा और बाढ़ जैसी समस्याओं से स्थायी समाधान संभव होगा। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत सभी वर्गों के लोगों के कार्ड बनाए गए हैं, जिसमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया गया है। किसान सम्मान निधि योजना का लाभ भी सभी पात्र किसानों को मिल रहा है। इसके साथ ही गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उन्हें सम्मानजनक जीवन मिल सके। उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने नागरिकों से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि देश की मिट्टी से जुड़े उत्पादों को अपनाना चाहिए। साथ ही ग्रामीणों से गांव की स्वच्छता बनाए रखने, सामाजिक जिम्मेदारी निभाने और बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने का आह्वान किया।



### ग्राम समन्ना में बड़े तालाब परिसर में किया गया श्रमदान

***दमोह ( स्वतंत्र मत )।*** *जल गंगा संवर्धन अभियान 2.0 के तहत दमोह जिले की ग्राम पंचायत समन्ना में सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी की गरिमामय मौजूदगी में बड़े तालाब परिसर में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह लोधी ने ग्रामीणों के साथ मिलकर तालाब एवं घाटों की सफाई अभियान में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान दो प्रमुख गतिविधियाँ संचालित की गईं। पहली जल स्रोतों के संरक्षण हेतु तालाब की सफाई और दूसरी, स्वच्छ भारत अभियान के तहत घाट की स्वच्छता सुनिश्चित करना।*

# अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पथरिया (स्वतंत्र मत)।

एक ओर जहां समस्त प्रदेश भर में नॉन टेट परीक्षा का विरोध चल रहा है। वहीं शनिवार के दिन पथरिया एसडीएम कार्यालय के बाहर दर्जनों शिक्षकों की भीड़ दिखाई दी। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा पथरिया द्वारा एसडीएम के समक्ष मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा जिसमें सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट की अनिवार्यता समाप्त करने एवं नियुक्ति दिनांक में सेवा अवधि की गणना के संबंध में बात कही गई

### क्या है सम्पूर्ण मामला

दरअसल लोक शिक्षण संचालनालय एवं आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त नॉन टेट शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट उत्तीर्ण करने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। जिसमें 2006 के पहले जिन भी शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी। उन सभी को पात्रता परीक्षा देना अनिवार्य है। मुख्य रूप से समस्त प्रदेश में और पथरिया ब्लॉक के शिक्षकों में यही आपसी रोष है कि इतने समय पश्चात सरकार द्वारा टेट परीक्षा क्यों दिलाई जा रही है। वहीं शिक्षक संघ के पदाधिकारी अवधेश बड़गैया ने बताया यहां पर खड़े समस्त शिक्षक पहले से ही शिक्षा जगत में विख्यात है। इन सबके पढ़ाए हुए विद्यार्थी आज राजस्व सेवा, तो कई आईएएस, आईपीएस हैं। इसके उपरांत हाल ही में एक बच्चा सिविल जज बना है। ऐसे शिक्षकों की अगर पात्रता परीक्षा कराई जाए तो यह एक निंदनीय विषय है।



### समस्त शिक्षकों का मुख्यमंत्री से निवेदन

समस्त शिक्षकों ने पत्र के माध्यम से निवेदन किया है कि आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा दिनांक 2 मार्च तथा आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मप्र द्वारा दिनांक 26 मार्च को जारी आदेशों को तत्काल निरस्त करने की कृपा करें। प्रदेश के लगभग डेढ लाख शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से मुक्त कर उन्हें अनावश्यक मानसिक तनाव से राहत प्रदान करने की कृपा करें। नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों की लम्बे समय से की जा रही ज्वलंत मांग को दृष्टिगत रखते हुए उनकी सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से किये जाने हेतु आवश्यक आदेश जारी करें जिससे पेंशन ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदीकरण जैसे वैधानिक लाभ पदोन्नति/क्रमोन्नति की भांति सुनिश्चत हो सकें।


**पश्चिम मध्य रेल**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या ईपीएस/02/2026)

**प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल**, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 20254384B | किट फॉर प्रेशर रेगुलेटर असेंबली | 222 नंबर्स |
| 2 | 38264182 | Knuckle फॉर अपग्रेडेड हाई tensile सेंटर बफर कौपलेर | 19080 नंबर्स |
| 3 | 38262202 | बोगी सेंटर पाइवोट बॉटम फॉर CASNUB बोगीज | 1586 नंबर्स |
| 4 | 82265092 | Pembrolizumab 100 mg/4 ml | 30 नंबर्स |
| 5 | 38252199A | मॉडिफाइड एलस्टोमेरिक पैड (डिज़ाइन-A) | 98429 नंबर्स |
| 6 | 65265001 | सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ़ EOT क्रेन SWL 25 टन (MH) & 7.5 टन (AH) | 01 नंबर |
| 7 | 8125WCR TP-12 | मनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ़ 6.2 एमएम थिक कम्पोजिट GRSP | 2448758 नंबर्स |
| 8 | 38262168 | बोल्स्टर लाइनर साइज 153 एमएम x 120 एमएम x 8 एमएम थिक | 62994 नंबर्स |

नियत तारीख:- क्रमांक 1 के लिए: 28.04.2026, क्रमांक 2 से 5 के लिए: 05.05.2026, क्रमांक 6 एवं 7 के लिए: 08.05.2026 और क्रमांक 8 के लिए: 14.05.2026.

50 लाख रुपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मों को **www.ireps.gov.in** पर जाने की सलाह दी जाती है।

*कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर.*

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर


# 2866 स्थानों पर हुई जाँच, 4283 गैस सिलेण्डर जब्त

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्त संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध है। प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिये निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अभी तक 2866 स्थानों पर जांच की गई, 4283 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 11 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई। प्रदेश के 738 रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पंप) की जांच कराई गई है। इसमें 1 प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को सतत् रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये गये हैं। भारत में कच्चे तेल का पर्याप्त भण्डार है, देश एवं प्रदेश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं जिससे पेट्रोलियम पदार्थों की निरंतर सप्लाई हो सके एवं सप्लाई में कोई रुकावट न आए। मध्यप्रदेश और पूरे देश में एलपीजी पेट्रोल, डीजल, पीएनजी एवं सीएनजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने भारत सरकार द्वारा निर्धारित 70प्रतिशत सीमा के अधीन संस्थाओं एवं प्रतिष्ठानों को तय किये गये प्राथमिकता क्रम अनुसार सप्लाई निरंतर जारी रखने के निर्देश दिये हैं। यह भी ध्यान रखा जाये कि सड़क पर कारोबार कर रहे छोटे व्यवसायी (स्ट्रीट वेण्डर) को भी उक्त अनुसार कमर्शियल सिलेण्डर प्रदाय किये जायें। ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी प्लांट अतिरिक्त समय तक काम कर रहे हैं।

प्रदेश के जिलों में स्थित बॉटलिंग प्लांट तथा वितरकों के पास उपलब्धता एवं प्रदाय की सतत् रूप से समीक्षा की जा रही है। साथ ही माईग्रेन्ट लेबर, छात्रों आदि के लिए खाना पकाने के लिये 05 के सिलेण्डेर ऑयल कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आम जनता से अपील की गई है कि वह वैकल्पिक साधनों, जैसे इंडक्शतन,सोलर कुकर, बायो गैस, गोबर धन तथा स्वससहायता समूहों द्वारा उत्पादित गो-काष्ठ का उपयोग करें।



### रसोई गैस की स्थिति

रसोई गैस का प्रदेश के बॉटलिंग प्लांटों में घरेलू एवं कॉमर्शियल एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा गया है। घरेलू गैस उपभोक्ताओं द्वारा की गई बुकिंग के विरूद्ध एलपीजी सिलेण्डर का प्रदाय निरंतर रूप से किया जा रहा है। साथ ही कॉमर्शियल उपभोक्ताओं को शासन द्वारा तय किये गये प्राथमिकता क्रम अनुसार आवंटन प्रतिशत के आधार पर कमर्शियल गैस सिलेण्डरों की सप्लाई सतत् रूप से की जा रही है। घरेलू एवं कॉमर्शियल की सप्लाई में किसी प्रकार का अवरोध नहीं है। घरेलू एवं कॉमर्शियल सिलेण्डर की सप्लाई एवं वितरण सामान्य है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, सिवनी जिला सिवनी (म.प्र)**

**नगर पालिका चौराहा, एन.एच.7 मार्ग, जिला-सिवनी (म.प्र)480661**

Email Id: cmoscni@mpurban.gov.inPhone:07692-221301

क्रमांक46/स्वा.शा./न.पा.प./2026 — सिवनी, दिनांक 07/04/2026

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु ई-टेंडरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://mptenders.gov.in पर आइटम दर आधार पर आमंत्रित हैं। समस्त पंजीकृत फर्म/सप्लायर्स, जिनकी अपनी स्वयं की संबंधित फर्म हो या निर्माता हो, अथवा जो केंद्र सरकार अथवा म.प्र. सरकार का अद्यतन रूप से बिक्री कर एवं आयकर भुगतान करते हो से नगर पालिका परिषद सिवनी, जिला सिवनी निम्न सामग्री की आवश्यकता है।

विस्तृत निविदा https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रं | पोर्टल टेंडर नंबर | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का शुल्क EMD | निविदा की अंतिम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026-UAD-499228 | वर्ष 2026-2027 हेतु स्वास्थ्य शाखा अंतर्गत वार्षिक सामग्री क्रय | 15 दिवस 25,00.000 | 5,000 18750 | 13/05/26 |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सिवनी**

# बिना सोचे-समझे जारी नहीं किये जा सकते चार्ज तय करने के आदेश

### हाईकोर्ट ने अपराधिक प्रकरण पर दिया अहम फैसला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस डीडी बसंल की एकलपीठ ने अपने अहम आदेश में कहा है कि आपराधिक प्रकरण में चार्ज तय करने के आदेश बिना सोचे-समझे जारी नहीं किये जा सकते। ट्रायल कोर्ट चार्ज तय करते समय विस्तृत कारण बताने मजबूर नहीं है परंतु यह उल्लेख करना आवश्यक है कि रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री के आधार पर अपनी राय बनाई है। दरअसल भोपाल के बैरसिया थानान्तर्गत युवती की शिकायत पर बलात्कार के तहत अपराधिक प्रकरण दर्ज



किया गया था। यह मामला याचिकाकर्ता संजय जाटव की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि पीड़ित की शिकायत के अनुसार प्रकरण के मुख्य आरोपी मनोज रैकवार को वह बचपन से जानती थी और दोनों एक दूसरे से प्यार करते थे। मनोज ने शादी का झांसा देकर उसका दैहिक शोषण किया। इसके बाद शादी से इंकार कर दिया था। पीड़ित का आरोप है कि याचिकाकर्ता मुख्य आरोपी का दोस्त है और उसे सभी बातों की जानकारी थी। आरोप है कि वह दोनो के संबंध में परिजनों को बताने की धमकी देते हुए पीड़िता पर बात करने तथा शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालता था।

### आदेश के खिलाफ दायर की थी अपील

आवेदक की ओर से तर्क दिया गया कि उक्त धारा के तहत चार्ज फ्रेम किये जाने पर उसने ट्रायल कोर्ट में आवेदन दायर किया था। उसके खिलाफ ऐसे कोई साक्ष्य नहीं है कि उसे प्रकरण में सह आरोपी बनाया जाये। इसके अलावा दोनों के खिलाफ अलग-अलग प्रकरण दर्ज किये जाने चाहिये। ट्रायल कोर्ट ने आवेदन को निरस्त करते हुए अपने आदेश में कहा था कि आरोपी के द्वारा पीड़ित को धमकी देना अपेक्षित है, ऐसी स्थिति में कार्यवाही के पर्याप्त आधार है। उक्त आदेश के खिलाफ उसने अपील दायर की थी, जिसे खारिज किये जाने के कारण उक्त क्रिमिनल रिवीजन दायर की गयी है। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि चार्ज तय करने के विवादित ऑर्डर में ऊपर बताई गई तय कानूनी स्थिति का पालन निचली अदालत ने नहीं किया है। विवादित ऑर्डर को रद्द करते हुए नये सिरे से विचार करने के लिए इसे निचली कोर्ट को वापस भेजने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

## उद्योगपति केमतानी पर पचास हजार का जुर्माना

### हाईकोर्ट ने कहा एफआईआर के बाद समझौता करना कानून का दुरुपयोग

जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए शहर के उद्योगपति महेश केमतानी पर पचास हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जस्टिस संदीप एन भट्ट की एकल पीठ ने उक्त जुर्माने की राशि मप्र हाईकोर्ट बार में जमा करने के निर्देश दिये है। एकलपीठ ने उक्त निर्देश एक जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिये है। न्यायालय ने मामले में स्पष्ट किया कि पहले एफआईआर दर्ज कराना और उसके बाद समझौता कर लेना न्यायिक प्रकिया का दुरुपयोग है, ऐसे मामलों में सख्ती से निपटना बेहद जरूरी है। दरअसल यह पूरा मामला जबलपुर के महानद्दा स्थित शुभ मोटर्स से जुड़ा है। शिकायतकर्ता महेश केमतानी ने संदीप कुमार मिश्रा, नेहा विश्वकर्मा और नसीम खान उर्फ मुस्कान पर करीब 97 लाख रुपये की हेराफेरी का आरोप लगाते हुए मदन महल थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के दौरान संदीप मिश्रा के परिवार से करीब 12 लाख रुपये की रिकवरी भी हुई थी। जिसके बाद गिरफ्तार आरोपी संदीप मिश्रा ने जमानत के लिए हाईकोर्ट की शरण ली। मामले में आवेदक की ओर से कहा गया कि शिकायतकर्ता से उनका समझौता हो गया है, वहीं शासन की ओर से आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा गया कि एफआईआर के बाद समझौता करना कानून का दुरुपयोग है और इसे स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने आरोपी संदीप मिश्रा को जमानत प्रदान करते हुए शिकायतकर्ता महेश केमतानी पर पचास हजार रुपये की कॉस्ट लगाई है।

## एपीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इस्टीट्यूशन्स में फन फेयर का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

फन फेयर में जहां एक गीत संगीत नृत्यों की प्रस्तुती ने खूब शमा बांधा वही दूसरी ओर सूटिंग, फिसिंग, रिंगिंग आदि गेमों का सभी ने खूब आनन्द उठाया। आनन्द उठाते हुये फन फेयर परिसर में लगे लजीज व्यजंनो का भी दिल खोल कर जायका लिया। अवसर था एपीएन. सीबीएसई सीनियर सेकेन्डरी स्कूल में आयोजित फन फेयर 2026 का। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप जबलपुर केण्ट क्षेत्र के विधायक अशोक रोहाणी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की



अध्यक्षता ए.पी.एन सी.बी.एस.ई. के चेयरमैन चमन श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ठा.शैलेन्द्रसिंह, श्रीमती मीना चमन श्रीवास्तव प्रबंधक तुलसीदास द्रविड, मयंक श्रीवास्तव, धवल श्रीवास्तव महावद्यिालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, स्टेट बोड प्राचार्य अजय वर्मा, सीबीएसई प्राचार्य करन खुराना, मनु श्रीवास्तव, उप प्राचार्या डॉ. वरिमा बोकारे उपस्थिति रही ।

### रुपयों की मांग कर मारपीट

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना क्षेत्र में एक असमाजिक तत्व ने मॉ से मिलने अस्पताल जा रहे एक बालक को बीच रास्तें रोक-कर शराब के लिये रुपयों की मांग कर मारपीट कर दी। इसी प्रकार अधारताल में दो बदमाशों ने एक युवक से शराब पीने रुपयों की मांग करते हुए पाईप से हमला कर उसे पैर में चोट पहुंचा दी। पुलिस ने दोनों मामलों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है। लार्डगंज पुलिस ने बताया कि कांचघर चौराहा निवासी 14 वर्षीय वीर बेन बीती शाम लगभग 7 बजे मॉ से मिलने गैलेक्सी अस्पताल जा रहा था। जिसे रास्ते में पिल्लू बेन मिला जो उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा। वीर ने रूपये देने से मना किया तो पिल्लू बेन ने गालीगलौज करते हुए किसी चीज से हमला कर उसके चेहरे में चोट पहुंचा दी।

## ट्रेड डील का विरोध करने युवा कांग्रेस करेगी कलेक्ट्रेट का घेराव



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व में 13 अप्रैल को जबलपुर में केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों तथा प्रस्तावित भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जानकारी देते हुए युकां के प्रदेश प्रभारी शिवि सिंह चौहान एवं प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने बताया कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका ट्रेड डील भारतीय किसानों, लघु उद्योगों एवं स्थानीय व्यापारियों के हितों के खिलाफ है। यह समझौता देश की आर्थिक संप्रभुता को कमजोर कर सकता है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब इस आंदोलन का नेतृत्व करने जबलपुर पहुंचेंगे। विरोध प्रदर्शन 13 अप्रैल को सुबह 11 बजे जबलपुर के सिविक सेंटर में एक विशाल आमसभा से शुरू होगा। इसके बाद कार्यकर्ता कलेक्टर कार्यालय का घेराव करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इस दौरान यश घनघोरिया ने कहा कि प्रदेश का युवा अब चुप नहीं बैठेगा।

### सब्जी विक्रेता पर चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लार्डगंज थानातंर्गत लटकारी के पड़ाव सब्जी मंडी में दो बदमाशों ने पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि गढ़ा फाटक जगदीश मंदिर निवासी दिनेश उर्फ शरद पटेल मंडी में सब्जी विक्रय का काम करता है।






### बाइक से गिरे युवक की मौत

**जबलपुर।** अधारताल पुलिस ने बताया कि पनागर धर्मशाला के समीप रहने वाला 40 वर्षीय अरविंद दाहिया बीती रात करीब साढ़े ग्यारह बजे शिवम अस्पताल के पास चलती गाड़ी से गिर गया था। जिसे मेडिकल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने अरविंद को मृत घोषित कर दिया।









हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**